राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 86, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली गुरुवार 12 अक्टूबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

श्रीराम भारतीय कला केंद्र 15 अक्टूबर से 5 नवंबर, तक वार्षिक नृत्य नाटक 'श्री राम' का .... पेज 03

गेट फांद कर अखिलेश ने जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण .... पेज 05

एशियन कप विजेता हॉकी टीम का अमृतसर हवाई अड्डे पर पहुंचने पर जोरदार स्वागत .... पेज 07

## 'मेरा युवा भारत' स्वायत्त इकाई के गठन को सरकार की मंजूरी

नयी दिल्ली। सरकार ने युवाओं में कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदारी, सेवाभाव और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवा ऊर्जा का सकारात्मक इस्तेमाल करने के लिए 'मेरा युवा भारत' नाम से एक स्वायत्त इकाई के गठन को बुधवार को मंजूरी दी ।

सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज यहां मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में बताया कि युवाओं की आकांक्षाओं को साकार करने और सभी युवाओं को समान अवसर देने के मकसद से इस संस्थान के गठन को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने युवा विकास और युवा नेतृत्व वाले विकास के लिए प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित एक व्यापक एवं सक्षम तंत्र के रूप में कार्य करने तथा युवाओं को समान अवसर प्रदान करने के लिए इस स्वायत्त इकाई का गठन किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, मेरा युवा भारत' का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं के विकास के लिए एक संपूर्ण और व्यापक मंच तैयार करना है जिसका संचालन खुद सरकार करे।

## ऋण ऐप्स के जाल में फंसकर 60 भारतीय कर चुके हैं खुदकुशी

### बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में भारत और चीन में इस घातक घोटाले से मुनाफा कमाने वालों को बेनकाब किया है

नयी दिल्ली। ऐप्स के जरिए तत्काल ऋण देकर लोगों फंसाने और इसके बाद उन्हें प्रताड़ित करने का गोरखधंधा भारत, एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के अन्य देशों में धड़ले से चल रहा है।

बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया है कि ऐसे ऐप्स के द्वारा दुर्व्यवहार और धमकी दिए जाने के बाद कम से कम 60 भारतीयों ने आत्महत्या कर ली है। बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में भारत और चीन में इस घातक घोटाले से मुनाफा कमाने वालों को बेनकाब किया है। बीबीसी ने एक पीड़ित आस्था सिन्हा का उल्लेख करते हुए अपनी रिपोर्ट में बताया है कि फोन पर अपनी मौसी की घबराई हुई आवाज सुनकर आस्था की नींद खुली।

आस्था की मौसी ने फोन पर कहा, अपनी माँ को घर से बाहर मत जाने दो।' सत्रह साल की आस्था आधी नींद में अपनी मां भूमि सिन्हा के कमरे में गयी, जहां उन्हें रोती हुयी और बेचैन देखकर घबरा गई।

आस्था की मांग मुंबई की एक प्रतिष्ठित वकील, मजाकिया और निडर महिला थीं। आस्था कहती हैं



कि वह टूट रही थी। घबराई हुई मां ने बेटी को बताना शुरू कर दिया कि सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज़ और संपर्क कहाँ हैं और वह दरवाजे से बाहर निकलने के लिए बेताब लग रही थी। आस्था जानती थी कि उसे उसे (भूमि) रोकना होगा। उसकी मौसी ने कहा था, उसे (भूमि) अपनी नज़रों से ओझल मत होने दो, क्योंकि वह अपना जीवन समाप्त कर लेगी।

आस्था अपनी मां भूमि को इतना परेशान देखकर घबरा गई।

उसे पता था कि उसकी मां को कुछ अजीब कॉल आ रही थीं और उस पर किसी का पैसा बकाया था, लेकिन उसे इस बात का अंदाजा नहीं था कि उसकी मां महीनों से उत्पीड़न और मनोवैज्ञानिक यातना से जूझ रही थी। आस्था की मां कम से कम 14 देशों में चल रही जालसाजी के साथ एक वैश्विक घोटाले का शिकार हो गई थी, जो लाभ कमाने के लिए लोगों की इज्जत से खिलवाड़ और ब्लैकमेल करता है।

इस प्रक्रिया में लोगों का जीवन को नष्ट हो जाता है। गौरतलब है कि ऐसे कई ऐप हैं, जो मिनटों में परेशानी मुक्त लोन देने का वादा करते हैं।

ऐसे ऐप्स एक बार डाउनलोड होने के बाद आपके संपर्क, फ़ोटो और आईडी कार्ड प्राप्त कर लेते हैं और बाद में उस जानकारी का उपयोग आपसे जबरन वसूली करने के लिए करते हैं।

## 6 राज्यों में पीएफआई के ठिकानों पर एनआईए ने की छापेमारी

### आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के चलते संगठन पर लग चुका बैन





नई दिल्ली। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी की टीम ने बुधवार को छह राज्यों यूपी, एमपी, राजस्थान, दिल्ली, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में छापेमारी की।

एजेंसी ने पिछले साल पीएम मोदी की बिहार यात्रा के दौरान गड़बड़ी पैदा करने से संबंधित एक मामले में छापेमारी की। ये सर्च ऑपरेशन पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) के 20 ठिकानों पर चला। पीएफआई को पिछले साल आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के चलते बैन कर दिया गया था।

### लखनऊ में 3 घरों में छापेमारी, गली को सील किया

यूपी के 5 शहरों लखनऊ, बारांबकी, बहराइच सीतापुर और हरदोई छापेमारी की। बताया जा रहा है कि छापेमारी केस नंबर 31/2022 के तहत की गई है। लखनऊ के मदेगंज के बड़ी पकरिया इलाके में सुबह 4 गाड़ियों से एनआईए की टीम पहुंची। पुलिस की टीम भी मौजूद है। अफसर डॉ. शमीम, ख्वाजा समेत 3 घरों में छानबीन कर रहे हैं। गली के दोनों तरफ सील कर दिया गया है।

### भोपाल के खानू गांव में एनआईए की रेड, संदिग्ध बुजुर्ग से 7 घंटे पूछताछ

नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने बुधवार सुबह भोपाल के खानू गांव में दबिश दी। यहां से एक बुजुर्ग को हिरासत में लिया। उसका नाम मुश्ताक खान (60) बताया जा रहा है। वह करीब एक साल पहले ही इस इलाके में रहने आया था। जांच एजेंसी को उसके पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया से संपर्क के इनपुट मिले हैं। 7 घंटे की पूछताछ के बाद बुजुर्ग को छोड़ दिया गया। इससे पहले एनआईए ने करीब दो महीने पहले जहांगीराबाद इलाके में छापेमारी की थी।


### राजस्थान में 3 शहरों में एनआईए की रेड

टोंक शहर में एनआईए की टीम ने बड़ा कुआ क्षेत्र में एक मकान पर छापेमारी की कार्रवाई की है। टीम ने संदिग्ध व्यक्ति और उसके परिवार से पूछताछ की है। हालांकि टीम ने किसी को गिरफ्तार नहीं किया है। करीब साढ़े तीन घंटे चली कार्रवाई व पूछताछ में संदिग्ध व्यक्ति और उसके परिवार से पूछताछ करके टीम वापस लौट गई है।

### सरकार ने पीएफआई पर 2022 में पांच साल का बैन लगाया

केंद्र सरकार ने पिछले साल 27 सितंबर को पीएफआई और उससे जुड़े 8 संगठनों पर पांच साल का बैन लगाया था। गृह मंत्रालय ने इन संगठनों को बैन करने का नोटिफिकेशन जारी किया था। संगठन के खिलाफ टेरर लिंक के सबूत मिले। केंद्र सरकार ने यह एक्शन यूएपीए के तहत लिया। सरकार ने कहा, पीएफआई और उससे जुड़े संगठनों की गतिविधियां देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हैं।

## चंद्रबाबू नायडू को मिली राहत, उच्च न्यायालय ने दी अग्रिम जमानत



अमरावती। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने अमरावती इनर रिंग रोड मामले में पूर्व सीएम और टीडीपी प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू को अग्रिम जमानत दे दी हैं। उनके द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिका पर बहस सुनने वाली अदालत ने अस्थायी जमानत दी और मामले में 16 अक्टूबर तक गिरफ्तारी न करने का अंतरिम आदेश जारी किया। कोर्ट ने ष्ट्ढ्ढष्ठ को अंगालू 307 मामले में कल तक कोई गिरफ्तारी नहीं करने का भी निर्देश दिया। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने सीआईडी विजयवाड़ा एसीबी कोर्ट द्वारा दायर इनर रिंग रोड याचिका पर पीटी वारंट पर रोक लगा दी। आरोप है कि आंध्र प्रदेश की 2014-2019 के बीच रही सरकार में उच्च अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त रहे और इस दौरान अमरावती के मास्टर प्लान की डिजाइनिंग और रिंग रोड और अन्य सड़कों को जोड़ने की योजना में धांधली की गई।

### 'पिंडदान'



गया के देवघाट में जर्मन नागरिक अपने पूर्वजों की आत्मा की मुक्ति के लिए 'पितृपक्ष' के दौरान 'पिंडदान' और 'तर्पण' अनुष्ठान करते हैं।

## न्यूजक्लिक फॉरेन फंडिंग केस में सीबीआई ने जांच शुरू की

### पुरकायस्थ के घर पहुंची, पत्नी से पूछताछ; वेबसाइट पर चीन से पैसे लेने का आरोप

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित तौर पर विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के उल्लंघन को लेकर समाचार पोर्टल 'न्यूज़क्लिक'के खिलाफ मामला दर्ज किया है और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दो स्थानों पर तलाशी ली है। सीबीआई सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

इस महीने की शुरुआत में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया था और न्यूज़क्लिक से जुड़े कई पत्रकारों के आवास पर छापेमारी की थी। इसके बाद पुलिस ने इस सिलसिले में दो लोगों प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया।

दिल्ली पुलिस ने पहले कहा था कि परिसर में कुल 37 पुरुष और नौ महिला संदिग्धों से उनके रहने के स्थानों पर पूछताछ की गई। पुलिस ने पहले कहा था कि कुछ डिजिटल उपकरणों और दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया है।

उधर, न्यूज़क्लिक ने एक्स पर लिखा, सीबीआई वर्तमान में न्यूज़क्लिक कार्यालय और हमारे प्रधान संपादक के आवास पर तलाशी और जब्ती अभियान चला रही है। यह पांचवीं एजेंसी है जो हमारी जांच कर रही है। हम अधिकारियों के साथ सहयोग कर रहे हैं।

### सीबीआई सहित 5 एजेंसियां कर रहीं मामले की जांच

न्यूजक्लिक के खिलाफ सीबीआई सहित पांच एजेंसियां जांच कर रही हैं। सबसे पहले दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एफआईआर दर्ज की थी। उससे पहले दिल्ली पुलिस इकोनॉमिक ऑफेंस विंग, प्रवर्तन निदेशालय और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट इस केस से जुड़े अलग-अलग मामलों में जांच कर रही थी। सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने न्यूजक्लिक के खिलाफ फॉरेन कॉन्ट्रिब्यूशन रेगुलेशन एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

## शाही मस्जिद की पूरी जमीन देने की याचिका खारिज

### मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला



प्रयागराज/मथुरा। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद में दाखिल जनहित याचिका को खारिज कर दिया। जनहित याचिका में विवादित परिसर हिंदुओं को सौंपे जाने के साथ ही पूरी भूमि का अधिग्रहण कर ट्रस्ट बनाने और हिंदुओं को पूजा की छूट देने की मांग को लेकर यह याचिका दाखिल की गई थी।

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि तकरीबन ऐसी ही मांग को लेकर डेढ़ दर्जन सिविल सूट यानी मुकदमे हाईकोर्ट में पेंडिंग हैं, इसलिए इस मामले को खारिज किया जाता है। इसी टेक्निकल ग्राउंड पर जनहित याचिका को खारिज कर दिया गया।

चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर और जस्टिस आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने यह आदेश पारित किया। इस मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने 4 सितंबर को अपना जजमेंट रिजर्व कर लिया था।

### 2020 में दायर की गई थी याचिका

याचिकाकर्ता वकील महक माहेश्वरी ने 2020 में दायर की गई इस जनहित याचिका में मुख्य रूप से दलील दी गई थी कि कई ऐतिहासिक ग्रंथों में दर्ज किया गया कि विचाराधीन स्थल वास्तव में कृष्ण जन्मभूमि है और यहां तक कि मथुरा का इतिहास रामायण काल से भी पहले का है। इस्लाम सिर्फ 1500 साल पहले आया है।

याचिका में यह भी दलील दी गई कि इस्लामिक न्यायशास्त्र के अनुसार यह एक उचित मस्जिद नहीं है, क्योंकि जबरन भूमि पर कब्जा कर मस्जिद नहीं बनाई जा सकती। वहीं हिंदू न्यायशास्त्र के अनुसार, एक मंदिर एक मंदिर है, भले ही वह खंडहर क्यों न हो।

## कुपोषित बच्चों की पहचान करेंगी आशा वर्कर्स

### 42 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों को मिली जिम्मेदारी; प्रोटोकॉल जारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आंगनवाड़ी स्तर पर कुपोषित बच्चों की पहचान, प्रबंधन के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति इरानी ने मंगलवार को प्रोटोकाल की शुरुआत की। प्रोटोकाल के अनुसार बिना चिकित्सीय जटिलताओं वाले गंभीर तीव्र कुपोषित (एसएएम) बच्चों का प्रबंधन पोषण पुनर्वास केंद्रों (एनआरसी) के बजाय आंगनवाड़ी केंद्रों में किया जाएगा।



### 42 हजार आंगनवाड़ी केंद्र संभालेंगे जिम्मेदारी

चिकित्सीय जटिलताओं वाले बाइलेटरल पिटिंग एडिमा से पीड़ित एसएएम बच्चों का प्रबंधन एनआरसी में किया जाएगा। कुपोषित बच्चों की पहचान और प्रबंधन के लिए विस्तृत कदम उठाने के लिए केंद्र ने मानकीकृत राष्ट्रीय प्रोटोकाल का मसौदा तैयार किया है। इस अवसर पर स्मृति इरानी ने कहा कि 42,000 मिनी आंगनवाड़ी केंद्रों को आंगनवाड़ी केंद्रों में बदल दिया गया है और इन केंद्रों के सभी उपकरणों का हर चार साल में नवीनीकरण किया जाएगा।

बाइलेटरल पिटिंग एडिमा में पैरों में सूजन आ जाती है। जब सूजन वाले स्थान पर दबाया जाता है तो वहां जैसी आकृति बन जाती है।

## एटीएस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया

### देवबंद में किराए का मकान लेकर रहे थे दोनों संदिग्ध, फर्जी प्रमाण पत्र हुए बरामद



सहारनपुर। फतवों की नगरी देवबंद से सहारनपुर एटीएस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। दोनों किराए पर कमरा लेकर रह रहे थे। दोनों के पास से भारत सरकार के आधार कार्ड, पेन कार्ड और अन्य दस्तावेज बरामद हुए है। जबकि वह बांग्लादेश के रहने वाले हैं। दोनों संदिग्धों को लखनऊ एटीएस के इनपुट पर उठाया गया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

### सहारनपुर मंडल और मेरठ के कई युवकों से था संपर्क

आरोपी पिछले कई सालों से देवबंद में रह रहे थे। एटीएस ने दोनों के मोबाइल चेक किए तो एक युवक के मोबाइल में पाकिस्तान के एक आतंकी संगठन के कई सदस्यों से बातचीत होना पाया गया है। सूत्रों का दावा है कि देवबंद में रहते हुए आरोपी सहारनपुर, मेरठ, मुजफ्फरनगर के कई युवकों के संपर्क में थे। अभी तक एटीएस ने इस मामले में कोई लिखा पढ़ी नहीं की है। वहीं, इस संबंध में एसएसपी विपिन ताडा का कहना है कि एटीएस ने दो युवकों को उठाया है, इस बारे में जानकारी नहीं है। यदि हमारे पास लिखा पढ़ी में कुछ आएगा तो बता दिया जाएगा।

### दोनों संदिग्धों को चल रही पूछताछ

आतंकियों को पनाह देने में देवबंद हमेशा से ही सुर्खियों में रहा है। यहां से समय-समय पर संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया जाता रहा है। बुधवार को देवबंद एटीएस ने मदीना कॉलोनी के एक मकान पर छापा मारा। यहां से दोनों आतंकियों को उठाया और अपने देवबंद कार्यालय में ले गई। दोनों आतंकियों के पास से एटीएस को एक लैपटॉप, दो मोबाइल, पेन कार्ड, आधार कार्ड मिले हैं। सभी दस्तावेज भारत के बने हुए है।

### छेड़छाड़

### हड्डियां टूटीं, 2 महीने से पीछा कर रहे थे; 3 पुलिसवाले सस्पेंड

## मनचलों ने छात्रा को ट्रेन के आगे फेंका : हाथ-पैर कटे

बरेली। बरेली में छेड़खानी का विरोध करने पर मनचलों ने 12वीं की छात्रा को ट्रेन के आगे फेंक दिया। उसके दोनों पैर और एक हाथ कट गया। छात्रा को रोहिलखंड मेडिकल कॉलेजल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर है। डॉक्टर ने बताया कि छात्रा का ऑपरेशन किया गया है। उसकी कई हड्डियां भी टूटी हैं। अभी आईसी में है।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम छात्रा कोचिंग से घर जा रही थी। लेकिन, देर शाम तक घर नहीं पहुंची। परिवार वाले उसे तलाशने के लिए निकले। इसी बीच छात्रा के चचेरे भाई को पता चला कि घर से करीब एक



किमी दूर सीबीगंज में खड़ौआ रेलवे क्रॉसिंग के पास छात्रा लहूलुहान हालत में पड़ी थी। उसने पहुंचकर परिवार को सूचना दी।

आस-पास लोगों की भीड़ लगी थी। इस बीच लड़की का चचेरा भाई भी वहां पहुंच गया। उसे बताया गया कि एक युवक ने छात्रा को ट्रेन के आगे धक्का दे दिया। परिजन भी मौके पर पहुंचे। रात 10 बजकर 40 मिनट पर छात्रा को अस्पताल में भर्ती कराकर पुलिस को सूचना दी गई।

परिवार ने बताया कि वह साइकिल से कोचिंग गई थी, लेकिन उसकी साइकिल नहीं मिली है।

### एक आरोपी और उसके पिता को अरेस्ट किया

छात्रा के साथ हुई इस घटना का सीएम योगी ने संज्ञान लिया है। इसके बाद इंस्पेक्टर सीबीगंज अशोक कुमार, चौकी इंचार्ज दरोगा नितेश शर्मा और बीट सिपाही आकाशदीप को सस्पेंड कर दिया गया है। पुलिस लाइन में तैनात राधेश्याम को सीबीगंज इंस्पेक्टर बनाया गया है। डीएम रविंद्र कुमार अस्पताल पहुंचे, तो पीड़ित छात्रा के पिता रोने लगे। सरकार ने छात्रा के इलाज का पूरा खर्च उठाने की बात कही है। 5 लाख रुपए आर्थिक मदद दी गई है।

एसपी सिटी राहुल भाटी का कहना है कि शुरुआती जांच के बाद एक लड़के और उसके पिता को अरेस्ट किया गया है। वहीं छात्रा की हालत गंभीर बनी हुई है।

उसे निजी अस्पताल से रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। छात्रा के साथ उसके परिजन आईसीयू में हैं।

### जहां कोचिंग थी, वहां से 500 मीटर दूर थी रेलवे लाइन

छात्रा की कोचिंग से घटनास्थल वाली रेलवे लाइन की दूरी 500 मीटर है। ऐसे में छात्रा वहां तक कैसे पहुंची? यह वारदात है या हादसा? इन बिंदुओं की पुलिस जांच कर रही है। हादसे वाली जगह पर आस-पास कैमरे नहीं मिले हैं। लेकिन छात्रा के घर से लेकर कोचिंग सेंटर तक पुलिस कैमरों की जांच कर रही है। ताकि पता चल सके कि आरोपी छात्रा से कब मिले? वह कहां से पीछा कर रहे थे।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
गुरुवार 12 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## कांग्रेस ने नहीं किया है शिवराज के संबंध में ट्वीट, ईश्वर उन्हें दीर्घायु करे



मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संबंध में हुई एक अप्रिय सोशल मीडिया पोस्ट के संदर्भ में कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ ने आज कहा कि ईश्वर चौहान को दीर्घायु दे और कांग्रेस ने उनके संबंध में कोई पोस्ट नहीं की है। कमलनाथ ने एक्स पर चौहान को संबोधित करते हुए पोस्ट किया, ईश्वर आपको दीर्घायु दे। मेरी समझ में यह नहीं आता कि आपको हर चीज के पीछे कांग्रेस पार्टी ही क्यों नजर आती है ? कांग्रेस पार्टी की ओर से वैसा कोई भी ट्वीट नहीं किया गया है,जैसा कि आप जिक्र कर रहे हैं।

## शार्ट न्यूज

### 600 करोड़ के चावल घोटाला मामले में हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने 600 करोड़ रुपये के कथित चावल घोटाला मामले में सरकार को नोटिस जारी कर तीन सप्ताह में जवाबी हलफनामा दायर करने के निर्देश दिये हैं। हल्द्वानी निवासी गोपाल चंद्र बनवासी की ओर से दायर जनहित याचिका पर मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया उधमसिंह नगर जिले में वर्ष 2016 और 2017 में 600 करोड़ रूपये का चावल घोटाला सामने आया था। चार सदस्यीय विशेष अन्वेषण दल (एसआईटी) की रिपोर्ट में घोटाले की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट में सरकार से इस प्रकरण की विस्तृत जांच की मांग की गयी। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि इसके बावजूद सरकार की ओर कोई इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की गयी। याचिकाकर्ता की ओर से यह भी कहा गया कि विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत चावल खरीद योजना के तहत इस घोटाले को अंजाम दिया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत से इस मामले की विस्तृत जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गयी। अदालत ने अंत में सरकार को नोटिस जारी कर तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। इस मामले में सात नवम्बर को सुनवाई होगी।

### हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन बोर्ड की 1041 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उद्योग जगत हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन नीति–2020 के तहत राज्य के युवाओं के लिए 75 प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराएं तथा राज्य जीएसटी संग्रहण में भी वृद्धि हो। खट्टर ने बुधवार को यहां बोर्ड की 15वीं बैठक की अध्यक्षता की जिसमें 1041 करोड़ रुपये के निवेश की चार परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में उप–मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, वन एवं पर्यावरण मंत्री कंवरपाल, श्रम राज्यमंत्री अनूप धानक भी उपस्थित थे। आईएमटी रोहतक में जेवी एसोसिएट को 100 एकड़ अतिरिक्त भूमि में अनुसंधान एवं विकास के विस्तार की भी मंजूरी दी गई। बैठक में उद्यम प्रोत्साहन नीति के तहत निर्धारित पूंजी निवेश पर निवेशक कम्पनियों को 119.54 करोड़ रुपये के विशेष सब्सिडी पैकेज को भी स्वीकृति प्रदान की गई, जिसमें बिजली, राज्य जीएसटी, स्टाम्प ड्यूटी में छूट इत्यादि शामिल है। बैठक में मुख्य सचिव संजीव कौशल, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, प्रधान सचिव वी. उमाशंकर, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महानिदेशक शेखर विद्यार्थी के अलावा अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### पित्ताशय कैंसर का रोबोटिक पद्धति से उपचार

जोधपुर। राजस्थान में पहली बार रोबोटिक सर्जरी द्वारा पित्ताशय के कैंसर का पूर्ण इलाज किया गया है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जोधपुर में सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. वैभव वार्ष्णेय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विभाग में आए जालौर जिले के 61 वर्षीय व्यक्ति की पूर्णरूप से रोबोटिक रेडिकल कोलेसिस्टेक्टोमी सर्जरी की गई। इस सर्जरी में मरीज की पित्ताशय, लिवर का एक हिस्सा हटा दिया गया। सर्जरी साढ़े तीन घंटे तक चली जो केवल चार आठ–मिमी छोटे चीरों और न्यूनतम रक्तस्राव के साथ की गई। उन्होंने बताया कि मरीज ने अगले दिन से ही बिना किसी परेशानी के खाना लेना शुरू कर दिया और दो दिनों के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पहली बार रोबोटिक सर्जरी द्वारा पित्ताशय के कैंसर का पूर्ण इलाज किया गया है। एम्स जोधपुर के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर माधवानंद कर ने पूरी सर्जिकल टीम को बधाई देते हुए कहा कि हेपेटोबिलरी कैंसर के इलाज के लिए मिनिमली इनवेसिव विधि रोगियों के लिए बहुत ही सुरक्षित और फायदेमंद है। रोबोटिक विधि का उपयोग करके सर्जरी छोटे चीरों के माध्यम से की जा सकती है। ऑपरेशन के बाद मरीज को अपेक्षाकृत दर्द कम होता है, जिससे उसकी रिकवरी जल्दी से होती है।

### एमएसपी के लिए किसान लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

पाली। राजस्थान में किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की गारंटी के कानून के लिए विधानसभा चुनाव लड़ने का निश्चय किया है। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर देश की खुशहाली के लिए एमएसपी पर खरीद की गारंटी के लिए पाली जिले के सोजत में बुधवार को किसानों ने अबकी बार एमएसपी सरकार के आधार पर चुनाव लड़ने का शंखनाद किया। इसके लिए सोजत विधानसभा के सैकड़ों किसान कार्यालय उपखंड अधिकारी के सामने एकत्र हुए। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने देश की खुशहाली के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की गारंटी के कानून को अपरिहार्य बताया तथा उन्होंने स्पष्ट किया कि देश की खुशहाली के लिए किसान की एमएसपी अनिवार्य शर्त है। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान भारत की समृद्धि का रास्ता खेत और खलिहान की पगडंडी में होकर जाता है। जिसे स्वतंत्रता के उपरांत भी सरकारों ने अपनाया नहीं बल्कि उसके विपरीत जिस रास्ते का चुनाव किया वह अंतहीन अंधेरी गुफा में जाने वाला है। सभा का आयोजन किसान महापंचायत के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष भरत लाल चौधरी ने किया।

### किशनगढ़ हवाईअड्डे से शुरू होगी नई हवाई सेवा

अजमेर । राजस्थान में अजमेर जिले के किशनगढ़ हवाईअड्डे से नई हवाई सेवा 29 अक्टूबर से शुरू होगी। किशनगढ़ हवाईअड्डे के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार हवाई सेवा प्रदाता कम्पनी स्टार एयर ने किशनगढ़– पूना तथा किशनगढ़–जोधपुर हवाई सेवा शुरू करने की तारीख और शिड्यूल जारी किया है। लम्बे समय से हवाई अड्डा यात्रियों के लिये तरस रहा था , लेकिन अब फिर से हवाई अड्डे पर रौनक लौटेगी ।स्टार एयर की ओर से जारी शिड्यूल के अनुसार 29 अक्टूबर को यात्री विमान पूना से किशनगढ़ के लिए सुबह 8.15 पर रवाना होगा और 10 बजे किशनगढ़ पहुंचेगा। वापसी में किशनगढ़ से शाम 7.15 पर रवाना होकर रात 9 बजे पूना पहुंच जायेगा। इस बीच यही विमान किशनगढ़ से जोधपुर की हवाई सेवा भी प्रदान करेगा। घोषित कार्यक्रम के अनुसार किशनगढ़ से दिन में 2.40 बजे रवानगी लेकर 3.15 बजे जोधपुर पहुंच कर वापसी में जोधपुर से सायं 4 बजे उड़ान भरेगा और 4.55 पर किशनगढ़ उतरेगा ।इस तरह पूना से किशनगढ़ और किशनगढ़ से जोधपुर तक के हवाई यात्रियों को कनेक्टिविटी सुलभ हो सकेगी।

### बेकाबू कार की टक्कर से तीन की मौत

अलवर। राजस्थान में अलवर जिले के मालाखेड़ा थाना अंतर्गत आज बेकाबू कार से राजगढ़ सड़क मार्ग पर दो स्थानों पर सड़क दुर्घटना हो गई जिसमें कार चालक सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि महवा निवासी अजरु पुत्र तैयब अपनी कार से अलवर से राजगढ़ की तरफ जा रहा था तभी सोनपुर पुलिया के पास उसने एक बाइक को टक्कर मार दी। घटना में राजाजी निवासी 20 वर्षीय चंद्र मोहन की घटना स्थल पर मौत हो गई और इसके बड़े भाई 22 वर्षीय वेद प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे अलवर के अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने उसे भी मृत्यु घोषित कर दिया। जैसे यह दुर्घटना हुई तो आसपास के लोग इस कार का पीछा करने लगे। कार चालक अपनी गाड़ी को तेज भगाने लगा तो इसने कलसाड़ा मोरी पर एक बाइक को टक्कर मारी जिसमें महेंद्र यादव और हंसराज गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका अलवर के अस्पताल में इलाज चल रहा है। इसके बाद जैसे ही कार चालक अपनी गाड़ी को भगा रहा था तभी असंतुलित होकर उसकी गाड़ी पलट गई। घटना में खुद कार चालक अजरू की भी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने चंद्र मोहन के शव को मालाखेड़ा अस्पताल में रखवा दिया जबकि मृतक कार चालक अजरू और बाइक सवार वेद प्रकाश के शव को अलवर के सामान्य अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है।

# बालासोर ट्रेन हादसा, 28 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार हुआ

## एम्स भुवनेश्वर ने नगर निगम को सभी डेड बॉडी डिस्पोज करने की जिम्मेदारी दी थी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालासोर ट्रेन हादसे के 4 महीने बाद 28 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। भरतपुर शवागार में मंगलवार शाम से शुरू हुई प्रक्रिया बुधवार सुबह पूरी हो गई। इस दौरान सीबीआई के अधिकारी भी मौजूद रहे। एम्स भुवनेश्वर ने नगर निगम को सभी डेड बॉडी डिस्पोज करने की जिम्मेदारी दी थी।

पहले तीन शवों को तीन महिलाओं ने मुखाग्नि दी। मधुमिता फ्रुस्टी (37), स्मिता मोहंती (53) और स्वागतिका राव (34) ने बताया- ये शव पुरुषों के थे या महिलाओं के, इनका धर्म या जाति क्या थी हम नहीं जानते। वे इंसान थे और इसी नाते हमने उन्हें सम्मान के साथ विदा किया। हो सकता है ये लोग पूर्वजन्म में हमारे संबंधी रहे हों।

बीएमसी की मेयर सुलोचना दास ने बताया- ये शव पिछले चार महीने से डीप फ्रीजर में रखे–रखे बर्फ में तब्दील हो गए थे। पहचान करना मुश्किल था कि शव महिला का है या पुरुष का। शवों को मुखाग्नि देने और बाद में फूल चुनने के लिए एक एनजीओ की मदद ली गई।

इसी साल 2 जून को बालासोर में 3 ट्रेनों की टक्कर में 297 लोगों की मौत हुई थी। इसमें 269 शवों को उनके घरवाले ले गए। कई लोगों की पहचान डीएनए टेस्ट के आधार पर की गई। हालांकि, जून से 28 शव एम्स में ही रखे हुए थे।

इन शवों को पारादीप पोर्ट ट्रस्ट से खरीदे गए 5 डीप फ्रीजर कंटेनरों में रखा गया था।

### ऐसे हुआ था हादसा

2 जून की शाम को चेन्नई जा रही कोरोमंडल एक्सप्रेस मेन लाइन की बजाय लूप लाइन में चली गई, जहां मालगाड़ी खड़ी थी। ट्रेन मालगाड़ी से टकरा गई। कोरोमंडल और मालगाड़ी की कुछ बोगियां बगल के ट्रैक पर बिखर गईं। इसके थोड़ी देर बाद ही ट्रैक पर बिखरे डिब्बों से हावड़ा–बेंगलुरु एक्सप्रेस टकरा गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, हादसे में 293 से ज्यादा लोगों की मौत हुई और 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए। सीबीआई ने 7 जुलाई को सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण कुमार मोहंता, सेक्शन इंजीनियर मोहम्मद आमिर खान और टेक्नीशियन पप्पू कुमार गिरफ्तार किया था। इन तीनों पर गैर–इरादतन हत्या और सबूत मिटाने का आरोप है। 11 जुलाई को कोर्ट ने इन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। साथ ही एजेंसी ने 6 सितंबर को 7 रेलवे अफसरों को सस्पेंड कर दिया, जिनमें गिरफ्तार हुए 3 कर्मचारी भी शामिल हैं। वहीं दुर्घटना के बाद रेलवे के आला अफसरों का ट्रांसफर भी किया गया।

## मुर्मु जम्मू–कश्मीर के दो दिवसीय दौरे पर पहुंची

श्रीनगर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जम्मू–कश्मीर के दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को यहां पहुंचीं। मुर्मु का श्रीनगर हवाई अड्डे पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जोरदार स्वागत किया। केन्द्रशासित प्रदेश की पहले दौरे पर राष्ट्रपति को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राष्ट्रपति आज श्रीनगर में कश्मीर विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी। वह दीक्षांत समारोह की मुख्य अतिथि के तौर पर भाषण देंगी और उत्कृष्ट विद्वानों को डिग्री तथा पदक प्रदान करेंगी। उपराज्यपाल और कश्मीर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति सिन्हा समारोह की अध्यक्षता करेंगे। राष्ट्रपति मुर्मु दिन के दौरान यहां राजभवन में स्थानीय जनजाती समूहों और महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के साथ बातचीत भी करेंगी। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि वह राजभवन में उनके सम्मान में आयोजित एक नागरिक अभिनंदन समारोह में भी शामिल होंगी। राष्ट्रपति गुरुवार को माता वैष्णो देवी मंदिर जाएंगी, जहां वह पुनर्निर्मित पार्वती भवन और स्काईवॉक का उद्घाटन करेंगी।

## पवित्र हेमकुण्ड साहिब के कपाट शीतकालीन के लिए हुये बन्द



**चमोली।** समुद्र तल से 14,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित उत्तराखंड के चमोली जिले के उच्च हिमालय में स्थित सिख आस्था के प्रमुख तीर्थ श्री हेमकुण्ड साहिब के कपाट बुधवार को शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। बुधवार को 10 बजे सुखमणि साहिब पाठ के साथ श्री हेमकुण्ड साहिब के कपाट बन्द की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। सुखमणि साहब के पाठ के बाद गुरु वाणी, शबद कीर्तन, साल की अंतिम अरदास हुई ? हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा प्रबंधक ट्रस्ट के अध्यक्ष सरदार सेवा सिंह और गोविंद घाट गुरुद्वारा के मुख्य सरदार सेवा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया हुक्मनामा पढ़ने के पश्चात आखिरी में पंच प्यारों और सेना के इंजीनियर कोर की बैंड की अगुवाई में श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी को सर्च खंड में सुशोभित किया गया। अपराह्न एक बजे शीतकाल के लिए श्री हेमकुंड साहिब के कपाट बन्द किए गए।

इस अवसर पर लगभग 2500 से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने की इस अलौकिक बेला के साक्षी बने। पवित्र निशान साहिब एवं कपाट बंद होने के अवसर पर मौजूद सभी यात्रियों को सकुशल गोविन्दघाट लाया गया। इस वर्ष 20 मई को प्रारम्भ हुई श्री हेमुकण्ड साहिब की यात्रा में एक लाख 95हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने श्री हेमकुण्ड साहिब जी के सकुशल दर्शन किये।, हेमकुंड साहिब यात्रा सकुशल सम्पन्न होने पर हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा कमेटी ट्रस्ट के अध्यक्ष सरदार नरेन्द्र जीत सिंह बिन्द्रा व गुरुद्वारा के मुख्य प्रबंधक सरदार सेवा सिंह ने उत्तराखंड सरकार , चमोली प्रशासन , चमोली पुलिस का आभार व्यक्त किया है। सभी ने यात्रा को सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण योगदान किया है। उत्तराखंड सरकार , चमोली प्रशासन , चमोली पुलिस एस डी आर एफ ने बर्फबारी, कड़कती ठंड, बारिश एवं आपदा के समय विपरीत परिस्थिति में भी हेमुकण्ड साहिब की यात्रा पर आये श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल एवं सुगम बनाया।

## अभिषेक की पत्नी रुजिरा ईडी के सामने हुई पेश

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं के संबंध में तृणमूल कांग्रेस के महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुजिरा बनर्जी बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जांच अधिकारियों के सामने पेश हुईं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ईडी के समन के अनुसार बनर्जी सुबह करीब 11 बजे साल्ट लेक के सीजीओ कॉम्प्लेक्स पहुंची। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी योग्य उम्मीदवारों को वंचित करके अयोग्य उम्मीदवारों को स्कूलों में नौकरियों के लिए कथित नकदी के लेन–देन की जांच कर रही है। यह पहली बार है कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे व डायमंड हार्बर लोकसभा सदस्य बनर्जी की पत्नी इस मामले में संघीय जांच एजेंसी के सामने पेश हुईं। मामले की निगरानी कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा की जा रही है। रुजिरा बनर्जी इससे पहले राज्य में कथित कोयला तस्करी मामले में जांच एजेंसी के सामने पेश हुई थीं। ईडी ने चार अक्टूबर को रुजिरा बनर्जी को 11 अक्टूबर को अपने जांच अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए बुलाया था।

## शिवराज पत्नी संग पधारे परमार्थ निकेतन, लिया आर्शीवाद



**ऋषिकेश।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनकी धर्मपत्नी साधना सिंह बुधवार को उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित परमार्थ निकेतन पहुंचे। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती से भेंट कर आशीर्वाद लिया तथा वेदमंत्रों और शंख ध्वनि के साथ माँ गंगा का पूजन और अभिषेक किया। साथ ही विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा भी की।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने मुख्यमंत्री चौहान को नटराज अवार्ड से सम्मानित किया। स्वामी जी ने कहा कि भारत के ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन और आपके नेतृत्व में ओंकारेश्वर, मान्धाता पर्वत में एकात्मता की मूर्ति का अनावरण तथा अद्वैत लोक का भूमि पूजन एवं शिलापूजन आदि जो कार्य हुये वे वास्तव में अद्भुत है। आपके नेतृत्व में संस्कृति के ये कार्य निरंतर आगे बढ़ते रहें तथा राष्ट्र प्रथम और राष्ट्रीयता की भावना को प्रसारित करने वाले संदेश सर्वत्र प्रसारित हो। समाज में समानता, सद्भाव व समरसता का संदेश आदि गुरू शंकराचार्य जी ने दिया और उस परम्परा को श्री मोदी जी आगे बढ़ा रहे हैं यह संदेश इसी तरह बढ़ता रहे, यह बहुत जरूरी है।

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विशेष चर्चा करते हुये स्वामी जी ने माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं वर्तमान सरकार को धन्यवाद देते हुये कहा कि वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम की ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2023 में भारत 146 देशों में 127 वें स्थान पर है। वर्ष 2022 में भारत के 146 देशों में 135वें पायदान पर रखा गया था।

## भाजपा के सत्ता में आने पर आदिवासियों को 10 प्रतिशत आरक्षण देंगे : किशन



**मुलुगु (तेलंगाना)।** केंद्रीय पर्यटन मंत्री और तेलंगाना के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने बुधवार को अगले विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर राज्य में आदिवासियों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का वादा किया।

मुलुगु जिले में एक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान केंद्रीय मंत्री ने तेलंगाना में जनजातीय केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए 900 करोड़ रुपये रुपये की पहली किस्त आवंटित करने के लिए प्रधान मंत्री का आभार व्यक्त किया। विश्वविद्यालय का नाम देवी सम्मक्का और सरलम्मा के नाम पर रखा गया है। रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार देश भर में आदिवासियों की संस्कृति और परंपराओं की रक्षा करने और आदिवासी नायकों के बलिदान का सम्मान करने के लिए समर्पित है। उन्होंने आदिवासी कल्याण के लिए सरकार द्वारा शुरू किये गये विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

रेड्डी ने यह भी खुलासा किया कि हैदराबाद में एक आदिवासी स्मारक संग्रहालय के निर्माण के लिए केंद्र सरकार 25 करोड़ रुपये का बजट उपलब्ध करायेगी और आदिवासी अनुसंधान संस्थान की स्थापना के लिए 6.5 करोड़ रुपय देगी।

इसके अलावा उन्होंने मुलुगु जिले में रुद्रेश्वर मंदिर (रामप्पा गुड़ी) के लिए यूनेस्को मान्यता हासिल करने में प्रधान मंत्री के प्रयासों को जिक्र किया।

## इंदौर के व्यवसायी से बड़ी मात्रा में सोना चांदी के आभूषण जब्त

बड़वानी । मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले में आज रात स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) ने इंदौर के एक व्यापारी को बड़ी मात्रा सोने और चांदी के आभूषणों के साथ पकड़ा है। व्यापारी फिलहाल कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका है। आदर्श आचरण संहिता लागू होने के बाद जिले में यह पहली कार्रवाई है। सेंधवा के तहसीलदार तथा एआरओ मनीष पांडेय ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र एसएसटी ने मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र सीमा पर बनाए गए चेक पोस्ट पर एक कार को रोका।

## अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा में 300 से अधिक देवता भाग लेंगे : ठाकुर

नयी दिल्ली/शिमला। हिमाचल प्रदेश सरकार और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषदके संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को नयी दिल्ली में 'भारत अंतर्राष्ट्रीय नृत्य और संगीत महोत्सव' के 9वें संस्करण तथा अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा महोत्सव–2023 को समर्पित एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हिमाचल के पर्यटन, वन, ऊर्जा व परिवहन के मुख्य संसदीय सचिव एवं अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर ने इस अवसर पर अंतराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा महोत्सव की भव्य झलक प्रदान करने के लिए कर्टन रेजर टीज़र और एक पुस्तिका जारी की। ठाकुर ने पत्रकारों से बातचीत करते बताया कि 17वीं शताब्दी से चला आ रहा अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा महोत्सव इस वर्ष 24 से 30 अक्टूबर तक कुल्लू में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समारोह प्रसिद्ध रघुनाथ जी की रथ यात्रा के साथ शुरू होगा और 300 से अधिक स्थानीय देवता इस विशाल कार्यक्रम में भाग लेंगे। उत्सव का मुख्य आकर्षण 25 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय कल्चरल परेड और 30 अक्टूबर को कुल्लू कार्निवाल का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा महोत्सव का एक प्रमुख आकर्षण है।

## उत्तराखंड महिला आरक्षण कानून को हाईकोर्ट में चुनौती



नैनीताल। उत्तराखंड में महिलाओं को सरकारी सेवा में मिलने वाले क्षैतिज आरक्षण की संवैधानिक वैद्यता को उच्च न्यायालय में चुनौती दी गयी है। अदालत ने फिलहाल सरकार से छह सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है।

मामले को उत्तराखंड संयुक्त राज्य इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा, 2021 में शामिल उम्मीदवार काजल तोमर की ओर से चुनौती दी गयी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पकंज पुरोहित की युगलपीठ में हुई।

याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि सरकार ने इंजीनियरिंग के पदों को भरने के लिये वर्ष 2021 में विज्ञप्ति जारी की लेकिन 2022 में सरकार ने उत्तराखंड की महिलाओं के लिये अधिवास के आधार पर 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने का निर्णय लिया। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता डा0 कार्तिकेय हरिगुप्ता ने अदालत को बताया कि महिला उम्मीदवारों को अधिवास के आधार पर दिया जाने वाला आरक्षण संविधान के अनुच्छेद 16 का उल्लंघन है। राज्य विधानमंडल के पास ऐसा कानून बनाये जाने की कोई विधायी शक्ति नहीं है।

## अवैध तस्करी करने वाले व्यक्ति से 1195 ग्राम सोना बरामद

अलवर। राजस्थान में अलवर जिले की नौगावा थाना क्षेत्र में पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान एक व्यक्ति से करीब 1200 ग्राम सोना बरामद किया है । जिसकी बाजार में कीमत एक करोड रुपए है। जिला पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को मध्यनजर रखते हुए कल रात नोगावा के पास हरियाणा राजस्थान नाका पोईन्ट पर नाकाबन्दी की जाकर सर्दिग्ध वाहनो को चैक किया जा रहा था। तो एक सदिग्ध वाहन को रोका । कार में सवार व्यक्ति की तलाशी ली गई तो व्यक्ति अरबाज मेव उम्र 22 साल निवासी गांवडी पुलिस थाना जुरहेरा जिला डीग के पास से दो सोने की बिस्कूट बरामद किए जिसका वजन 1195 ग्राम मिला।

## केंद्र को बंगाल के मनरेगा निधि में बकाया पर हलफनामा दाखिल करने का आदेश



कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने दो अलग–अलग जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए केंद्र को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा लंबे समय से केंद्र प्रायोजित मनरेगा योजना के धन का कथित रूप से भुगतान न करने के मामले में हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है।

अदालत के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। न्यायालय ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) अधिनियम केन्द्र सरकार की ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना है।

गरीबी उन्मूलन योजना को लेकर राज्य सरकार और केंद्र के बीच लंबे समय से वाद प्रतिवाद चल रहा है। जबकि राज्य ने केंद्र पर कथित राजनीतिक विचार के लिए धन रोकने का आरोप लगाया है। केंद्र ने हालांकि बंगाल सरकार पर व्यय की ऑडिट रिपोर्ट साबित नहीं करने के साथ–साथ आवंटित धन को हड़पने के लिए लाखों फर्जी जॉब कार्ड जारी करने का आरोप लगाया है।

दो अलग–अलग जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने मंगलवार को केंद्र सरकार को पश्चिम बंगाल सरकार को कथित रूप से लंबित मनरेगा योजना निधि के संबंध में अपना हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की अध्यक्षता वाली कलकत्ता उच्च न्यायालय की खंडपीठ जनहित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इस मामले की अगली सुनवाई 16 अक्टूबर (सोमवार) को होगी।

राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मनरेगा फंड की कथित हेराफेरी की केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग करते हुए जनहित याचिका दायर की, वहीं कृषि मजदूरों के एक संघ ने बकाया राशि का तत्काल भुगतान करने की मांग की।

## बहुचर्चित उद्यान घोटाला में सुनवाई पूरी, हो सकते हैं सीबीआई जांच के निर्देश

एजेंसी

नैनीताल। उत्तराखंड के बहुचर्चित उद्यान घोटाले की जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से करायी जा सकती है। इस मामले में बुधवार को सुनवाई पूरी हो गयी है। मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली पीठ ने सीबीआई जांच के संकेत देते हुए इस प्रकरण में निर्णय सुरक्षित रख लिया है।

हल्द्वानी निवासी दीपक करगेती की ओर से दायर जनहित याचिका पर मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में सुनवाई हुई। अदालत ने विशेष अन्वेषण दल (एसआईटी) की ओर से पेश जांच रिपोर्ट का आज परीक्षण किया।

अदालत जांच रिपोर्ट से संतुष्ट नजर नहीं आयी। इस प्रकरण में आज मैराथन सुनवाई हुई। लगभग पौने दो घंटे चली सुनवाई में अदालत ने जांच रिपोर्ट पर कई सवाल उठाये। अदालत ने कहा कि सरकार इस मामले में आंख मूंद कर बैठी रही लेकिन जब मामला उच्च न्यायालय में आया और सीबीआई जांच की मांग होने लगी तो सरकार हरकत में आयी और उसने मामला एसआईटी को सौंप दिया।



याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि करोड़ों रूपये के कथित उद्यान घोटाले में सत्ताधारी दल का एक विधायक और उसका भाई भी शामिल है। याचिकाकर्ता की ओर से नैनीताल जनपद का उदाहरण देते हुए कहा गया कि उद्यान विभाग में फलदार पौधों के नाम पर गड़बड़ी पायी गयी है।

दूसरी ओर महाधिक्ता एसएन बाबुलकर ने अदालत में पेश हुए और उन्होंने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि सरकार इस मामले में गंभीर है और जांच रिपोर्ट में आये तथ्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

## विपक्षी नेता एसवाईएल पर अपनी गलतियां न भूले, पंजाब नहीं देगा एक बूंद पानी : भगवंत

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष सुनील जाखड़, शिरोमणि अकाली दल (शिअद) अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर राजा वड़िंग और विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा को आज नसीहत दी कि वे सतलुज–यमुना सम्पर्क नहर मसले पर मगरमच्छी आँसू बहाने से पहले वे अपने पूर्व नेताओं की पंजाब के साथ की गई कथित गद्दारी को ज़रूर याद रखें। मान ने बुधवार को इन नेताओं पर हमला बोलते हुये कहा कि वे राज्य के लोगों को गुमराह करने के लिए नौटंकी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सर्वविदित है इन नेताओं के पुरखों ने एसवाईएल नहर मामले में ऐसे गुनाह किये हैं जो माफी योग्य नहीं हैं। इन्होंने कथित तौर पर पंजाब और यहाँ की नौजवान पीढ़ी के रास्ते में काँटे बो दिये हैं। इन नेताओं ने कहा कि अपने निजी लाभ के ख़ातिर इन नेताओं ने इस नहर के निर्माण के लिए न केवल सहमति दी बल्कि इसके लिये योजना बना कर इसे लागू भी किया।

## शार्ट न्यूज

### नोएडा में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा में महिला को घर में बंधक बनाकर लूट के मामले में फरार चल रहे बदमाशों से बिसरख पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से तीनों बदमाश घायल हो गए। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के कब्जे से लूट के 1.7 लाख रुपए की नगदी, ज्वेलरी, मोबाइल, तमंचा और चोरी की कार बरामद हुई है। बिसरख पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो दिन पहले लूट की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश दोबारा से किसी वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहे हैं। इसी सूचना पर पुलिस एस सिटी पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक कार आती दिखी। जिसमें तीन लोग सवार थे। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन वह लोग नहीं रुके और पुलिस ने जब उनका पीछा किया तो उन्होंने अपनी गाड़ी को दौड़ा दिया और पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। इसके बाद वह अपनी गाड़ी को छोड़कर भागने लगे, इस दौरान तीनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। बदमाशों की पहचान गाजियाबाद निवासी बिट्टू कसाना, आजमपुर गढ़ी निवासी अखिल भाटी व बाबूगढ़ हापुड़ निवासी लव के रूप में हुई।

### महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस ने श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि को बुधवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। वे आत्मसमर्पण करने के लिए थाना वेव सिटी पर जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें डासना देवी मंदिर पर पहुंचकर रोक लिया। पुलिस ने मौके पर ही महामंडलेश्वर की गिरफ्तारी दिखाते हुए उन्हें हाथों हाथ जमानत देकर 41-ए का नोटिस दिया है। पुलिस ने यति महाराज से कहा है कि वो लखनऊ तक पदयात्रा भी न निकालें। दरअसल, महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि मंगलवार को गाजियाबाद में डीएम दफ्तर पर एक प्रोटेस्ट में शामिल होने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने उन्हें डासना देवी मंदिर पर ही पहुंचकर रोक लिया और प्रोटेस्ट में नहीं जाने दिया था। इस दौरान हुई धक्का-मुक्की में महामंडलेश्वर जमीन पर गिर गए। इस पूरे एपिसोड के बाद महामंडलेश्वर ने अपना वीडियो बयान जारी किया। इसमें उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर कुछ अपशब्द बोल दिए। पुलिस ने इसका संज्ञान लिया और बुधवार रात में महामंडलेश्वर पर गंभीर धाराओं में एक मुकदमा दर्ज कर लिया।

### सभासदों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

मोदीनगर। मोदीनगर में कस्बा पतला से उजैड़ा तक जाने वाले नाले से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर कस्बा पतला के सभासदों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर हंगामा किया। नाले की सफाई ना होने से 400 भूमि में पानी भरा हुआ। उपजिलाधिकारी ने इस मामले को लेकर सिंचाई विभाग की एक कमेटी का गठन किया है। कस्बा पतला से गांव उजैड़ा तक एक नाला जा रहा है। यह नाला बरसात का पानी नहर में डालता है। कस्बा पतला के लोगों का आरोप है कि गांव नगला आक्खू में नाले पर अतिक्रमण करके उसे बंद कर रखा है। जिस कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। पानी की निकासी ना होने के कारण जलभराव हो जाता है। जलभराव होने के कारण फसल नष्ट हो रही और आगे की बुवाई पर भी असर पड़ रहा है। मंगलवार को रालोद नेता योगेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में सभासदों का एक प्रतिनिधि मंडल उपजिलाधिकारी संतोष राय से मिला। प्रतिनिधिमंडल में शामिल सभासदों ने उपजिलाधिकारी को बताया कि जलभराव होने के कारण 400 बीघा कृषि भूमि में पानी भरा हुआ है। वर्ततान फसल नष्ट हो गई और आगे की बुवाई की स्थिति नहीं है। उन्होंने मांग की है कि यदि नाले से अतिक्रमण हटा दिया जाए, तो जलभराव की समस्या से निजात मिल जाएगी।

### गाजियाबाद में हिन्दू संगठनों ने डीएम दफ्तर घेरा

गाजियाबाद। गाजियाबाद में महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी पर थाना मसूरी में एफआईआर हुई है। ये एफआईआर डासना चौकी इंचार्ज प्रशांत गौतम ने दर्ज कराई है। दरअसल, आज यानी मंगलवार को यति नरसिंहानंद गिरी हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष भूपेंद्र तोमर उर्फ पिंकी चौधरी के समर्थन में डीएम दफ्तर पर हुए प्रोटेस्ट में शामिल होने जा रहे थे। पुलिस ने उन्हें जाने से रोक दिया। यहां पर यति ने वीडियो बयान जारी करके सीएम योगी आदित्यनाथ को लेकर अपशब्द कहे थे। जिस पर पुलिस ने ये कार्रवाई की है। हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष भूपेंद्र तोमर उर्फ पिंकी चौधरी के खिलाफ गुंडा एक्ट और हिस्ट्रीशीटर की कार्रवाई करने के खिलाफ गाजियाबाद में छ्ररू दफ्तर पर प्रदर्शन किया गया। पिंकी चौधरी कार्यकर्ताओं के कंधे पर बैठकर डीएम ऑफिस पहुंचे थे। देखो देखो कौन आया-शेर आया, शेर आया जैसे नारे लगाये गए। कार्यकर्ताओं में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर जबरदस्त गुस्सा देखने को मिला। इधर, डासना देवी मंदिर से पिंकी चौधरी को समर्थन देने जा रहे महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि को पुलिस ने वहीं रोक दिया था। इसे लेकर पुलिस और महामंडलेश्वर के बीच तीखी नोकझोंक हुई।

### 14 फीट ऊंची बनेगी मां दुर्गा की मूर्ति

ग्रेटर नोएडा। दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर विभिन्न समितियों ने तैयारी शुरू कर दी है। प्रतिमा बनाने के लिए बंगाल की हुगली नदी से मिट्टी लाकर प्रयोग की जा रही है। दुर्गा पूजा कार्यक्रम के लिए 20 हजार वर्ग फुट एरिया में पंडाल लगाया जा रहा है। कालीबाड़ी मंदिर परिसर में 19 से 24 अक्तूबर तक 23वां दुर्गा पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 14 फीट ऊंची मां दुर्गा की मूर्ति बनाई जाएगी। ग्रेनो के सेक्टर पाई-1 स्थित कालीबाड़ी मंदिर में दुर्गा पूजा कार्यक्रम को धूमधाम से मनाने के लिए तैयारियां जोरो पर हैं। 15 अक्तूबर को विद्यार्थियों के लिए चित्रलेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया जाएगा। इसमें विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। दुर्गा पूजा के दौरान बॉलीवुड कलाकार भी गानों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगाएंगे। समिति के महासचिव मनिंद्र मंडल ने बताया कि कालीबाड़ी मंदिर में इस बार भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस बार कार्यक्रम में प्रतिदिन लगभग तीन हजार श्रद्धालुओं के लिए खानपान की व्यवस्था की जाएगी।

# 'आप' को खत्म कर देना चाहते हैं मोदी : केजरीवाल

**यह पहला मौका नहीं है, जब प्रधानमंत्री ने आम आदमी पार्टी के नेताओं पर छापेमारी कराई**



नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पूरी कोशिश है कि आम आदमी पार्टी (आप) को कुचलकर खत्म कर दिया जाए।


ओखला से 'आप' विधायक अमानतुल्लाह खान ने मंगलवार को हुई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को लेकर आज पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, अमानतुल्लाह खान के यहां ईडी की छापेमारी हुई। यह पहला मौका नहीं है, जब प्रधानमंत्री ने आम आदमी पार्टी के नेताओं पर छापेमारी कराई है। जब से हमारी दिल्ली के अंदर सरकार बनी है, प्रधानमंत्री की पूरी कोशिश यही है कि किसी भी तरह से आम आदमी पार्टी को कुचल दिया जाए, खत्म कर दिया जाए। वर्ष 2015 में दिल्ली में हमारी सरकार बनी और वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री ने हमारे खिलाफ शुंगलू कमेटी बैठाई। शुंगलू कमेटी हमारी सरकार द्वारा किए गए सभी कार्यों की फाइल मंगाई, जो तकरीबन चार सौ थीं। बड़े-बड़े अफसरों ने सारी फाइलों की जांच की और एक पैसे का भी घोटाला नहीं निकला। उन्होंने कहा, शुंगलू कमेटी की जांच में कोई भ्रष्टाचार नहीं मिलने के बाद श्री मोदी ने हमारे उपर झूठे केस करने शुरू कर दिए। प्रधानमंत्री अभी तक आम आदमी पार्टी के विधायकों पर 170 से ज्यादा केस कर चुके हैं। इसमें से 140 से अधिक केस में कोर्ट का फैसला आ चुका है जिसमें निर्णय पार्टी के पक्ष में आए हैं। अब पिछले दो साल से प्रधानमंत्री ने हमारे मंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं को गिरफ्तार करना शुरू किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'आप' के नेताओं पर चल रही सारी जांच फर्जी हैं। प्रधानमंत्री का मकसद भ्रष्टाचार खत्म करना नहीं है। वह दूसरी पार्टियों के सारे भ्रष्टाचारियों को अपनी पार्टी में शामिल कर ली है। उन्होंने कहा, अभी हाल ही में हमने महाराष्ट्र में इसका उदाहरण देखा है। गुजरात के अंदर मोरबी ब्रिज गिर गया और कई लोगों की मौत हो गई। वहां ईडी-सीबीआई की कोई छापेमारी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि आज देश का माहौल बहुत ज्यादा खराब हो चुका है। पहली बार हो रहा है कि भारत छोड़-छोड़कर लोग दूसरे देशों की नागरिकता ले रहे हैं।

ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। बहुत बडे स्तर पर लोग भारत छोड़-छोड़ कर जा रहे हैं। व्यापार और उद्योग बर्बाद हो चुका है। व्यापारी-उद्योगपति, मीडिया और आम जनता डरी हुई। इसके बाद भी 'आप' डटी हुई है। यह देशभक्तों और ईमानदार लोगों की पार्टी है।

इस दौरान विधायक ने कहा, ईडी हमारे घर पर 12 घंटे तक रही और इस दौरान पूरा परिवार परेशान रहा। हम लोग पूरे दिन खाना तक नहीं खा पाए।

## भाजपा के इशारे पर संजय सिंह को मरवाने की साजिश कर रही ईडी : आप



नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर बुधवार को गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर सांसद संजय सिंह को मरवाने की साजिश कर रहा है।

'आप' के वरिष्ठ नेता एवं विधायक दिलीप पांडे ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मंगलवार को अदालत में सिंह की पेशी के दौरान जो सच उजागर हुआ है उससे भाजपा की घटिया राजनीति और प्रतिशोध की भावना का पर्दाफार्श हो गया है। अदालत में यह स्पष्ट हो गया कि ईडी भाजपा के इशारे पर संजय सिंह को मरवाने की साजिश कर रहा है। यह एक बड़ा सवाल है और इस सवाल का जवाब ईडी और भाजपा दोनों को देना चाहिए।

'आप' नेता ने कहा कि ईडी की हिरासत में ऐसा दो बार हुआ कि अदालत की जानकारी के बगैर श्री सिंह को अज्ञात जगह पर ले जाने की कोशिश की गई। इससे सवाल उठता है कि ऊपर कौन बैठा हुआ है जो नियमों को दरकिनार कर ईडी को कुछ करने के लिए प्रेरित कर रहा है। उन्होंने कहा, दस घंटे छापा मारने के बाद भी सबूत के नाम पर जब कागज का एक टुकड़ा भी नहीं मिला, तब भी ईडी से यह बात निकलकर आई कि उनको किसी ने ऊपर से आदेश दिया है।

### नाइजीरियाई नागरिकों ने सुरक्षाकर्मियों को पीटा

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में बीटा-2 थाना क्षेत्र की स्टेलर सोसाइटी के मुख्य गेट पर रविवार रात प्रवेश को लेकर नाइजीरियाई नागरिकों ने हंगामा किया। विरोध करने पर नाइजीरियाई नागरिकों ने सुरक्षाकर्मियों से मारपीट की। एक निवासी से भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में सोसाइटी के मैनेजर ने तीन नामजद समेत दस अज्ञात नाइजीरियनों पर केस दर्ज कराया है। पुलिस आरोपियों को तलाश रही है।

## दिल्ली पुलिस ने यौन उत्पीड़न के आरोपी को किया गिरफ्तार

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली पुलिस ने दो महिला भक्तों की शिकायतों पर एक स्वयंभू धार्मिक उपदेशक को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। द्वारका के पुलिस उपाधीक्षक हर्ष एम वर्धन ने आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

पुलिस के मुताबिक दो महिलाओं द्वारा आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान विनोद कश्यप के रूप में हुई है, जो राष्ट्रीय राजधानी के काकरोला इलाके में माता मसानी चौकी दरबार चला रहा था और उसके नाम पर एक यूट्यूब चैनल भी है। आरोपी पर दोनों मामलों में यह आरोप लगाया गया है कि उसने महिला भक्तों को उनकी समस्याओं से छुटकारा दिलाने के लिए उनकी मदद करने के लिए बुलाया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार दो महिलाओं ने आरोपी कश्यप के खिलाफ लिखित शिकायत लेकर द्वारका जिला पुलिस के पास पहुंचीं।

### ग्रेटर नोएडा में पीट-पीटकर युवक की हत्या

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के कासना थाना क्षेत्र में गाड़ी खड़ी करने के विवाद में दो लोगों ने एक युवक को रॉड और डंडों से पीट दिया। युवक को गम्भीर हालात में अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान कल रात युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आंत फटने की वजह से उसकी मौत हुई है। दरसअल कासना थाना क्षेत्र की एक साइट में ट्रांसपोर्ट की गाड़ी चालक राजेश ने सोमवार की रात्रि में अपनी गाड़ी को रास्ते में खड़ा कर दिया। इसी दौरान मजदूरी करने वाले एक नाबालिग व गोविंद वहां आ गए। इन लोगों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बताया जा रहा है रास्ते में गाड़ी खड़ी करने को लेकर ही इनके बीच विवाद हुआ था। इन लोगों के बीच विवाद बढ़ता चला गया और मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान इन तीनों लोगों में जमकर लात और घूसे चले। फिर रॉड से एक दूसरे पर हमला कर दिया। दोनों के द्वारा की गई मारपीट और हमले में राजेश गम्भीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद उसको नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया। लेकिन उसको ज्यादा चोट आई थी। इस वजह से उसको दिल्ली रेफर कर दिया गया। जहां से उसे दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल में भर्ती कर दिया गया। इलाज के दौरान आंत फटने से राजेश की मंगलवार रात को मौत हो गई। इस लड़ाई और झगड़े के बारे में किसी भी पक्ष के द्वारा पुलिस को कोई भी जानकारी नहीं दी गई थी।

## महाराजा अग्रसेन कॉलेज में दिखी भारतीय धरोहर की झलक





**नई दिल्ली।** बुधवारको महाराजा अग्रसेन कॉलेज, 'स्पिक मैके' अध्याय के तहत, विदूषी सुनंदा शर्मा ने हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत का एक सुन्दर प्रदर्शन किया।

इस आयोजन की शुरुआत सरस्वती वंदना की मधुर ध्वनि के साथ हुई जिसमें विदुषी सुनंदा शर्मा , प्राचार्य संजीव तिवारी और 'स्पिक मैके' के समन्वयक शिक्षकों ने दीप प्रज्वलन किया।

अपनी गुरु विदुषी गिरिजा देवी जी को याद करते हुए अपने गायन की शुरूवात की। विदूषी सुनंदा शर्मा जी के साथ डॉ. जयशंकर ने तबला पर उनका साथ दिया और हारमोनियम पर ज़ामिद अहमद खान साहब।

महाराजा अग्रसेन के प्राचार्य, प्रोफेसर संजीव तिवारी जी ने कहा कि शास्त्रीय संगीत एक समय रहित संगीत है जो पीढ़ियों को पार करता है और आत्मा को छूने की ताकत रखता है । विदुषी सुनंदा शर्मा जी ने छात्रों से भरे सभागार सरदार वल्लभ भाई पटेल को अपने राग मियां की तोड़ी के साथ मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का अंत छात्रों और कलाकारों के बीच संवाद से हुआ।

## श्रीराम भारतीय कला केंद्र 15 अक्टूबर से 5 नवंबर, तक वार्षिक नृत्य नाटक 'श्री राम' का 67वां संस्करण प्रस्तुत करेगा



श्रीराम भारतीय कला केंद्र अपनी प्रसिद्ध वार्षिक प्रस्तुति 'श्री राम' का 67वां संस्करण प्रस्तुत कर रहा है, जो संपूर्ण रामायण पर एक नृत्य नाटिका है, जिसमें भगवान राम के जन्म से लेकर उनके राज्याभिषेक तक के जीवन को दर्शाया गया है, जो मूल साउंडट्रैक, कोरियोग्राफी, विस्तृत वेशभूषा और काल्पनिक सेट-अप से सुसज्जित है। भरतनाट्यम और कलारियापट्टू से लेकर मयूरभंज छाऊ और उत्तर भारत के लोक नृत्यों की नृत्य शैलियों के साथ, हिंदुस्तानी शास्त्रीय रागों पर आधारित लयबद्ध संगीत के साथ, प्रतिदिन शाम 6.30 बजे से रात 9 बजे तक खुली हवा केंद्र लॉन, 1, कॉपरनिकस मार्ग, नई दिल्ली में।

मुख्य अतिथि माननीय श्री हरदीप सिंह पुरी, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री और भारत सरकार में आवास और शहरी मामलों के मंत्री रामलीला का उद्घाटन करेंगे। श्रीराम भारतीय कला केंद्र इस रामलीला का लगातार 67वां वर्ष प्रस्तुत कर रहा है, जिसे पहली बार 1957 में शुरू किया गया था। यह शो नृत्य, नाटक और संगीत के माध्यम से सातवें अवतार या सर्वोच्च भगवान के अवतार के रूप में भगवान राम के जीवन और कार्यों को प्रस्तुत करता है। 2 घंटे और 40 मिनट के भीतर यह संपूर्ण रामायण का अत्यंत सौंदर्यपूर्ण, मनोरंजक और भावनात्मक रूप से रोमांचित दृश्य प्रस्तुत करता है।

28 दृश्यों वाले इस प्रोडक्शन में राम के जन्म से लेकर सीता के साथ उनके विवाह, धूर्त कैकेयी के कहने पर उनके 14 साल के वनवास, राम को वापस लाने के लिए भरत की भावनात्मक अपील, रावण द्वारा सीता के अपहरण तक की दिव्य कहानी के हर महत्वपूर्ण एपिसोड को समाहित किया गया है। शबरी का मोक्ष, हनुमान और सुग्रीव के साथ राम की मित्रता, अंतिम युद्ध और रावण की अंतिम पराजय और राम के राज्याभिषेक या अयोध्या के राजा के रूप में राज्याभिषेक के साथ समाप्त। देश के लगभग सभी राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने इस प्रदर्शन को देखा है। यह महान नाटक भारतीय सांस्कृतिक विरासत की उस्ताद और संरक्षक, पद्मश्री श्रीमती शोभा दीपक सिंह द्वारा शानदार वेशभूषा, प्रकाश व्यवस्था, कोरियोग्राफी और संगीत के साथ एक शानदार मंच पर सामने आता है।

## जॉइंट मॉनिटरिंग टीम ने किया नोएडा का निरीक्षण

**गौतमबुद्धनगर।** देश में पहली बार जॉइंट मॉनिटरिंग प्रोग्राम के तहत बुधवार को यूनाइटेड नेशन इंटरनेशनल चिल्ड्रंस इमरजेंसी फंड (यूनीसेफ) , वर्ल्ड हेल्थ आर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ), डिपार्टमेंट ऑफ डिक्रिंग वाटर एंड सेनिटेशन (डीडीडल्यूएस) और आवासन एंव शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार (एमओएचयूए) के द्वारा नोएडा में सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (एसडीजीएस) का निरीक्षण किया गया।


इस दौरान सेक्टर-94 स्थित इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंट्रल (आईसीसीसी) के अंतर्गत संचालित डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम के द्वारा हो साफ-सफाई, कूड़ा निपटारा , डोर टू डोर की लाइव ट्रैकिंग , स्वच्छता कर्मियों की अटेंडेंस , शौचालय की साफ-सफाई मॉनिटरिंग , मैकेनिकल की लाइव ट्रैकिंग के कार्य को देखा गया। इसके बाद सेक्टर-94 स्थित इंटीग्रेटेड सीक्यूरिटी एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के अंतर्गत एन्वायर्नमेंट मॉनिटरिंग सिस्टम से हो रहे शहर में प्रदूषण की निगरानी , शहर में वाहनों की निगरानी और सर्विलांस कैमरों के माध्यम से विभिन्न चौ राहों की सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग के कार्यों का निरीक्षण किया गया।

इसके बाद संयुक्त टीम की ओर से नोएडा में संचालित पिंक टॉयलेट और पब्लिक शौचालयों का निरीक्षण किया गया।

टीम द्वारा निरीक्षण में शौचालयों की साफ-सफाई , फीडबैक सिस्टम , सैनिटरी पैड मशीन आदि का गहनता से निरीक्षण किया।

## मेवाड़ में 'सीमाओं की अनसुनी कहानियां' विषय पर कार्यक्रम आयोजित

### तकनीक के आसरे रहने से हुआ इजरायल पर आतंकी हमला : जनरल वीके सिंह




**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आयोजित अखिल भारतीय सीमा जागरण मंच गाजियाबाद विभाग के कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल वीके सिंह ने कहा कि केवल तकनीक पर निर्भर रहने के कारण ही इजरायल पर आतंकी हमला हुआ। अगर इजरायल ने सरहदों की अपने सैनिकों से निगरानी कराई होती तो यह हमला नहीं होता। 'सीमाओं की अनसुनी कहानियां' विषय पर अपने विचार प्रकट करते हुए जनरल वीके सिंह ने कहा कि कोई भी देश तकनीक के भरोसे सुरक्षित नहीं रह सकता। अपनी सेना का मनोबल बढ़ाये रखना बेहद जरूरी है। दो एक प्रसंगों के माध्यम से उन्होंने अपनी बात को ठोस तरीके से रखा। उन्होंने साफ कहा कि अगर प्रहरी कमजोर होगा तो देश निश्चित रूप से कमजोर रहेगा। हमें खुशी है कि हमारे सैनिक बहुत जोशीले और किसी के आगे न झुकने वाले हैं। वह अपने लक्ष्य को पाने के लिए हर समय तैयार रहते हैं। उन्होंने वर्ष 1962, 1965 और 1971 के युद्धों का उदाहरण देते हुए अपने देश की जांबाज सेना की तारीफ की। कार्यक्रम में अखिल भारतीय सह संयोजक मुरलीधर, मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की डायरेक्टर डॉ. अलका अग्रवाल, गाजियाबाद विभाग प्रबोधन प्रमुख हेमेंद्र सिंह उपस्थित रहे। मंच संचालन गाजियाबाद विभाग युवा प्रमुख संदीप चौधरी ने किया। इस अवसर पर आलोक कुमार ने विद्यार्थियों के बीच अपना गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मनीष, आशीष, राजेश, अनिल सक्सेना, श्याम पांडे, दिल्ली प्रांत से युवा प्रमुख और मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विद्यार्थी मौजूद रहे। अतिथियों को स्मृति चिह्न और अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में सभी का डॉ. अलका अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

### प्रदूषण फैलाने पर 16.50 लाख का हर्जाना

नोएडा। हवा को प्रदूषित करने पर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने 15 संस्थानों पर 16.50 लाख रुपये का पर्यावरणीय हर्जाना लगाया है। इसमें बिल्डर कंपनियां, उद्योग, नोएडा प्राधिकरण की कार्यदायी संस्थाएं शामिल हैं। बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी उत्सव शर्मा ने बताया कि सेक्टर-150 की समृद्धि लक्सूरिया ग्रुप हाउसिंग, वंडरस बिल्डमार्ट की ग्रुप हाउसिंग पर पांच-पांच लाख रुपये का हर्जाना लगाया गया है। इनके अलावा सेक्टर-63 में व्हाइटलाइन सॉफ्टवेयर, सेक्टर-51 में डिक्सन टेक्नोलॉजीज, सेक्टर-155 में सुरभि सेटकॉम, सेक्टर-150 में एसएसबीसी कंक्रीट, एनसीआर कंक्रीट, आरडीसी कंक्रीट, अल्फा कंक्रीट, होजरी कांप्लेक्स में भूखंड डी-85, सी-67, ए-36 पर भी 50-50 हजार रुपये का हर्जाना लगाया गया है।

## कई अरब विद्वानों ने भारत का दौरा कर सीखा भारतीय विज्ञान

### डीयू का अरबी विभाग द्वारा 'इंडो सऊदी रिलेशन : थ्रू द एजेज' पर दो दिवसीय सेमिनार का हुआ उद्घाटन




**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के अरबी विभाग द्वारा डीयू संस्कृति परिषद के सहयोग से इंडो सऊदी रिलेशन: थ्रू द एजेज विषय पर इस दो दिवसीय सेमिनार का उद्घाटन 11 अक्टूबर को दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में हुआ। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रमेश भारद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में भारत और अरब विश्व के बीच शैक्षिक और अकादमिक संबंधों पर जोर दिया। उन्होंने सभी अल-ख्वारिज्मी का उदाहरण देते हुए कहा कि कई अरब विद्वानों ने भारत का दौरा किया और भारतीय विज्ञानों को सीखा है।

कार्यक्रम के दौरान राजदूत महेश सचदेव ने मुख्य वक्ता के तौर पर अपना भाषण प्रस्तुत किया। अपने मुख्य भाषण में सचदेव ने कहा कि भारत सऊदी अरब का चौथा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है।

दोनों देशों के बीच संबंध पचास के दशक में उस वक्त शुरू हुए जब पं. नेहरू ने सऊदी अरब का दौरा किया था। उसके बाद दोनों देशों के कई राष्ट्र प्रमुखों ने एक दूसरे के देशों का दौरा किया जिससे दोनों देशों के बीच आपसी रिश्ते मजबूत हुए। उन्होंने कहा कि भारत व सऊदी अरब और यूरोप के बीच जी-20 शिखर सम्मेलन द्वारा प्रस्तावित गलियारा दोनों देशों के बीच संबंधों को फिर से मजबूत करेगा।

इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय सांस्कृतिक परिषद के चेयरपर्सन अनूप लाठर, डीन प्रो. रविंदर कुमार और कला संकाय के डीन प्रो. अमिताव चक्रवर्ती बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में अरबी विभाग के अध्यक्ष प्रो. एस. हसनैन अख्तर ने स्वागत भाषण दिया। अपने स्वागत भाषण में. प्रो. अख्तर ने कहा कि भारत और अरब जगत के बीच संबंध सदियों पुराने हैं और अरब लोग भारत और भारतीय वस्तुओं को बहुत पसंद करते हैं। अंत में प्रो नईमुल हसन ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उद्घाटन सत्र की कार्यवाही का संचालन डॉ. मुजीब अख्तर ने किया। उद्घाटन सत्र के बाद सऊदी अरब के लोक नृत्य की एक फिल्म भी दिखाई गई। फिल्म के बाद पहला अकादमिक सत्र आयोजित किया गया जिसमें जेएमआई से प्रोफेसर अयूब नदवी और जेएनयू से डॉ. जज्जती पटनायक ने अपने पेपर प्रस्तुत किए। इस सत्र की कार्यवाही का संचालन डॉ. आसिफ इकबाल ने किया। सेमिनार के तीसरे और चौथे सत्र का आयोजन 12 अक्टूबर को होगा।

## संपादकीय

# हर स्तर पर सख्ती बरतने की जरूरत

महिलाओं को सुरक्षित माहौल मुहैया कराने को लेकर आए दिन बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं पर स्थिति जस की तस।

हरियाणा के पानीपत में पिछले महीने सामूहिक बलात्कार की घटना और अब उसके दो आरोपियों के जहर खा लेने तथा उनमें से एक की मौत के मामले ने एक बार फिर पुलिस की कार्यशैली को उजागर किया है। यह सही है कि उस वारदात के बाद पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए व्यापक अभियान चलाया और उनमें से कई को पकड़ भी लिया।

यह पुलिस की तत्परता का उदाहरण है, पर सवाल है कि आखिर किन वजहों से अपराधियों को एक गरीब परिवार को बंधक बना कर सबके सामने तीन महिलाओं का सामूहिक बलात्कार करते हुए कोई खौफ नहीं हुआ। यही नहीं, उन अपराधियों ने सामूहिक बलात्कार की घटना को अंजाम देने से थोड़ी देर पहले एक अन्य परिवार से भी मारपीट की थी, उनके सामान लूट लिए और एक महिला की हत्या कर दी थी।

यानी एक ही दिन में अगर कोई गिरोह अलग-अलग जगहों पर इस तरह बेखौफ होकर अपराध करता गया, तो इसका मतलब यही निकलता है कि उसे पुलिस और कानूनी कार्रवाई की कोई चिंता नहीं थी।

विडंबना यह है कि जब अपराधी बेलगाम होकर अपनी मनमानी कर रहे होते हैं, तब ऐसा लग रहा होता है कि उनके सामने कोई प्रशासनिक बाधा नहीं है। हालांकि अमूमन सभी सरकारों को यह दावा करते देखा जा सकता है कि वे अपराध पर लगाम लगाने के लिए हर स्तर पर सख्ती बरतेंगी, ताकि आपराधिक तत्त्वों के भीतर खौफ पैदा हो और जनता को उनसे मुक्ति मिले।

खासकर महिलाओं को सुरक्षित माहौल मुहैया कराने को लेकर आए दिन बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं। मगर जमीन पर स्थिति यही होती है कि सरकार और पुलिस की नींद तभी खुलती है, जब कोई बड़ी घटना सुर्खियों में आती और मामला तूल पकड़ लेता है। उसके बाद प्रशासन और पुलिस की ओर से कई बार ऐसी सक्रियता दिखाई जाती है, जो अगर आम दिनों में भी कायम रहे तो अपराधियों और अपराध पर काबू पाना इतना मुश्किल न हो।

सच यह है कि देश के ज्यादातर हिस्सों में सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की कार्यशैली की वजह से ही आपराधिक तत्त्वों के भीतर यह दुस्साहस पैदा होता है कि वे किसी परिवार को बंधक बना कर सबके सामने महिलाओं से सामूहिक बलात्कार जैसी घटना को अंजाम दें।

पानीपत की घटना के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को पकड़ने के लिए जिस स्तर का अभियान चलाया, वह निश्चित रूप से मामले को हल करने की दिशा में ठोस कार्रवाई थी। मगर इसी क्रम में यह भी तथ्य है कि पकड़े जाने के डर से जहर खाने के चलते एक आरोपी की मौत हुई। यह खौफ उसके भीतर अपराध करने से पहले होना चाहिए था, जो कानून व्यवस्था और पुलिस की चौकसी से ही संभव है।

यह माना जा सकता है कि अपराधियों के मन में क्या चल रहा है, यह पक्का पता करना हर बार संभव नहीं है। पर आशंकाओं के मद्देनजर उन्हें पकड़ कर कानून के कठघरे में खड़ा करने की कोशिश जरूर की जा सकती है। इस घटना में पुलिस को अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली, मगर इसके साथ ही जरूरत इस बात की है कि कानून व्यवस्था को लागू करने के मामले में सक्रियता का स्तर यह हो कि किसी वारदात के बाद अपराधियों के पकड़ने से पहले ही अपराध होने की स्थितियों पर लगाम लगाई जाए। तभी सामूहिक बलात्कार और हत्या जैसी घटनाओं और अपराधियों की मनमानी से महिलाओं को बचाया जा सकेगा।

# दो देशों के बीच का मतभेद आतंकवाद के जरिए हल करना संभव नहीं

हमास एक आतंकवादी संगठन है और जिस तरह उसने इजराइल पर हमला किया और कई सौ लोगों को मार डाला, वह मानवता के विरुद्ध उठाया गया कदम है।

इजराइल पर हमास के हमले के बाद भारत ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। प्रधानमंत्री ने इजराइल के प्रधानमंत्री से फोन पर बात कर उन्हें आश्वस्त किया कि भारत उनके साथ खड़ा है। भारत का यह रुख सिर्फ इसलिए नहीं है कि इजराइल से उसके रिश्ते काफी मजबूत हैं और दोनों देशों के व्यापारिक संबंध लगातार प्रगाढ़ होते गए हैं।

बल्कि इस समय भारत ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि वह दुनिया में कहीं भी और किसी भी प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ है। हमास एक आतंकवादी संगठन है और जिस तरह उसने इजराइल पर हमला किया और कई सौ लोगों को मार डाला, वह मानवता के विरुद्ध उठाया गया कदम है। हालांकि इजराइल ने हमास के इस हमले को युद्ध कहा और उस पर पलटवार करते हुए पूरे गाजा क्षेत्र की घेराबंदी कर दी है।

उसने हमास को नेस्तनाबूद करने का संकल्प दोहराया है। इस हमले के बाद दुनिया भर से अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। इस्लामी देशों के लामबंद होने और इजराइल के खिलाफ बड़े युद्ध की आशंका भी जताई जा रही है। अमेरिका ने इजराइल को मदद भेजनी शुरू कर दी है। ऐसे में फिर से दुनिया दो ध्रुवों में बंटती नजर आ रही है।

मगर दुनिया के तमाम देशों की प्राथमिकताएं बदल रही हैं और वे सुरक्षा से अधिक अपने व्यापारिक रिश्तों को अहमियत देते देखे जा रहे हैं। इसलिए माना जा रहा है कि फिलस्तीन के समर्थन और इजराइल के विरोध में कोई बड़ी लामबंदी नहीं हो सकती। चूंकि हमास को ईरान की शह मिली हुई है, इसलिए उसके इजराइल के खिलाफ मैदान में उतरने की संभावना अधिक जताई जा रही है।

मगर वैश्विक मंच पर आज कोई ऐसा देश नहीं है, जो इस तरह किसी आतंकी संगठन के पक्ष में उतरना चाहेगा। इजराइल की दुश्मनी फिलस्तीन से है।

फिलस्तीन के हिस्से की जमीन इजराइल ने हथिया रखी है। इसे संयुक्त राष्ट्र के मंच पर भी सुलझाने का प्रयास किया गया, मगर इजराइल के रुख में कोई बदलाव नहीं आया। कोई भी लोकतांत्रिक देश इस तरह किसी देश के भूभाग पर कब्जा करने के प्रयासों को उचित नहीं ठहरा सकता।

इसीलिए भारत भी शुरू से फिलस्तीन का पक्षधर रहा है। अब भी वह इजराइल के साथ जरूर है, मगर फिलस्तीन के हक के खिलाफ नहीं है। हालांकि प्रधानमंत्री के इजराइल के साथ खड़े होने की घोषणा पर विपक्षी दलों की प्रतिक्रिया कुछ इस तरह आ रही है, जैसे भारत फिलस्तीन के विरोध में खड़ा है।

दुनिया के अनेक देश आतंकवाद का निशाना झेल चुके हैं। अमेरिका, फ्रांस और भारत काफी बड़ा नुकसान उठा चुके हैं। भारत का काफी धन और ऊर्जा इससे निपटने में खर्च होती है। अमेरिका की जुड़वां मीनारों पर हुए आतंकी हमले के बाद जब दुनिया भर के देश आतंकवाद के खिलाफ युद्ध को वचनबद्ध हुए थे, तब भारत भी उनमें अग्रणी था। इसलिए वह कहीं भी हुए आतंकी हमले के विरोध में खड़ा रहता है।

वह इजराइल और फिलस्तीन के झगड़े को बातचीत के आधार पर निपटाने का पक्षधर है। हमास जैसे आतंकी संगठनों को प्रश्रय देने के पक्ष में वह कभी हो ही नहीं सकता। इस तरह भारत ने पाकिस्तान और चीन को भी संकेत दिया है कि उन्हें चरमपंथ पर दोहरा रवैया छोड़ कर स्पष्ट रूप से इसके विरोध में खड़ा होना चाहिए। कहीं भी दो देशों के मतभेद आतंकवाद के जरिए नहीं मिटाए जा सकते।

(डॉक्टर लोहिया की पुण्य तिथि 12 अक्टूबर पर विशेष लेख)

# आज यदि होते डॉक्टर लोहिया तो गैर-भाजपा वाद का करते आवाहन



रामस्वरूप मंत्री



जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करतीं.' गैर-कांग्रेसवाद के जनक और समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया का यह कथन आज की सरकारों के लिए भी उतना ही प्रासंगिक है जितना 1960 के दशक में जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी की सरकारों के लिए था.

उस समय की कांग्रेस पार्टी का एकाधिकार समाप्त करने और उसके कारण समाज में फैल रही बुराइयों को खत्म करने के लिए गैर-कांग्रेसवाद का आह्वान किया था तो आज अगर वे होते तो निश्चित तौर पर गैर-भाजपावाद का आह्वान करते. दुर्भाग्य की बात यही है उनके तमाम शिष्य या अनुयायी उनके विचारों की ठस व्याख्या करते हैं या फिर उनकी राह पर चलने का साहस नहीं जुटा पाते.उनकी 56 वीं पुण्य तिथि पर उन्हें स्मरण करने का सबसे बड़ा प्रयोजन यही होना चाहिए कि उनके चिंतन, साहस, कल्पनाशीलता और रणकौशल को आज के संदर्भ में कैसे लागू किया जाए.

'गांधी जी के बाद डॉक्टर राममनोहर लोहिया ही सबसे प्रखर विचारक-चिंतक लगते हैं. जो अपनी धरती, मिट्टी, उसकी सुगंध से जुड़े हुए है। आज जब देश विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है तब डॉक्टर लोहिया ही ऐसे विचारक चिंतक हैं जिन की प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है तथा भविष्य में भी उनकी प्रासंगिकता बनी रहेगी ।

डा.राम मनोहर लोहिया अक्सर कहा करते थे कि सत्ता सदैव जड़ता की ओर बढ़ती है और निरंतर निहित स्वार्थों और भ्रष्टाचारों को पनपाती है. विदेशी सत्ता भी यही करती है. अंतर केवल इतना है कि वह विदेशी होती है, इसलिए उसके शोषण के तरीके अलग होते हैं. किंतु जहां तक चरित्र का सवाल है, चाहे विदेशी शासन हो या देशी शासन, दोनों की प्रवृत्ति भ्रष्टाचार को विकसित करने में व्यक्त होती है'. उन्होंने कहा था कि 'देशी शासन को निरंतर जागरुक और चौकस बनाना है तो प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अपने राजनीतिक अधिकारों को समझे और जहां कहीं भी उस पर चोट होती हो, या हमले होते हों उसके विरुद्ध अपनी आवाज उठाए।

डा. लोहिया की कही बातें वर्तमान भारतीय शासन व्यवस्था पर सटीक बैठती हैं. आज देश में गैरबराबरी, भ्रष्टाचार, भुखमरी, गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी, कुपोषण, जातिवाद, क्षेत्रवाद और आतंकवाद जैसी समस्याएं गहरायी हैं और शासन सत्ता अपने लक्ष्य से भटका हुआ है तो इसके लिए सरकार की नीतियां और भ्रष्ट राजनीतिक व्यवस्था ही जिम्मेदार है।

नैतिक और राष्ट्रशील मूल्यों में व्यापक गिरावट के कारण अमीरी-गरीबी की खाई चौड़ी होती जा रही है. सरकारें बुनियादी कसौटी पर विफल हैं और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों से निपटने में नाकाम हैं. नागरिक समाज के प्रति रवैया संवेदहीन है.

दल के संबंध में उनकी कल्पना अद्भुत थी. 'फैगमेंट्स ऑफ वर्ल्ड माइंड' में उन्होंने कहा है कि 'सोशलिस्ट पार्टी की सबसे बड़ी कमजोरी तो उसका नकारात्मक दृष्टिकोण है. शिकायत करने की ताकत तो बची हुई हैं, पर सोचने और कर्म करने की ताकत गायब हो गयी है. यह नकारात्मकता सोशलिस्टों का स्वभाव बन गयी है. उन्होंने कहा भी कि 'सफल कर्म के लिए रचनात्मकता और संघर्षशीलता दोनों का मिश्रण जरूरी है।

सांप्रदायिकता, हिंदू-मुसलमान एकता, भारत-पाक महासंघ जैसे विचारों के बाद भी सांप्रदायिकता की आंच से सारा देश समाज झुलस रहा है. उनके ऐसे मौलिक विचारों में ताकत तो है, पर उनके अनुयायी संगठन ने इसे नहीं बढ़ाया.मोटे तौर पर ये कुछ मौलिक अवधारणाएं हैं. यहीं वे नीतियां भी हैं, जिनके संदर्भ में लोहिया ने कहा था कि 'उनके आदर्शों को मान कर चलने वाली पार्टी भले ही खत्म हो जाए, उनकी नीतियां खत्म नहीं होगी.' 'आज नहीं तो कल कोई पार्टी खड़ी होगी और इन्हीं नीतियां के ईद-गिर्द मुल्क को आगे ले जायेगी.' क्योंकि दूसरा कोई पथ नहीं हैं. आज यह पथ न केवल सुनसान है, बल्कि जोखिम भरा भी. इस पर चलने से लोग डर रहे हैं, पर पथ कहीं हैं, तो पथिक आयेंगे ही। लोहिया महज नेहरू खानदान के आलोचक, गैर कांग्रेसवाद के जनक या कुछ विवादास्पद नीतियों के प्रतिपादक नहीं थे.. नवजागरण की पश्चिमी चकाचौंध पीड़ित भारतीय धारा के खिलाफ देशज समाजवाद व्यवस्था का एक अस्पष्ट खाका उन्होंने दिया ।

'निराशा के कर्तव्य' और 300-400 बरसों तक पिटनेवाली पार्टी की कल्पना उन्होंने की साम्यवाद की विफलता और पूंजीवादी व्यवस्था की आतंरिक रूग्णता के बाद आज लोहिया की प्रासंगिकता बढ़ी है।उनका मानना था कि भारत के संदर्भ में आर्थिक, राजनीतिक क्रांति या बदलाव के साथ साथ सामाजिक क्रांति या बदलाव नहीं होगा, तब तक बात नहीं बनेगी।

उनकी दृष्टि में समाजवादी आंदोलन आर्थिक राजनीतिक परिवर्तनों से अधिक एक नयी संस्कृति पैदा करने का आंदोलन रहा है. समता, आजादी, बंधुत्व पर आधारित.डॉक्टर लोहिया का राजनीतिक रूप निश्चित रूप से प्रभावी. जुझारू और अकेले चलने की ताकत से भरा पूरा था. अनोखा और साहसपूर्ण वह दौर तो ऐसा रहा कि शब्दिक अर्थों में अकेले ही दशकों तक चट्टान की तरह निर्विकार भाव से वह राजसत्ता से जूझते रहे।

विलक्षण ऊर्जा और ताकत के साथ, लोकसभा के अंदर और बाहर, संवेदनशील, चिंतक, विचारक और भारतीय संस्कृति के व्याख्याता के रूप में उनके व्यक्तित्व का सम्यक मूल्यांकन नहीं हुआ. भारत के तीर्थ, भारत की नदियां, इतिहासचक्र, हिमालय, भारत की संस्कृति, भाषा, भारतीय जनकी एकता, भारत का इतिहास लेखन और विश्व एकता के सपने पर उन्होंने मौलिक और अनूठे ढंग से विचार किये।

डॉ लोहिया की राजनीति इन्हीं मौलिक विचारों-बिंदुओं की बुनियाद पर खड़ी थी. राजनीति के उस भवन में कई चिंदिया आज लग गयी है. झाड़-झंखाड़ भी हैं, पर वह बुनियाद स्रोत जिनसे उनकी राजनीतिक विचारधारा प्रस्फुटित हुई थी, आज और अधिक प्रासंगिक है। जनतंत्र में डॉ लोहिया रोटी (सत्ता) पलटने की अनिवार्यता पर बार बार जोर देते थे. वह निराश रहने और काम करने (निराशा के कर्तव्य) के पैरोकार थे।

विचारक और आंदोलनकारी, राजनीतिज्ञ और सामाजिक, क्रांतिकारी, विद्रोही और परंपराशोधक की अंतविरोधी भूमिकाएं उन्होंने एक साथ निभायी. पूंजीवाद विरोधी, साम्यवाद विरोधी, साथ ही गांधी के व्याख्याकार भी, अधिनायकवाद विरोधी, पर संसदीय प्रणाली की सीमाओं के प्रखर आलोचक, दार्शनिक दृष्टि से उदारवादी, पर कार्यक्रम पर अमल की दृष्टि से उग्रवादी. अपरिमित करूणा और अपार क्रोध, साथ-साथ दबे-पीड़ित, पिछड़े हरिजन, नारी के अधिकार के सवाल परप सात्विक आक्रोश से भरे.

'महारानी के खिलाफ मेहतरानी' को खड़ा करने के सामाजिक समता के संकल्प बद्ध वे खुद को नास्तिक मानते थे. परंतु मनुष्य में विश्वास और उसके कल्याण में घोर आस्था रखनेवाले वह असात्विक थे. समता और समृद्धि पर आधारित नहीं सभ्यता का सपना देखनेवाले. भारतीय इतिहास के यक्ष प्रश्न उन्हें मथते रहे.

भारत के तीर्थस्थल, सारनाथ, अजंता, एलोरा, कोणार्क, खजुराहो, महाबलीपुरम, रामेश्वरम, उर्वशीयम जैसी जगहों उन्हें बार बार खींचती थीं. चित्रकूट के किस रास्ते राम दक्षिण की ओर निकले होंगे. उनकी अभिलाषा रही कि 'एक बार चित्तौड से द्वारिका पैदल जाऊं जिस रास्ते मीरा गयी थी. चित्तौड़ में जौहर इतिहास को महिमामंडित करने के सवाल के बेचैन इंसान. पासपोर्ट के बिना ध्रुव से ध्रुव तक के सभी देश में यात्रा करने की आकांक्षा से प्रेरित विश्व सभ्यता का सपना देखनेवाले डॉ साहब ने अदभुत कार्यक्रम दिये।

सत्याग्रह, सिविल नाफरमानी, घेरा डालो, दाम बांधो, सप्तक्रांति, नर नारी समता, रंगभेद, चमड़ी सौंदर्य, जाति प्रथा के खिलाफ, मानसिक गुलामी, सांस्कृतिक गुलामी, दामों की लूट, शासक वर्ग की विलासिता, खर्च पर सीमा,पन्द्रह आने बनाम 3 आने, संगठन सरकार के बीच का रिश्ता, जैसे असंख्य सवाल-मुद्दे कार्यक्रम उन्होंने उठाये और लड़े-पहली बार केंद्र सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया. धारा के खिलाफ चलने की राजनीति की परंपरा डाली और अपने निकट के लोगों को सही मुद्दे उठा कर चुनाव हारने के लिए खड़ा किया. उन्हें शानदार हार पर बधाई दी।

# राष्ट्रवाद का अतिरेक और साम्राज्यवाद, औपनिवेशिकवाद के मलीन मंसूबे

राष्ट्रवाद की मूल भावना से राष्ट्र में एकता अखंडता की संभावनाएं बलवती होती हैं। हम सब एक हैं इसकी इच्छा तथा भावना दोनों पनपती हैं और इन सद्भावनाओं के पीछे इतनी शक्ति ,ऊर्जा एवं ताकत होती है कि विदेशी आक्रांताओं की गुलामी से निजात पाई जा सकती है।राष्ट्रवाद से स्वतंत्रता तथा संप्रभुता प्राप्त की जा सकती हैद्य किंतु इतिहास तथा अतीत में कुछ संदर्भित घटनाएं ऐसी हुई है जिससे इसके दुष्परिणाम एवं दुष्प्रभाव प्रकट हुए हैं।जिसका दुष्परिणाम एक देश ,एक महाद्वीप ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में प्रकट हुआ है। दूसरी तरफ राष्ट्रवाद के अतिरेक या अंधराष्ट्रवाद के परिणाम स्वरूप उपनिवेशवाद व साम्राज्यवाद ने जन्म लिया है ।इसी के परिणाम स्वरूप अफ्रीका महाद्वीप में बंटवारा हुआ वहां के निवासियों के साथ पशु तुल्य व्यवहार किया गया और हमारे देश यानी भारत जैसे आत्मनिर्भर, संपन्न, खुशहाल देश को गुलाम बनाया गया और गरीबी, भूखमरी, अकाल ,कुपोषण जैसी विसंगतियों के साथ निवासियों को जीने के लिए मजबूर कर दिया गयाद्य राष्ट्रवाद की भावना ने संपूर्ण गुलाम देशों में एक चिंगारी भर दी थी जिससे जन-जन एक योद्धा बन गया था ,और भारत अफ्रीका दक्षिण पूर्वी देश इस जिजीविषा के दम पर स्वतंत्र हो गए थे। यही राष्ट्रवाद की भावना है जिससे वहां के नागरिक कठिन से कठिन परिस्थिति में भी देश की सुरक्षा करने को अपने आप को प्रेरित करते हैं और देशभक्ति की भावना के कारण ही किसी भी देश का विकास होता हैद्य राष्ट्रवाद मानवता से ऊपर नहीं हैद्य राष्ट्रवाद एक विशेषता है, किंतु अंध राष्ट्रवाद घातक भी हो सकता है। मानवता और राष्ट्रवाद की तुलना करना बेमानी है यह सर्वमान्य तथ्य है कि मानवता सर्वोपरि है। उसके पश्चात ही किसी देश या व्यक्ति का राष्ट्रवाद आता है। यह अत्यंत ही रोचक बात है कि राष्ट्रवाद ने हीं साम्राज्यवाद उपनिवेशवाद को जन्म दिया है, और राष्ट्रवाद ने ही इसका सर्वनाश भी किया। यह राष्ट्रवाद का अतिरेक ही था कि नेपोलियन द्वारा फ्रांस की इस भावना के अंतर्गत यूरोपीय राजनीति को जटिल बना दिया था एवं बिस्मार्क को राष्ट्रवाद के अतिरेक ने प्रेरित कर संपूर्ण यूरोप को शतरंज की गोटियां की तरह अस्त-व्यस्त कर दिया था। यह राष्ट्रवाद का विकृत रूप ही था जब हिटलर और मुसोलिनी जैसे कट्टरपंथियों ने नाजीवाद तथा फासीवाद की आड़ में संपूर्ण विश्व को विश्व युद्ध की भयानक विभीषिका में झोंक दिया एवं लाखों लोगों मृत्यु तथा अरबों रुपए के जानमाल की हानि का कारण बने थेद्य अंध राष्ट्रभक्ति के कारण युद्ध में लाखों लाख सैनिकों की मौत हुई, महिलाएं विधवा हो गई बच्चे अनाथ हो गए एवं मानवता तहस-नहस हो गई थी।

उल्लेखनीय है कि सोवियत संघ तथा अमेरिका के आपस में परस्पर पारंपरिक दुश्मनी के कारण साम्यवाद तथा पूंजीवाद की विचारधारा की बुनियाद पर पूरा संसार दो गुटों में बट गया और शस्त्र अस्त्र की होड़ लग गई है,अधिकांश देशों का खर्च विकास की बजाए सैन्य ताकत बढ़ाने और अपनी सीमा की रक्षा में होने लगा।

## क्या लिखूं

कुछ लिखने बैठा था यूं ही,
तुम आकर बैठी पहलू में ।
फिर कागज कलम और दिल ने कहा मैं तुम पर कोई जीत लिखूं।
तुम बोली थी बस रहने दो मैंने पूछा था तुझे मीत लिखूं।
गुनगुनाना सकेंगे हम तो ये
मैंने पूछा था तुझे गीत लिखूं।।
हो ना पाएगी हमसे, मैंने पूछा था तुझे प्रीत लिखूं।।
अब तुम ही कुछ सुझाव ना
यह गीत तो पूरा कराओ ना।
तुम बोली कॉफी लाओ ना,
तब तक मैं मनमीत लिखूं।।
देखा कागज के आखिर में
तुमने था अपना नाम लिखा।
और कलम हटाकर अधरों से
बीच में यह पैगाम लिखा।
मैं हार चुकी हूं दिल अपना
ला! इसको अपनी जीत लिखूं
मैं हार चुकी हूं दिल अपना
ला! इसको अपनी जीत लिखूं



आलोक अजनबी

# क्या हमास जैसे हमले के लिए हम तैयार हैं ?



अशोक मधुप

इस्राइल पर हमास ने हमला किया।इस हमले में 20 मिनट में पांच हजार के आसपास राकेट दागे गए। इतना ही नहीं यह इस्राइल का सुरक्षा घेरा और दीवार तोड़कर अपनी सुरक्षा और मारक क्षमता के लिए विख्यात इस्राइल में घुंस गए।उन्होंने इस्राइल में भारी तबाही मचाई। इस हमले में इस्राइल के एक हजार से ज्यादा नागरिक मारे गए। तीन हजार के आसपास घायल हुए हैं। सूचनाएं हैं कि 150 के आसपास महिला और बच्चों सहित इस्राइल के नागरिकों का अपहरण कर लिया।हमास के आंतकियों ने महिलाओं का निवस्त्र कर उनके सम्मान को तार- तार करने कोई कसर नही छोड़ी।

इस्राइल की सुरक्षा व्यवस्था, सेना और गुप्तचर व्यवस्था पूरी दुनिया में विख्यात हैं।इस सबके बावजूद वहां इतना बड़ा नुकसान हुआ। ईश्वर न करे ,काश कभी ऐसा हमला हम पर ,भारत पर हो तो क्या हम इसके लिए तैयार हैं ?हमें इस पर सोचना होगा। साथ ही आने वाली प्रत्येक परिस्थिति के मुकाबले के लिए हमें अपने को अभी से तैयार करना होगा।

इस्राइल के पास दुनिया का आधुनिकतम सुरक्षा, प्रतिरक्षा और विश्व विख्यात सूचनातंत्र है।फिर भी वह इस हमले के सामने विफल होकर रह गया। 20 मिनट में पांच हजार मिजाइल छोड़ने, और टैंको से दीवार तोड़कर इस्राइल की सीमा में जल, थल और ग्लाइडर से एक साथ घुंसने की तैयारी एक दिन में नही हुई होगी।लंबा समय लगा होगा, किंतु इस्राइल के सुरक्षा और गुप्तचर तंत्र को इसकी भनक तक नही लगी। इस्राइल ही नही उसके मित्र देश अमेरिका तक को भी इस हमले की भनक तक नही हुई।ऐसा ही अमेरिका पर हमले के समय हुआ था।

रोज दुनिया बदल रही है।युद्ध बदल रहा है।युद्ध का मैदान बदल रहा है। अल-कायदा के आतंकियों ने 11 सितंबर 2001 की सुबह चार अमेरिकी विमानों को हाईजैक कर लिया था। इन सभी का मकसद विमानों को अलग-अलग ऐतिहासिक स्थलों पर क्रैश कराने का था। सबसे पहला क्रैश अमेरिकन एयरलाइन फ्लाइट 11 का हुआ था, जो कि न्यूयॉर्क शहर में सुबह 8.46 बजे वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के उत्तरी टावर से टकराई थी। इसके 17 मिनट बाद ही यूनाइटेड एयरलाइंस फ्लाइट 175 बिल्डिंग के दक्षिणी टावर से टकराई। हाई अलर्ट जारी होने के बावजूद सुबह 9.37 बजे अमेरिकन एयरलाइंस फ्लाइट 77 वॉशिंगटन स्थित अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन से टकराई। चौथे हाईजैक हुए विमान यूनाइटेड एयरलाइंस फ्लाइट 93 का लक्ष्य व्हाइट हाउस या यूएस कैपिटल बिल्डिंग को निशाना बनाने का था, लेकिन यात्रियों से भिड़ंत की वजह से आतंकियों के हाथ से विमान का नियंत्रण छूट गया और यह पेन्सिलवेनिया के शैंक्सविल में मैदानी इलाके में गिर गया। अमेरिका में हुए इस हमले तक को सोच भी नही सकता था कि यात्री विमानों को शस्त्र के रूप में प्रयोग किया जा सकता है।रूस यूक्रेन युद्ध लगभग 20 माह से जारी है।रूस के पास परमाणु हथियार हैं, किंतु यह हथियार दिखाने और अपनी शक्ति बताने के लिए है। दुनिया की बड़ी शक्ति होते भी 20 माह से युद्धरत रूस कुछ ज्यादा नही कर पा रहा।यूक्रेन के द्रोण रूस की मिजाइल पर भारी पड़ रहे हैं।

भारत में मुंबई पर आतंकी हमला हमने देखा हैं।दिल्ली में संसद पर हुए हमले के घाव हम भूले नहीं हैं। आंतकियों के खुराफाती दिमाग किस तरह घटना का अंजाम दें, कुछ कहा नही जा सकता।इन सब के लिए सिर्फ मजबूत रक्षा तंत्र बनाने की जरूरत है। अभी खालिस्तानी गुरपतवंत पन्नू ने धमकी दी है कि खालिस्तान के लिए भारत पर हमास जैसे हमले किये जाएंगे। पाकिस्तान के कुछ कट्टर मुल्ला धमकी दे रहे हैं कि वह इस्राइल से लड़ने के लिए हमास को परमाणु बम देंगे। दुनिया के देश आधुनिक युद्धास्त्र बनाने में लगे हैं।परमाणु बम, हाइड्रोजन बम के आगे के विनाशक बम पर काम चल रहा है। सुपर सोनिक मिजाइल बन रही हैं, किंतु लगता है कि आधुनिक युद्ध इन सबसे अलग तरह के अस्त्र-शस्त्रों के लड़ा जाएगा। अलग तरह के युद्ध होंगे। लगता है कि आने वाले युद्ध सीमा पर नहीं, शहरों में लड़े जाएगे।घरों में लड़े जाएगे। गली ङ्कमुहल्लों में लड़े जाएंगे ।अभी से हमें इसके लिए सोचना और तैयार होना होगा।

30अक्तूबर 2021 को पुणे इंटरनेशनल सेंटर द्वारा आयोजित 'पुणे डॉयलॉग' में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि भविष्य में खतरनाक जैविक हथियार दुनिया के लिए गंभीर परिणाम साबित हो सकता है। दुनिया के लिए किसी भी जानलेवा वायरस को हथियार बनाकर इस्तेमाल करना गंभीर बात है। एनएसए डोभाल ने अपने बयान में कोरोना वायरस का उदाहरण देते हुए जैविक हथियारों का मुद्दा उठाया। 'आपदा एवं महामारी के युग में राष्ट्रीय सुरक्षा की तैयारियों' पर बोलते हुए अजीत डोभाल ने कहा कि आपदा और महामारी का खतरा किसी सीमा के अंदर तक सीमित नहीं रहता और उससे अकेले नहीं निपटा जा सकता ।इससे होने वाले नुकसान को घटाने की जरूरत है।

अभी तक पूरी दुनिया इस खतरे से जूझ रही है कि परमाणु बम किसी आंतकवादी संगठन के हाथ न लग जाए। उनके हाथ में जाने से इसे किस तरह रोका जाए ? उधर आतंकवादी नए तरह के हथियार प्रयोग कर रहे हैं। शिक्षा बढ़ी है तो सबका सोच बढ़ा है। दुनिया के सुरक्षा संगठन समाज का सुरक्षित माहौल देने का प्रयास कर रहे हैं।आंतकवादी घटनाएं कैसे रोकी जांए, ये योजनाएं बना रहे हैं। आंतकवादी इनमें से निकलने के रास्ते खोज रहे हैं। वे नए-नए हथियार बना रहे हैं। अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सैंटर पर हमले से पहले कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था कि विमान को भी घातक हथियार के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। इसमें विमानों को बम की तरह इस्तेमाल किया गया।माचिस की तिल्ली आग जलाने के लिए काम आती है ।बिजनौर में कुछ आंतकवादी इन माचिस की तिल्लियों का मसाला उतार कर उसे गैस के सिलेंडर में भर कर बम बनाते विस्फोट हो जाने से घायल हुए।

हम विज्ञान और कम्प्यूटर की ओर गए। हमारे युद्धास्त्र कम्प्यूटरीकृत हो रहे हैं।उधर शत्रु इस सिस्टम को हैक करने के उपाए खोज रहा है। लैसर बम बन रहे हैं। हो सकता है कि हैकर शस्त्रों के सिस्टम हैक करके उनका प्रयोग मानवता के विनाश के लिए कर बैठे। बनाने वालों के निर्देश छोड़ से बने बनाए शस्त्र हैकर के इशारे पर चलने लगें।

रोगों के निदान के लिए वैज्ञानिक रोगों के वायरस पर खोज रहे हैं। उनके टीके बना रहे हैं। दवा विकसित कर रहे हैं,तो कुछ वैज्ञानिक इस वायरस को शस्त्र के रूप में प्रयोग कर रहे हैं। साल 1763 में ब्रिटिश सेना ने अमेरिका पर चेचक के वायरस का इस्तेमाल हथियार की तरह किया । 1940 में जापान की वायुसेना ने चीन के एक क्षेत्र में बम के जरिये प्लेग फैलाया था। 1942 में जापान के 10 हजार सैनिक अपने ही जैविक हथियारों का शिकार हो गए थे। हाल ही के दिनों में आतंकी गतिविधियों के लिए जैविक हथियार के इस्तेमाल की बात सामने आई है।इससे हमें सचेत रहना होगा। सीमाओं की सुरक्षा के साथ इन जैविक शास्त्रों से निपटने के उपाए खोजने होंगे।

इस्राइल दूसरे विश्व युद्ध से संघर्ष झेल रहा है। इसने प्रत्येक परिस्थिति के लिए अपने को तैयार किया हुआ है।ढाला हुआ है।इस तरह के हमलों के लिए उसने प्रत्येक घर में बंकर बनाए हुए हैं।वहां का लगभग प्रत्येक व्यक्ति एंव महिला युद्ध के लिए हर समय तैयार रहते हैं।वहां सैन्य प्रशिक्षण आवश्यक है।

हमास के हमले का सबसे बड़ा सबक यह है कि दुनिया का कोई भी देश इस तरह के हमले नही रोक सकता।बस इस तरह के हमलों को रोकने की व्यवस्था कर सकता है।इस्राइल का सुरक्षा चक्र आइरन डोम पांच हजार मिजाइल के हमले के सामने कारगर नही रहा। हमारे पास रूस का बना एस 400 मिजाइलरोधी सिस्टम हैं।

# गेट फांद कर अखिलेश ने जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण





लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को सुरक्षा कारणों से बंद किये गये जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) के गेट को फांद कर समाजवादी नेता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर सपा ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को पत्र लिख कर जेपीएनआईसी प्रांगढ़ में लगी प्रतिमा पर माल्यार्पण की अनुमति मांगी थी जिसे साज सफाई और सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुये अनुमति नहीं दी गयी थी। सपा ने इसे प्रतिष्ठा का सवाल बना लिया और आज दोपहर पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने समर्थकों के साथ जेपीएनआईसी पहुंच गये और बंद गेट को फांद कर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इससे पहले यादव ने ट्वीट कर अनुमति प्रदान नहीं करने के फैसले की भर्त्सना करते हुये एक्स पर पोस्ट किया महान समाजवादी विचारक, सामाजिक न्याय के प्रबल प्रवक्ता लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की जयंती पर अब क्या सपा को माल्यार्पण करने से रोकने के लिए ये टिन की चद्दरें लगाकर जेपीएनआईसी का रास्ता रोका जा रहा है। सच ये है कि भाजपा लोकनायक जयप्रकाश जी के भ्रष्टाचार, बेकारी-बेरोज़गारी और महंगाई के ख़िलाफ़ छेड़े गये आंदोलन की स्मृति को दोहराने से डर रही है क्योंकि भाजपा के राज में तो भ्रष्टाचार, बेकारी-बेरोज़गारी और महंगाई तब से कई गुना ज़्यादा है।'' उन्होने कहा अब क्या माल्यार्पण के लिए भी जयप्रकाश नारायण जी की तरह 'सम्पूर्ण क्रान्ति' का आह्वान करना पड़ेगा। अगर भाजपा को यही मंज़ूर है तो यही सही।

बाद में सपा के आधिकारिक एक्स हैंडल से तस्वीरों के साथ पोस्ट किया गया जेपीएनआईसी पर ताला डालकर भी समाजवादियों को नहीं रोक पाई अहंकारी सरकार। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जेपीएनआईसी में लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण। भाजपा सरकार की तानाशाही के खिलाफ सामाजवादी लोग लड़ते रहेंगे।

# सपाईयों ने मनायी लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर में समाजवादी पार्टी कार्यालय पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ अवधनाथ पाल की अध्यक्षता में आज लोकबंधु स्व् जयप्रकाश नारायण की जंयती मनायी गयी।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर गोष्ठी का आयोजन किया ।पूर्व एमएलसी लल्लन प्रसाद यादव ने उनके जीवनी पर चर्चा करते हुए कहा कि जयप्रकाश नारायण का नाम एक मजबूत भारतीय राजनीतिक नेता, स्वत्रंत्रता सेनानी, विचारक समाजसेवी और आंदोलनकारी के रूप में रहा। उनकी सेवा भावना,त्याग, तपस्या से प्रभावित होकर जन मानस उन्हें लोक नायक भी कहते थे।

पूर्व एमएलसी ने कहा कि 19 साल होते-होते उन पर राष्ट्रीय आंदोलन पर प्रभाव पड़ने लगा। उन्होंने 5 जून 1975 सम्पूर्ण क्रांति का आह्वान किया था और कहा था इस देश से भ्रष्टाचार मिटाना, बेरोजगारी दूर करना, शिक्षा में क्रांति लाना ऐसी चीजें हैं जो आज की व्यवस्था से पूरी नहीं हो सकता है इसलिए सम्पूर्ण व्यवस्था बदल दी जाएं और सम्पूर्ण व्यवस्था के परिवर्तन के लिए सम्पूर्ण क्रांति की आवश्यकता है । संपूर्ण क्रांति का आह्वान उन्होंने श्रीमती इंदिरा गांधी की सत्ता को उखाड़ फेंकने के लिए किया था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ अवधनाथ पाल ने कहा कि जयप्रकाश नारायण जीवन भर देश सेवा के खातिर कितने बार जेल गये, यातनाएं सहीं लेकिन कभी अपने स्वभिमान से समझौता नहीं किया। वह गांधी जी के विचारों से प्रभावित रहे और जीवनभर सत्ता से दूर रहकर उनके आदर्श पर चलते रहे।

गोष्ठी मे मुख्य रूप से पूर्व विधायक लालबहादुर यादव, राजबहादुर यादव, राहुल त्रिपाठी, हिरालाल विश्कर्मा, श्रवण जयसवाल, राजेन्द्र टाइगर, इर्शाद मंसूरी,श्याम बहादुर पाल,दीपचंद राम,शुशील दुबे, दिनेश फौजी, हरिचंद प्रभाकर, लक्ष्मी शंकर यादव,संचालन नि0 महासचिव अखंड प्रताप यादव ने किया।

## शार्ट न्यूज

### 'इंडिया' में शामिल होने संबंधी खबरें फर्जी, सतर्क रहें समर्थक : मायावती

लखनऊ ।बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने 'इंडिया' गठबंधन में शामिल होने की खबरों को फर्जी करार देते हुये इसे एक एजेंडे के तहत भ्रम फैलाने की साजिश बताया और अपने समर्थकों से सावधान रहने की अपील की। मायावती ने बुधवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया सपा नेता रामगोपाल यादव के हवाले से बीएसपी के 'इण्डिया' गठबंधन में शामिल होने के लिए मुलाकात की न्यूज18 चैनल पर प्रसारित खबर पूरी तरह से गलत, बेबुनियाद व फेक न्यूज। बार-बार ऐसी मनगढ़न्त खबरों से मीडिया अपनी इमेज खराब करने पर क्यों तुला है। कहीं ये सब किसी एजेण्डे के तहत तो नहीं। उन्होने कहा मीडिया द्वारा ऐसी अनर्गल खबरों का सपा व उनके नेता द्वारा खण्डन नहीं करना क्या यह साबित नहीं करता है कि उस पार्टी की हालत यहाँ उत्तर प्रदेश में काफी बदहाल है और वे भी उस घृणित राजनीति का हिस्सा हैं जो बीएसपी के खिलाफ लगातार सक्रिय है। ऐसी फेक खबरों से पार्टी के लोग सावधान रहें।

### प्रतापगढ़ में 3 स्टेशनों के नाम में हुआ बदलाव

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ जंक्शन समय तीन स्टेशनों का नाम बदलने के साथ ही बोर्ड और स्टेशन कोड भी बदल दिया गया। लखनऊ से आए एसीएम विनीत रंजन ने स्टेशन का निरीक्षण किया और उनकी निगरानी में जंक्शन पर लगे पुराने बोर्ड को बदलकर मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन लिखा गया। उनकी निगरानी में जंक्शन पर लगे पुराने बोर्ड को बदलकर मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन किया गया। विश्वनाथ गंज स्टेशन का नाम बदलकर शनि देव धाम विश्वनाथगंज स्टेशन रखा गया। जबकि अंतू का नाम बदलकर मां चंद्रिका धाम अंतू स्टेशन पर कर दिया गया। इसके बाद एसीएम ने स्टेशन का नया कोड भी लिखवाया। रेल राज्य मंत्री को मां बेल्हा देवी धाम जंक्शन आना है। जिसको लेकर तैयार होने लगी है और पंडाल सजने लगा है। बहु प्रतीक्षित रेलवे ओवरब्रिज भंगवा चुंगी से नया माल गोदाम रोड के शिलान्यास करने के लिए रेल राज्यमंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे 13 अक्टूबर को आएंगे। रेल राज्यमंत्री आरओबी सहित नव निर्मित रेलवे स्टेशनों के उद्घाटन के साथ- साथ कुछ स्टेशनों के रेनोवेशन की आधारशिला भी रखेंगे। इसकी तैयारी मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन पर शुरू हो गई है। जंक्शन के बाहर परिसर में कार्यक्रम के लिए पंडाल तैयार होने लगा है। जंक्शन परअधिकारी एवं कर्मचारी भी रेल राज्यमंत्री के आगमन की तैयारी में जुटे हुए हैं।

### शराब के पैसे नहीं दिए तो पिता को मार डाला

**झांसी।** झांसी में एक बेटे ने पीट-पीटकर अपने पिता की हत्या कर दी। वह शराब पीने के लिए पैसे मांग रहा था। पैसे न देने पर उसने रॉड से हमला कर पिता को बुरी तरह घायल कर दिया। उपचार के लिए उनको मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया था। जहां इलाज के दौरान बुधवार को पिता की मौत हो गई। घटना प्रेमनगर के खाती बाबा की है। पिता की मौत के बाद पुलिस आरोपी बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतक का नाम रेमंड जितेंद्र सैनी (52) था। वह प्रेमनगर के खातीबाबा के रहने वाले थे। पुलिस के अनुसार, 9 अक्टूबर की रात को दोनों साथ में शराब पी रहे थे। खत्म हो जाने के बाद हर्ष ने पिता से और शराब लाने के लिए पैसे मांगे। रेमंड ने पैसे देने से इनकार कर दिया। इस बात पर हर्ष नाराज हो गया। दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। हर्ष ने पास में पड़ी राड से पिता पर हमला बोल दिया। पिता को मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पिता की चीख-पुकार सुनकर आस पड़ोस के लोग भी आ गए। पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने घायल रेमंड को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। रेमंड जितेंद्र सैनी होमगार्ड में जवान था। 2014 में उसको पैरालिसिस हो गया था। अक्टूबर 2020 में उनकी पत्नी रेनु सैनी की मौत हो गई थी। उसके दो बेटे सिमौन शरण सैनी और हर्ष विकास सैनी है।

### घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा गया क्लर्क

अयोध्या। अयोध्या एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बुधवार को समाज कल्याण विभाग में तैनात लिपिक को 15 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कनिष्ठ सहायक आनंद विक्रम उपाध्याय छात्रवृत्ति और छात्र प्रतिपूर्ति के लिए आवेदन के लिए स्कूल का यूजर आईडी व पासवर्ड देने के नाम पर 15 हजार की रिश्वत मांग रहा है। आनंद विक्रम के खिलाफ अयोध्या कैंट थाना में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। सरस्वती शिशु ज्ञान मंदिर सेमरा हैरिंगटनगंज के प्रबंधक शिवपूजन ने बताया, 2022 में कक्षा 6 से 10 की मान्यता प्राप्त हुई है। इसके लिए समाज कल्याण विभाग में छात्रों के छात्रवृत्ति और छात्र प्रतिपूर्ति के लिए समाज कल्याण विभाग से यूजर आईडी व पासवर्ड समाज कल्याण विभाग से मिलना था। इसके लिए विभाग में गया तो कनिष्ठ सहायक आनंद विक्रम सिंह से मुलाकात हुई। जहां विक्रम ने 15 हजार रुपए की मांग की। यूजर आईडी और पासवर्ड के लिए कई बार विभाग के चक्कर लगाए। लेकिन विक्रम ने बिना रुपए के यूजर आईडी और पासवर्ड देने से मना कर दिया। इसके बाद एंटी करप्शन अयोध्या से संपर्क करना पड़ा। राय साहब द्विवेदी ने बताया, सूचना के बाद निरीक्षक दिनेश उपाध्याय, संदीप शुक्ला, दिनेश दुबे, अनुराग समेत 11 सदस्यों की टीम गठित किया गया।

### मेरठ के एसएसपी दफ्तर पर छात्रों का प्रदर्शन

**मेरठ।** मेरठ में बुधवार को कंकरखेड़ा के छात्रों ने एसएसपी ऑफिस पहुंचकर हंगामा कर दिया। हंगामा कर रहे छात्रों का आरोप था कि विशेष समुदाय के दबंग युवकों ने उनके साथियों को रास्ते में रोककर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। इस दौरान दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एक दर्जन आरोपियों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन थाना पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की। इसी के चलते छात्र एसएसपी ऑफिस पहुंचे और जमकर हंगामा करते हुए कार्रवाई की मांग की। कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के वंडर सिटी निवासी सन्नी पुत्र बाबूराम का आरोप है कि 8 अक्टूबर को अपने दोस्त ऋषभ के घर जा रहा था। पीड़ित छात्रा का आरोप है कि जब वह वंडर सिटी के गेट पर पहुंचा तो वहां पहले से ही अमजद, सिताब, शहजाद और रफीक निवासी गांव खडोली अपने अन्य साथियों के साथ खड़े थे। छात्र सन्नी का आरोप है कि सभी आरोपियों ने उसके दोस्त ऋषभ को रोककर उसके साथ बिना किसी बात के गाली गलौज और जाति सूचक शब्द कहने शुरू कर दिए। आरोप है कि इस दौरान सन्नी ने आरोपियों का विरोध किया तो आरोपियों ने अपने हाथों में लिए फावड़े और बलकटी से उस पर जानलेवा हमला कर दिया। सन्नी का आरोप है कि किसी तरह वह आरोपियों से अपनी जान बचाकर कंकरखेड़ा थाना पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### गोरखपुर को जल्द मिलेगा फूड पार्क का तोहफा

गोरखपुर। गोरखपुर के लोगों को एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है। यहां के लोगों को इस बार नवरात्र पर फूड पार्क का तोहफा मिलेगा। इसकी तैयारी में जीडीए के अधिकारी जुट गए हैं। रामगढ़ताल किनारे बन रहे फूडपार्क में दुकानों की सजावट चल रही है। हर्बल पार्क में पेड़-पौधों को लगाने का काम पूरा हो चुका है। नवरात्र के अष्टमी पर सीएम के हाथों उद्घाटन कराने की तैयारी है। जीडीए की ओर से एनेक्सी भवन की लेन में करीब 2.30 एकड़ में फूड पार्क का निर्माण काफी तेजी से चल रहा है। इसमें कुल 22 दुकानें बनी हैं। जबकि, इसके एक हिस्से में हर्बल पार्क बनाया जा रहा है। जीडीए की ओर से फूड पार्क का निर्माण करा रही फर्म ने दुकानों को आवंटित कर दिया है। इसमें शीशा लगाने के अलावा अन्य सजावटी काम किए जा रहे हैं। पार्क के चारों ओर बनी जाली की पेंटिंग की शुरुआत हो चुकी थी। दुकानों में शीशे लगा रहे दिनेश ने बताया कि तेजी से काम करने का निर्देश मिला है। इसे नवरात्र के पहले तैयार कर लेना है। यहां से करीब दो सौ कदम आगे जाने पर हर्बल पार्क पर काम चल रहा था। यहां मजदूर जमीन समतल कर सफाई करते मिले। फूड पार्क में एक ओर दुकानों काम चल रहा है, तो दूसरी ओर हर्बल पार्क में पेड़-पौधे लग चुके हैं। मिट्टी के समतलीकरण और सड़क बनाने के अलावा घास लगाने काम बाकी है। कार्यदायी संस्था की ओर से कोलकाता से कारपेट घास मंगाई जा रही है।

# गाजीपुर में बलात्कार के दोषी को 20 साल की सजा

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश में गाजीपुर की पोक्सो अदालत ने मात्र दस माह की सुनवाई के बाद नाबालिग के साथ बलात्कार के दोषी को 20 साल सख्त कारावास और 75 हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनायी है।

विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट प्रथम राकेश कुमार सप्तम ने मंगलवार शाम यह फैसला सुनाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार कासिमाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने 18 मार्च 2022 को तहरीर दिया कि शौच के लिये गयी उसकी नाबालिग पुत्री के साथ गांव के ही रहने वाले सत्येंद्र चौहान ने दुष्कर्म किया। महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण कराया। पुलिस ने न्यायालय में पीड़िता का बयान भी दर्ज कराया।

विशेष लोक अभियोजक प्रभु नारायण सिंह के अनुसार पुलिस ने विवेचना के बाद न्यायालय में 13 में 2022 को न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया। इसी साल 13 फरवरी से न्यायालय में गवाही आरंभ हुई। अभियोजन अधिकारी की ओर छह गवाह की गवाही कराई।

# देवरिया हत्याकांड में एक और इंस्पेक्टर सस्पेंड

## प्रेम यादव का परिवार पुलिस सुरक्षा में; बेटी बोली- पापा के ब्रह्मभोज में सभी नेता आएंगे

**गोरखपुर/देवरिया।** देवरिया हत्याकांड में सियासत अब और तेज हो गई है। पूरी घटना को जातीय रंग देकर एक-दूसरे को दम दिखाने की होड़ मची है। 6 हत्याओं के 9 दिन बाद भी फतेहपुर गांव में चारों तरफ फोर्स ही फोर्स है। अघोषित कर्फ्यू जैसे हालात हैं। हालांकि, इन सबके बीच पुलिस की टेंशन बढ़ती जा रही है। क्योंकि, 17 तारीख को दोनों परिवारों यानी प्रेम यादव और सत्य प्रकाश दुबे के परिवार में ब्रह्मभोज है। पुलिस को शंका है कि इस दिन भी सियासी पार्टियां ताकत आजमा सकती हैं।




उधर, दो दिन यानी सोमवार-मंगलवार को हुए बवाल के बाद प्रेमचंद यादव के घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। किसी को भी बिना परमिशन अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। रास्ते पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। वहीं, दूसरी तरफ भाजपा विधायक शलभमणि त्रिपाठी ने सत्य प्रकाश दुबे के जिंदा बचे दोनों बेटे देवेश और अनमोल की मुस्कुराते हुए तस्वीर ट्वीट की है। इसमें लिखा है- अपराधियों, गुंडों, भू-माफियाओं के आतंक पर बहुत भारी है ये मासूम मुस्कानें।

शाबाश मेरे शेरों, डटे रहो। बता दें कि प्रेम यादव का ब्रह्मभोज 17 अक्टूबर को रुद्रपुर के अभयपुर टोला स्थित उसके आवास से होगा। वहीं, दुबे परिवार के मृतकों के ब्रह्मभोज देवरिया के सोंदा गांव से होगा।

इधर, इस हत्याकांड में कुशीनगर के पर्यटन थाने के इंस्पेक्टर जितेंद्र टंडन को सस्पेंड कर दिया है। वह 2020 से 2021 तक रुद्रपुर थाने के इंचार्ज थे। उन्होंने सत्यप्रकाश दुबे के आईजीआरएस पर गलत रिपोर्ट लगाई थी। जितेंद्र देवरिया एसपी की जांच में दोषी पाए थे।

इसके बाद एसपी ने कुशीनगर एसपी धवल जायसवाल को लेटर लिखा था। इसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया।

इससे पहले SDM, CO और तहसीलदार समेत 15 सरकारी कर्मचारियों को सस्पेंड किया गया था।

# रायबरेली : नगरपालिका अध्यक्ष के बिगड़े बोल, मुकदमा दर्ज

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली के शहर नगरपालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर के खिलाफ विवादित बयान को लेकर शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ है। नगरपालिका अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी के हैं।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की भारतीय जनता पार्टी की ओर से कांग्रेसी नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर के खिलाफ एक बयान में सूबे के मुख्यमंत्री के विरुद्ध तथाकथित अपमान जनित शब्दों के प्रयोग को लेकर दी गयी तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा द्वारा राहुल गांधी को लेकर विवादित पोस्टर जारी किए गए थे।

इसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने पलट वार करते हुए तथाकथित रूप से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आदि के विरुद्ध अपमानजनक शब्द कहे थे।

जिसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताते हुए पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया था जिसके आधार पर शहर कोतवाली में नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

सदर विधायक अदिति सिंह ने आज भी अध्यक्ष नगर पालिका के बयान को गलत ठहराया है और कहा कि जिम्मेदार पद पर बैठकर इस तरह की टिप्पणी करना उचित नही है।

राहुल गांधी के खिलाफ जारी विवादित पोस्टर को लेकर शुरू हुआ यह विवाद अब धीरे धीरे जोर पकड़ रहा है जिसमे दोनों राजनीतिक दलों के लोगों का एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है।

## जौनपुर : डंपर की चपेट में आकर दंपती की मौत

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के लाइन बाजार थाना क्षेत्र में डंपर से कुचलकर आजमगढ़ निवासी दंपती की मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार आजमगढ़ जिले में बरदह थाना क्षेत्र के पिछौरा निवासी विनोद(45) अपनी पत्नी ललिता(40) को बाइक से जौनपुर आए हुए थे। दिनभर कुछ काम करने के बाद वह मंगलवार देर रात को घर लौट रहे थे। शास्त्री पुल से पहले ही गिट्टी फैले होने के कारण बाइक का पहिया लड़खड़ा गया, इससे दोनों सड़क पर गिर गए। इस दौरान पीछे से आ रहा डंफर उनके ऊपर चढ़ गया।

# बुलंदशहर में बैक लूट के 48 घंटे के भीतर लुटेरे गिरफ्तार

बुलन्दशहर। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के कोतवाली देहात क्षेत्र में मंगलवार को एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद पुलिस ने बैंक लूट के आरोपी दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट की रकम बरामद की।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बुधवार को यहं बताया कि नौ अक्टूबर को क्षेत्र के ग्राम नीमखेड़ा स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक में तीन नकाबपोश बदमाशों ने बैंक कर्मियों को बंधक बनाकर सात लाख 84 हज़ार रूपये की नकदी लूट ली थी। पुलिस ने बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमे गठित की थी। उन्होने बताया कि इस सिलसिले में पुलिस ने एक सूचना के आधार पर तड़के करीब तीन बजे देहात क्षेत्र में ही छिपे लुटेरों की घेराबंदी की और उन्हे आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी जिसे अनसुना करते हुये बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर गोलियां चलाते हुये भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से दो लुटेरे अहमद और आबिद घायल हो गये जिन्हे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से लूटी गई धनराशि में से चार लाख 50 हजार रूपये बरामद कर लिये।

# बिजनौर में वकीलों का जोरदार प्रदर्शन

बिजनौर। पश्चिमी यूपी में हाई कोर्ट बेंच की मांग को लेकर आज जजी चौक पर सैकड़ों वकीलों ने इकट्ठा होकर जोरदार प्रर्दशन करते हुए जाम लगा दिया। वकीलों ने कहा सरकार ने चुनाव के समय सस्ता और सुलभ न्याय का वादा किया था अभी तक पूरा नहीं हुआ है। वकीलों ने पश्चिमी यूपी में जल्द हाई कोर्ट बनाये जाने की मांग की। बुधवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की मांग को लेकर सैकड़ों वकीलों ने इकट्ठा होकर जोरदार प्रदर्शन किया और जजी चौक पर जाम लगा दिया। वकीलों का कहना है कि पिछले काफी दिनों से पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बेंच की मांग को लेकर लगातार मांग की जा रही है लेकिन सरकार की तरफ से अभी तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एसके बबली का कहना है की 1982 से लगातार हाई कोर्ट बेच की मांग की जा रही है लेकिन अभी तक यह मांग पूरी नहीं हुई। उनका कहना है कि पश्चिम उत्तर प्रदेश के लोगों को न्याय पाने के लिए 700 किलोमीटर दूर इलाहाबाद जाना पड़ता है जबकि सरकार ने चुनाव से पहले वादा किया था कि लोगों को सस्ता और सुलभ न्याय दिया जाएगा वह वादा अभी तक पूरा नहीं हुआ। इसके साथ ही इलाहाबाद से लखनऊ की दूरी महज 200 किलोमीटर है वहां पर हाई कोर्ट की बेंच है जबकि पश्चिम उत्तर प्रदेश से इलाहाबाद की दूरी 600 से 700 किलोमीटर की है।

# 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों के प्रदर्शन का 65वां दिन

## ईको गार्डन में जमकर हुई नारेबाजी, चक्कर खाकर गिरा बदायूं का अभ्यर्थी

**लखनऊ।** बुधवार को 69 हजार शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों का प्रदर्शन 65वें दिन जारी रहा। सैकड़ों की संख्या में धरना स्थल पर मौजूद अभ्यर्थियों ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान बदायूं से आया एक अभ्यर्थी धूप में चक्कर खाकर गिर गया। हालांकि अन्य अभ्यर्थियों ने उसे संभालकर पास में लेटाया।

एक अंक विवाद के चलते इन अभ्यर्थियों को अब तक 69 हजार शिक्षक भर्ती में नियुक्ति नही मिली हैं। अभ्यर्थियों का दावा हैं कि विभाग की 69 हजार शिक्षक भर्ती के एक सवाल में शैक्षिक परिभाषा को गलत पाए जाने पर उच्चतम न्यायालय ने एक अंक बढ़ाकर मेरिट बनाकर चयन करने का आदेश दिया था।

9 नवंबर 2022 को आदेश जारी होने के बाद लगभग 11 महीने बीत जाने के बावजूद अंतिम आदेश का पालन नही



किया गया हैं। इसी को लेकर लगातार 65 दिन से अभ्यर्थी लखनऊ में प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे 50वें दिन बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास का घेराव के अगले दिन अभ्यर्थी शिक्षा निदेशालय के शिविर कार्यालय पहुंचकर जमकर नारेबाजी की थी। वहीं स्ष्टश्वत्रज्ञ ऑफिस का घेराव करने पहुंचे।

### जमकर हुई नारेबाजी

बुधवार की सुबह ईको गार्डन में एक बार फिर अभ्यर्थियों का हुजूम उमड़ा नजर आया। प्रदेश के तमाम जिलों से सैकड़ों अभ्यर्थी लखनऊ पहुंचे थे। अभ्यर्थियों ने मांगों के पक्ष में आवाज बुलंद करते हुए जमकर नारेबाजी की। इस बीच बदायूं से आए गौरव सक्सेना को अचानक चक्कर आ गए। इससे पहले कोई समझ पाता कि वो गिर गया। साथी अभ्यर्थियों को इस हालत में देख अन्य अभ्यर्थियों ने उसे उठाकर छांव में लेटाया। फिर ठंडी पट्टी रखकर पानी पिलाया। इस बीच पीड़ित अभ्यर्थी को थोड़ी राहत मिली।

### 65 दिन से नहीं हुई सुनवाई

प्रदर्शन कर रहे दुर्गेश शुक्ला ने बताया, बेसिक शिक्षा विभाग उच्चतम न्यायालय के अंतिम आदेश के साथ 65 दिनों से लगातार हो रहे धरने को भी अनदेखा कर रहा है। इस दौरान बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार, बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल, स्कूल शिक्षा महानिदेशक विजय किरण आनंद के साथ बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य से भी मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया। इसके बावजूद भी विभाग द्वारा एक अंक विवाद पर नियुक्ति सम्बन्धित कोई लिखित कार्यवाही शुरू नही हुई।

कोर्ट ने सुनाया पक्ष में निर्णयधरने पर बैठे अभ्यर्थियों में दुर्गेश शुक्ला ने बताया कि नवंबर 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने एक अंक बढ़ाते हुए अभ्यर्थियों को मेरिट के अनुसार नियुक्ति देने का आदेश दिया था।

# निगम ने दो करोड़ की जमीन को कराया कब्जा मुक्त

**सहारनपुर।** सहारनपुर में ट्रांजिट हॉस्टल बनाया जाना है। निगम ने उसके लिए जमीन भी चिह्नित कर रखी थी। लेकिन जमीन पर अवैध रूप से कब्जा था। निगम की टीम ने नूर बस्ती से करीब 600 वर्गमीटर जमीन पर से अवैध कब्जा हटवाया। कब्जा मुक्त कराई गई जमीन का बाजार मूल्य दो करोड़ रुपए हैं।

अवैध कब्जे के कारण स्मार्ट सिटी द्वारा नूरबस्ती में ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण में बाधा आ रही थी। नगर निगम की टीम ने नूरबस्ती में निगम की जमीन को कब्जा मुक्त कराया। सहायक नगरायुक्त व अतिक्रमण प्रभारी शिवराज सिंह ने बताया, नूरबस्ती में स्मार्ट सिटी के तहत एक ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण का कार्य शुरू किया गया है।

इसके निर्माण में कुछ लोगों द्वारा अवरोध पैदा किए जा रहे थे। इन लोगों ने निगम की करीब 600 वर्गमीटर भूमि पर दीवार खड़ी कर अवैध कब्जा कर रखा था। उसके परिसर के भीतर एक गोशाला संचालित कर रहे थे। अवैध रूप से एक कमरे का निर्माण भी किया गया था।

निगम अधिकारियों ने प्रवर्तन दल के साथ पहुंचकर जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटवाया। जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया गया है। कब्जा मुक्त कराई गई जमीन का बाजार मूल्य करीब दो करोड़ बताया जा रहा है।

स्मार्ट सिटी के परियोजना प्रबंधक जितेंद्र सिंह के मुताबिक नूरबस्ती में स्मार्ट सिटी के तहत ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण कराया जा रहा है। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण इकाई मेरठ इसकी कार्यदायी संस्था है।

इस परियोजना पर करीब पौने चार करोड़ व्यय आएगा। वहां निर्माण के लिए खुदाई का कार्य शुरू कर दिया गया था, लेकिन कुछ लोग व्यवधान पैदा कर रहे थे।

## बदायूं में घर का गेट तोड़कर घुसा ट्रैक्टर

बदायूं। बदायूं में बेकाबू ट्रैक्टर एक घर का गेट तोड़कर भीतर घुस गया। वहां सो रहे बुजुर्ग की ट्रैक्टर की चपेट में आकर मौत हो गई। जबकि ड्राइवर वहां से भाग गया। परिजनों का आरोप है कि ड्राइवर शराब के नशे में धुत था और इसी कारण वह ट्रैक्टर पर संतुलन बनाकर नहीं रख सका। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। हादसा थाना इस्लामनगर इलाके के सखामई गांव में हुआ। यहां रहने वाले 65 वर्षीय मोहकम सिंह अपने घर के अंदर गेट पर चारपाई पर आराम कर रहे थे। इसी दौरान गांव का बच्चन सिंह पुत्र रामपालन ट्रैक्टर से शराब के नशे में कहीं जा रहा था। आरोप है कि शराब के नशे में उसने ट्रैक्टर के गेट तोड़कर मकान के भीतर घुसा दिया। ट्रैक्टर की चपेट में चारपाई पर लेटे मोहकम सिंह भी आ गए और गंभीर रूप से घायल हुए। परिवार वाले आनन-फानन में उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे लेकिन यहां हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## शार्ट न्यूज

### एसी, एलईडी लाइट के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना में संशोधन

नयी दिल्ली। सरकार ने व्हाइट गुड्स उत्पादों (एसी, एलईडी लाइट) से संबंधित पीएलआई (उत्पादन से जुड़ा प्रोत्साहन) योजना के दिशानिर्देशों में सुधार किए हैं जिनमें 'कैप्टिव खपत' और समूह की कंपनियों के बीच माल की खरीद बिक्री में मूल्य 'लागत से कुछ ऊंचा' रखने संबंधी संशोधन भी शामिल हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार यह निर्णय लाभार्थियों के साथ-साथ उद्योग संघों की ओर से इस योजना के संबंध में मिले अनुरोधों/सुझावों के आधार पर किया गया है। साथ-साथ सुधार करने की दृष्टि से योजना के दिशानिर्देशों में और संशोधन किए गए हैं। विज्ञप्ति के अनुसार इन संशोधनों में स्वयं के उत्पादन की स्वयं के कार्य में खपत या समूह कंपनियों को बिक्री में मूल्य की गणना के लिए सीयूपी (तुलनीय अनियंत्रित मूल्य) पद्धति के स्थान पर लगत से कुछ ऊपर मूल्य रखने पद्धति को अपनाना भी शामिल है। इसके लिए समूह की फर्मों के बीच क्रय-बिक्रय के मामले में दूरी यानी बाजार मूल्य को अपनाने की परिभाषा में भी संशोधन किया गया है। इसी तरह पूंजी निवेश के तहत पात्र निवेश के रूप में मोल्ड और डाई आदि के निर्माण के लिए टूल रूम में निवेश पर विचार किया गया है। अतिरिक्त विनिर्माण सुविधा की स्थापना के बारे में लाभार्थियों को सूचित करने के लिए दो वर्षों के अलावा एक और वर्ष के समय की अनुमति दी गयी है।

### मारुति सुजुकी की आईडीबीआई बैंक के साथ साझेदारी

नयी दिल्ली। यात्री वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने आज इन्वेंट्री फंडिंग के लिए आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के साथ समझौता किया। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि नया समझौता देश भर में 4000 से अधिक मारुति सुजुकी बिक्री आउटलेटों को उनकी कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के लिए व्यापक इन्वेंट्री फंडिंग विकल्पों के साथ सशक्त बनाएगा। साझेदारी पर मारुति सुजुकी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी, विपणन और बिक्री शशांक श्रीवास्तव ने कहा, हम इन्वेंट्री फंडिंग के लिए विशेष वित्तपोषण समाधान के साथ अपने डीलर भागीदारों की सहायता करने के लिए आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं। हमने देश भर में अपने डीलर भागीदारों के लिए क्यूरेटेड उत्पाद और एंड-टू-एंड कार्यशील पूंजी समाधान विकसित करने में आईडीबीआई बैंक के साथ मिलकर काम किया है। हमारे डीलर पार्टनर हमारे व्यवसाय की रीढ़ हैं, और हम बढ़ते भारतीय यात्री वाहन बाजार को संबोधित करने के लिए उनकी क्षमताओं को बढ़ाने में उनका समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बैंक के प्रबंध निदेशक राकेश शर्मा ने कहा, ऑटोमोटिव क्षेत्र में मार्केट लीडर एमएसआईएल के साथ साझेदारी करके हमें खुशी हो रही है।

### इंश्योरेंसदेखो ने जुटाये 492 करोड़

नयी दिल्ली। इंश्योरटेक कंपनी इंश्योरेंसदेखो ने सीरीज बी फंडिंग राउंड में 492 करोड़ रुपये अर्थात 6 करोड़ डॉलर की पूंजी जुटाई है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह उसके लिए एक बड़ी उपलब्धि है। जुटाई गई पूंजी में इक्विटी और ऋण दोनों ही विकल्प शामिल हैं और कंपनी मौजूदा निवेशकों का भरोसा बनाए रखने के साथ ही इस दौर में नए प्रमुख निवेशकों को अपने साथ जोड़ने में कामयाब रही है। 2023 में गुरुग्राम में शुरू हुए इस स्टार्टअप के लिए यह दूसरा फंडिंग राउंड है। इसके साथ ही कंपनी अब तक कुल 20 करोड़ डॉलर से अधिक की पूंजी जुटा चुकी है। जापानी दिग्गज मित्सुबिशी यूएफजे फाइनेंशियल ग्रुप, इंक. (एमयूएफजी), यूरोपीय निवेश प्रमुख यूराजियो प्रबंधित अपने इंश्योरटेक फंड के माध्यम से बीएनपी परिबास कार्डिफ, भारत-केंद्रित बीम्स फिनटेक फंड और योगेश महनसरिया फैमिली ऑफिस नए निवेशकों के रूप में इसमें शामिल हुए हैं। इंश्योरेंसदेखो के मौजूदा निवेशकों टीवीएस कैपिटल, गोल्डमैन सैक्स एसेट मैनेजमेंट और अवतार वेंचर्स ने भी निवेश करते हुए कंपनी ने अपने भरोसे का प्रदर्शन किया है। फरवरी में, इंश्योरेंसदेखो ने सीरीज ए फंडिंग में 15 करोड़ डॉलर की पूंजी जुटाई थी, जो दक्षिण एशिया में किसी इंश्योरटेक द्वारा जुटाई गई सबसे बड़ी रकम थी।

### ब्रिजस्टोन,टाटा पावर चुनिंदा टायर डीलरों के ठिकानों पर लगाएंगी ईवी चार्जर

पुणे। ब्रिजस्टोन इंडिया ने देशभर में अपने चुनिंदा डीलरों के यहां ईवी चार्जर लगाने के लिए टाटा पावर ने हाथ करार किया है है। ये सभी चार्जर चौबीसों घंटे चालू रहेंगे। कंपनी ने मंगलवार को कहा कि टाटा पावर की ओर से 25/30 केडब्ल्यूएच की क्षमता वाले डीसी फास्ट चार्जर लगाए जा रहे हैं, जो किसी भी चार पहिया वाहन को एक घंटे में चार्ज कर सकते हैं। इस करार के तहत शिरूर में पुणे ङ्कअहमदनगर मार्ग पर स्थित ब्रिजस्टोन के सेलेक्ट स्टोर सुपर टायर्स में इनमें से पहला ईवी चार्जर इंस्टॉल किया गया है। ब्रिजस्टोन ने कहा है कि यह पहल, देश भर में ईवी चार्जिंग स्टेशनों का नेटवर्क तैयार करने की भारत सरकार की योजनाओं को बढ़ावा देगी। ब्रिजस्टोन इंडिया के चीफ कमर्शियल ऑफिसर राजर्षि मोइत्रा ने कहा, इलेक्ट्रिक रिवॉल्यूशन की वजह से मोटर-वाहन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बदलाव आया है। टाटा पावर के साथ मिलकर शुरू की गई यह पहल दर्शाती है कि हम अपने वादे पर स्वच्छ परिवहन की दिशा में कायम हैं। टाटा पावर के बिजनेस डेवलपमेंट (ईवी चार्जिंग) प्रमुख वीरेंद्र गोयल ने कहा, टाटा पावर देश में ई-मोबिलिटी को तेज गति से आगे बढ़ाते हुए भारत को स्वच्छ और हरित कल की ओर ले जाने के अपने संकल्प पर कायम है।

### भारत,तंजानिया खाद्य सुरक्षा,अंतरिक्ष के क्षेत्रों में मिलकर काम कर सकते हैं : गोयल

नयी दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को यहां भारत-तंजानिया निवेश फोरम की बैठक में तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहु हसन का स्वागत करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच मित्रता को अब रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ा दिया गया है और इससे दोनों देशों के बीच अद्भुत आपसी लगाव एवं व्यापारिक संबंध आने वाले वर्षों में और भी अधिक मजबूत होंगे। गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'वैश्विक दक्षिण' को एक मंच पर लाने के बड़े हिमायती हैं। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में भारत-अफ्रीका साझेदारी काफी फली-फूली है और प्रधानमंत्री मोदी ने अफ्रीकी संघ को जी20 का पूर्ण सदस्य बनाने के लिए सहमति बनाने का जो प्रयास किया, वह आखिरकार सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो आधुनिक एवं जीवंत देशों के बीच इस साझेदारी को एक अत्यंत निर्णायक और महत्वपूर्ण रिश्ते के रूप में देखते हैं जो समावेशी एवं सतत विकास के लिए अफ्रीका और भारत के दो अरब लोगों की भलाई के लिए काम करेगी।

# अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है लघु उद्योग : सीएम योगी आदित्यनाथ

## सीएम योगी ने लघु उद्योग भारती के उद्यमी महा अधिवेशन में उद्यमियों से किया संवाद

आगरा। सीएम योगी आदित्यनाथ लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश उद्यमी महा अधिवेशन में शिरकत करने पहुंचे। आगरा में पहली बार प्रदेशभर के 5 हजार से अधिक लघु उद्यमियों ने प्रतिभाग किया। लघु उद्यमियों को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि लघु उद्योग अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है। लघु उद्योगों से ही रोजगार सृजन और परिवारों का आर्थिक स्वावलंबन संभव है। साथ ही उद्यमियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि प्रदेश में कानून से खिलवाड़ करने वालों को छोड़ा नही जाएगा, चाहे वो कोई भी हो।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने लघु उद्योग भारती के उद्यमी महा अधिवेशन में प्रदेशभर से आए उद्यमियों का ब्रजभूमि में प्रदेश सरकार की ओर से हृदय से स्वागत किया। उन्होंने उद्यमियों से संवाद करते हुए कहा कि ये मेरे लिए अमूल्य क्षण है। आज लघु उद्यमियों के साथ तीन महीने में अंदर आज तीसरी बार लघु उद्यमियों से संवाद करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आपने 21 से 25 सितंबर के बीच में ग्रेटर नोएडा में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड शो को देखा होगा। इसमें लघु उद्योग भारती भी सरकार की सहयोगी थी। इसमें उत्तर प्रदेश के 2000 से अधिक एग्जीबिटर्स पूरे कार्यक्रम के भागीदार बने थे। वहीं विदेशों से भी 500 से अधिक बायर्स ने ट्रेड शो में शिरकत की थी। चार दिनों में 5 लाख से अधिक बायर आए थे, उन्होंने उत्तर प्रदेश की सामर्थ्य को देखा था।

मुख्यमंत्री ने हाल ही में भदोही में आयोजित हुए इंटरनेशनल कारपेट एक्सपो का जिक्र करते हुए कहा कि पहले वहां के उद्यमियों को देखकर लगा कि कैसे उनकी उपेक्षा होती थी। भारत प्रतिवर्ष 17 हजार करोड़ का कारपेट एक्सपोर्ट करता है। जिसमें अकेले भदोही, मिर्जापुर और वाराणसी से 10 हजार करोड़ रुपए का कारपेट का एक्सपोर्ट होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लघु उद्योग अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है। कम खर्च में पर्यावरण के सभी मानकों को पूरा करते हुए कम स्थान में ज्यादा



रोजगार का सृजन और ज्यादा परिवारों को आर्थिक स्वावलंबन की ओर अग्रसर करना, यह सब लघु उद्योग के माध्यम से ही संभव हो सकता है। उन्होंने कहा कि यूपी तो प्राचीन काल से ही लघु उद्योगों की आधारभूमि रही है। अलग- अलग प्रकार के उद्योग, अलग- अलग क्षेत्रों में रहे हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार ने ऐसे लघु उद्योगों को पुनर्जीवित करने के लिए मोदी जी के प्रेरणा से हमारी सरकार ने 2018 में एक जिला, एक उत्पाद की योजना की शुरुआत की थी। ओडीओपी के माध्यम से परंपरागत उद्योगों को प्रोत्साहन देने, उन्हें टेक्नोलॉजी, डिजाइन, पैकेजिंग के प्रशिक्षण और उनको मार्केट उपलब्ध कराया जा सके, इसके लिए सरकार के स्तर से प्रयास प्रारंभ हुआ था। आज उसके परिणाम हम सबके सामने है। आज ओडीओपी योजना से उत्तर प्रदेश पिछले पांच वर्ष में अपने एक्सपोर्ट को 250 गुना बढ़ाने में सफल रहा है। उतर प्रदेश जैसे बीमारू राज्य को हमने इन उद्यमियों के परिश्रम से आर्थिक रूप से समृद्ध बनाया। 2020 में एमएसएमई पॉलिसी में एक हजार दिनों तक कोई एनओसी की जरूरत नही है, अब सारी सुविधाएं उद्यमियों को दी जा रही है। मिशन के अंतर्गत तेजी से आगे बढ़ रहा है। आगरा, कानपुर, वाराणसी में फ्लेटेड फैक्ट्री का निर्माण हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार की अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति नजीर बनी है। हम सुरक्षा के साथ खिलवाड़ नहीं करने देंगे, चाहे वो कोई भी हो। अगर किसी ने खिलवाड़ किया तो उसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। 2023 के चुनाव में पहली बार हुआ कि कानून व्यवस्था चुनावी मुद्दा बने और जनता प्रदेश सरकार के साथ खड़ी दिखे। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि अगर आप उद्योग लगाना चाहते हैं या लगाया है। किसी स्थानीय संस्थान से आपका टाई-अप हो जाए तो वहां के बच्चे आपको मैन पावर की आसानी से सुविधा उपलब्ध करा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान जिन बच्चों को रखेंगे, जिस दौरान से काम करेंगे, अगर इनका रजिस्ट्रेशन कराते हैं तो, आधा मानदेय सरकारी देगी। इससे फायदा होगा कि हमारे पास अनुभवी लोगों की टीम खड़ी होगी। अपने युवाओं को अधिक से अधिक प्रशिक्षित करते हैं तो इसके अच्छे परिणाम सामने आएंगे।

इस दौरान लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष मधुसूदन दादू ने कहा कि महाधिवेशन में सहभागिता करने वाले 1500 से अधिक लघु उद्यमी अपने-अपने क्षेत्र के विकास, समस्या और भविष्य पर चिंतन करेंगे। प्रदेश के औद्योगिक विकास को कैसे विस्तार किया जाए। इस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी से मार्गदर्शन लिया जाएगा। आयोजन में राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा और राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद भी आएंगे। साथ ही सरकार के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। लघु उद्योग भारती के प्रदेश सचिव मनीष अग्रवाल ने बताया कि लघु उद्योग महाधिवेशन के पहले सत्र में प्रदेशभर से आए उद्यमियों ने अपने-अपने संभाग की जानकारी दी। साथ ही भविष्य की योजना और लक्ष्य तय किए। दूसरे सत्र में प्रदेश के प्रमुख अधिकारियों के साथ वार्ता की गई। जिसमें लघु उद्योगों की स्थापना या संचालन में आने वाली समस्याओं को रखा गया। वहीं तीसरे सत्र में उद्यमियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का सानिध्य एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। फतेहाबाद रोड स्थित केएनसीसी में आयोजित उद्यमी महा अधिवेशन में के 60 जिलों से 1500 से अधिक लघु उद्यमी सहभागिता की।

# फेड के मिनट्स जारी होने से पहले बाजार गुलजार

**मुंबई**। अमेरिकी फेड रिजर्व की मौद्रिक नीति बैठक के मिनट्स और महंगाई के आंकड़े जारी होने से पहले विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार गुलजार रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 393.69 अंक अर्थात 0.60 प्रतिशत की छलांग लगाकर 66473.05 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 119.60 अंक यानी 0.61 प्रतिशत की तेजी लेकर 19809.45 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.55 प्रतिशत चढ़कर 32,224.58 अंक और स्मॉलकैप 0.77 प्रतिशत मजबूत होकर 37,969.94 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3822 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2351 में लिवाली जबकि 1337 में बिकवाली हुई वहीं 134 में



कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 37 कंपनियों में तेजी जबकि 12 में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के सभी 20 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.05, सीडी 0.80, ऊर्जा 0.62, एफएमसीजी 0.85, वित्तीय सेवाएं 0.43, हेल्थकेयर 0.53, इंडस्ट्रियल्स 0.60, आईटी 0.02, दूरसंचार 1.36, यूटिलिटीज 0.80, ऑटो 0.98, बैंकिंग 0.29, कैपिटल गुड्स 0.32, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.41, धातु 0.44, तेल एवं गैस 0.67, पावर 0.35, रियल्टी 0.74, टेक 0.05 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.30 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी रही। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.05, जापान का निक्केई 0.60, हांगकांग का हैंगसेंग 1.29 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.12 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी के डैक्स में टिकाव रहा। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 297 अंक की तेजी लेकर 66,376.42 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 66,592.16 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं बिकवाली होने से यह दोपहर बाद 66,299.79 अंक के निचले स्तर पर आ गया। अंत में पिछले दिवस के 66,079.36 अंक की तुलना में 0.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 66,473.05 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी 77 अंक चढ़कर 19,767.00 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,839.20 अंक के उच्चतम जबकि 19,756.95 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,689.85 अंक के मुकाबले 0.62 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,811.35 अंक पर रहा। इस दौरान सेंसेक्स की तेजी पर रही 24 कंपनियों में विप्रो ने सबसे अधिक 3.29 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही अल्ट्रासिमको 2.09, रिलायंस 1.58, हिंदुस्तान यूनीलीवर 1.57, नेस्ले इंडिया 1.15, एनटीपीसी 1.14, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.10, एचडीएफसी बैंक 0.92, एक्सिस बैंक 0.68, टाटा मोटर्स 0.52, एलटी 0.42, मारुति 0.30, पावरग्रिड 0.28, टेक महिंद्रा 0.23 और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 0.07 प्रतिशत की बढ़त पर रहे।

वहीं, एचसीएल टेक 1.24, एसबीआई 0.56, टीसीएस 0.52, टाटा स्टील 0.24, इंडसइंड बैंक 0.14 और इंफोसिस ने 0.09 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

### दुबई में भारतीय रत्न-आभूषण प्रदर्शनी में 500 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदारों की भागीदारी

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाली रत्न आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) की ओर से दुबई में अयोजित तीसरी अंतरराष्ट्रीय रत्न आभूषण प्रदर्शनी में 32 देशों के 500 खरीदार भाग ले रहे हैं। यह इस प्रदर्शनी में विदेशी खरीदारों की भागीदारी का एक नया रिकार्ड बताया जा रहा है। जीजेईपीसी की ओर से बुधवार को यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार 10 से 12 अक्टूबर तक चलने वाली इस विशाल प्रदर्शनी को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय दूतावास की मदद से लगाया गया है। दुबई गोल्ड एंड ज्वैलरी ग्रुप तथा सनटेक इसमें मदद कर रहा है तथा सीक्वल इसमें लॉजिस्टिक्स भागीदार है। एशिया और यूरोपीय महाद्वीप के लिए उत्सव के एक शहर के रूप में दुबई में इस वर्ष आयोजित इस आईजीजेएस आभूषण प्रदर्शनी में 45 फर्म 50 से अधिक बूथ पर अपने उत्पाद रखे हुए हैं। इनमें हीरे और रत्न जड़ित आभूषण और सोने के आभूषण सहित विभिन्न श्रेणियों के उत्पादों की एक प्रभावशाली श्रृंखला दर्शाते हैं। जीजेईपीसी के अध्यक्ष विपुल शाह ने बयान में कहा, पश्चिम एशिया भारतीय रत्न और आभूषण उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार रहा है। इसके अलावा, दुबई एक वितरण केंद्र होने के नाते, जीसीसी, सीआईएस, सुदूर पूर्व में आभूषण व्यापार के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करता है। और यूरोप के कुछ हिस्से, जो वैश्विक आभूषण पारिस्थितिकी तंत्र में इसके रणनीतिक महत्व और प्रभाव को बढ़ाते हैं। भारत-यूएई व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) लागू होने के बाद से दोनों बाजारों के बीच रत्न और आभूषण व्यापार बढ़ा है। यूएई दुनियाभर से कुल 10.48 अरब डॉलर मूल्य के आभूषण आयात करता है इसमें लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा भारत से मंगाया जाता है। भारत से यूएई को आभूषण का सालाना निर्यात लगभग 3.12 अरब डालर का है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस प्रदर्शनी में 32 विभिन्न देशों के 500 से अधिक खरीदार भाग ले रहे हैं। इन देशों में अल्जीरिया, अजरबैजान, बहरीन, बांग्लादेश, बेलारूस, बेल्जियम, बोलीविया, ब्राजील, कनाडा, डोमिनिकन गणराज्य, मिस्र, फ्रांस, ईरान, जॉर्डन, कजाकिस्तान, कुवैत, लेबनान, मलेशिया, ओमान, फिलिस्तीन, कतर, रूसी संघ, सऊदी अरब, दक्षिण अरब, दक्षिण अफ्रीका, स्पेन, श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन, उरुग्वे, अमेरिका और उज्बेकिस्तान शामिल हैं।

## नया निकॉन जेड एफ कैमरा लांच,कीमत 176995

नयी दिल्ली। इमेजिंग टेक्नोलॉजी क्षेत्र की कंपनी निकॉन कॉरपोरेशन की भारतीय इकाई निकॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आज अपने बहुप्रतीक्षित मॉडल निकॉन जेड एफ को लॉन्च किया जिसकी कीमत 176995 रुपये है।

कंपनी के प्रबंध निदेशक सज्जन कुमार ने आज यहां इसको लाँच करते हुये कहा कि इस हाइब्रिड कैमरा की लॉन्चिंग के साथ कंपनी ने अपने मिररलेस कैमरा लाइन-अप को और मजबूत बनाया है। यह कैमरा फोटोग्राफी के साथ-साथ वीडियोग्राफी आर्ट को भी नई पहचान देगा।

इमेजिंग की दुनिया में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए तैयार निकॉन जेड एफ में फुल-फ्रेम सेंसर और एक्सपीड 7 इमेज-प्रोसेसिंग इंजन का प्रयोग किया गया है। साथ ही इसमें कुछ ऐसी खूबियां भी हैं, जो इसे निकॉन के मिररलेस फ्लैगशिप




प्रोडक्ट्स निकॉन जेड 9 और जेड 8 की बराबरी पर खड़ा करती हैं।

उन्होंने कहा कि बेस्ट-इन-क्लास टेक्नोलॉजी और फीचरों के साथ नए जेड एफ से एएफ और वीआर परफॉर्मेंस का आनंद मिलेगा। जेड एफ को विशेषरूप से मॉडर्न-डे क्रिएटरों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह इनोवेशन, परफॉर्मेंस और विविधता का शानदार उदाहरण है। अत्याधुनिक कैमरा निकॉन जेड एफ क्रिएटिविटी को नई ऊंचाई देने के लिए तैयार है। यह परफॉर्मेंस के मामले में नए स्टैंडर्ड बनाएगा और हर पल को आइकॉनिक बनाएगा।

उन्होंने कहा अपने फुल-फ्रेम जेड कैमरा की श्रेणी में नए निकॉन जेड एफ को लॉन्च करते हुए हम रोमांचित हैं। इसमें विविधतापूर्ण और इनोवेटिव हाइब्रिड फीचर्स हैं। एक्सपीड 7 इमेज प्रोसेसर वाले इस नए कैमरा में इन-कैमरा 10-बिट-एन-लॉग वीडियो जैसे फीचर हैं। इस लॉन्चिंग के साथ हमने इंडस्ट्री में पहला फोकस पॉइंट वीआर पेश किया है, जिससे पेरिफेरी पोजिशन में भी सब्जेक्ट कम ब्लर होता है।


इसमें डेडिकेटेड मोनोक्रोम सेलेक्टर भी है। एआई से नियंत्रित पोर्ट्रेट इम्प्रेशन बैलेंस, स्किन सॉफ्टनिंग और एडवांस ऑटो जैसे फीचर्स को वेडिंग एवं फैशन के क्षेत्र में काम करने वाले फोटोग्राफर्स और सिनेमैटोग्राफर्स को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। निकॉन जेड एफ क्रिएटर कम्युनिटी के लिए एक एक्सटेंशन बनकर सामने आएगा और इससे उन्हें अपने कंटेंट को नई ऊंचाई तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

## इंडिया ज्वैलरी शॉपिंग फेस्टिवल की घोषणा, पुरस्कार में मिलेंगे 35 करोड़ के आभूषण

नयी दिल्ली। ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल (जीजीसी) ने त्योहारी सीजन के मद्देनजर 22 नवंबर तक चलने वाले इंडिया ज्वैलरी शॉपिंग फेस्टिवल की आज घोषणा की जो 15 अक्टूबर से शुरू होगा। इस दौरान कुल मिलाकर 35 करोड़ रुपये के आभूषण पुरस्कार में देने का भी ऐलान किया गया है।

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की मौजूदगी में यहां यह घोषणा की गयी। इस मौके पर श्री गडकरी ने कहा कि इस उद्योग में एक लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला हुआ है और इससे देश को जीएसटी के रूप में राजस्व भी मिलता है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में घरेलू और विदेशी दोनों की मांग में बहुत संभावनाये दिख रही है। उन्होंने कहा कि जब वे एमएसएमई मंत्री थे तब आभूषण निर्यात बढ़ाने के लिए कई उपाय किये थे। देश में डिजाइन किये गये आभूषणों की वैश्विक स्तर पर बेहतर मांग है। इससे घरेलू स्तर पर तो लाभ हो रही है बल्कि विदेशी बाजार से भी मांग आयेगी और इससे देश को पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में हर क्षेत्र की भागीदारी की जरूरत है।

15 अक्टूबर से 22 नवंबर तक देश भर के 300 शहरों में इसका संचालन किया। इसको डिवाइन सॉलिटेयरेसिस द्वारा प्रायोजित किया गया है। इस फेस्टिवल से बी2बी और बी2सी दोनों सेगमेंट को लाभ प्राप्त होगा, जहाँ व्यवसायी मालिक पंजीकरण शुल्क देकर और उनके लिए उपलब्ध कई सदस्यता



योजनाओं में से एक का चयन करके इस फेस्टिवल का हिस्सा बन सकते हैं। ग्राहकों को 25000 रुपये की किसी भी खरीदारी पर एक सुनिश्चित कूपन और सीमित संस्करण वाला चांदी का सिक्का भी दिया जाएगा।

विजेताओं को लगभग 35 करोड़ रुपये के आभूषण दिए जायेंगे। इसके अलावा, हर 5000 कूपन के सेट पर 25 ग्राम सोने का सिक्का जैसे अन्य आकर्षक पुरस्कार भी शामिल किये गए हैं। अन्य उपहारों में 1 किलो सोने के 5 पुरस्कार, 10 लाख के जड़ाऊ आभूषण के 5 पुरस्कार, 10 लाख के मंदिर आभूषण के 5 पुरस्कार, 5 लाख के हीरे और कीमती पत्थरों से जड़े आभूषण के 10 पुरस्कार, 2.5 लाख मूल्य के सोने के आभूषणों के 10 पुरस्कार और डिवाइन सॉलिटेयर्स की ओर से हीरे जड़ित सोने के सिक्के के 100 पुरस्कार शामिल हैं।

जीजेसी के निदेशक और आईजेएसएफ संयोजक दिनेश जैन ने कहा कि आईजेएसएफ 200 से ज्यादा शहरों से शामिल होने वाले 3000 खुदरा विक्रेताओं के जरिए 1,20,000 करोड़ रुपये का व्यवसाय करने की उम्मीद कर रहा है।

इससे मोटे तौर पर व्यवसाय में लगभग 30-35 प्रतिशत की वृद्धि होगी। इस महोत्सव से आभूषण उद्योग में रोजगार के बड़े अवसर उत्पन्न होने की भी उम्मीद है। विजेताओं की चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आईजेएसएफ को डिजिटल रूप से भी आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही, बाहर रहने वाले 4 करोड़ एनआरआई भी रोमांचक ऑफरों के लाभ उठा सकेंगे और आईजेएसएफ के दौरान अपनी आभूषणों की खरीदारी की योजना बना सकेंगे, जिससे भारत एक आभूषण पर्यटन केंद्र बन जाएगा।

जीजेसी के अध्यक्ष सैय्यम मेहरा ने कहा आईजेएसएफ सभी आभूषण व्यापारियों के लिए एक संभावित मौका है, और उद्योग के महत्वपूर्ण खिलाड़ियों द्वारा इसमें बड़ी रुचि दिखाई गई है। यह आयोजन उपभोक्ताओं और निर्माताओं दोनों के लिए फायदेमंद है। ज्वैलर्स के लिए आगे बढ़ने और बिक्री को बढ़ाने का मौका आ गया है। खरीदार इस बीच ऐसे आभूषणों को खरीदते हैं और उन्हें शादियों और अन्य समारोहों जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के लिए रखते हैं। जेम एंड ज्वैलरी काउंसिल को उम्मीद है कि इस आयोजन में संपूर्ण मूल्य श्रृंखला शामिल होगी, जो भारी आय क्षमता की गारंटी देता है। यह आयोजन व्यवसाय को प्रोत्साहित करता है और ग्राहकों को पुरस्कृत भी करता है।

इसके साथ ही, यह स्थापित व्यावसायिक रणनीतियों के साथ प्रतिष्ठित ज्वैलर्स के उपयोग को प्रोत्साहित करके व्यावसायिकता और मानक व्यावसायिक प्रथाओं के पालन को प्रोत्साहित करता है।

# अर्बन कंपनी ने स्मार्ट वॉटर प्यूरीफायर नेटिव की नयी रेंज की लांच

नयी दिल्ली। होम सर्विसेज प्लेटफॉर्म अर्बन कंपनी ने अपने नेटिव ब्रांड के अंतर्गत स्मार्ट आरओ वॉटर प्यूरीफायर की एक नई रेंज लॉन्च की है जिसमें नेटिव एम1 और एम2 मॉडलों में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ उतारा गया है।

कंपनी ने कहा कि नेटिव बाय अर्बन कंपनी भारत के पहले वॉटर प्यूरीफायर हैं, जिन्हें 2 साल तक सर्विसिंग की जरूरत नहीं पड़ेगी। ये प्यूरीफायर बिना फिल्टर बदले 12000 लीटर शुद्ध पानी दे सकते हैं।

नेटिव वॉटर प्यूरीफायर भारत में बनाये गये हैं। इनमें अत्याधुनिक फिल्टर, 'रैपिड रिवर्स रिंस' टेक्नोलॉजी और मल्टी-माइक्रोन फिल्टर सतहें हैं, जिनकी मदद से ये फ़िल्टर दो साल तक चलते हैं, और इनकी स्वामित्व की लागत काफ़ी कम हो जाती है। इसके अलावा एम2 वाटर प्यूरीफायर में आईओटी फीचर दिया गया है, जो अर्बन कंपनी के ऐप पर रियल-टाइम टीडीएस लेवल, पानी की खपत और फ़िल्टर की लाइफ प्रदर्शित करता है। साथ ही, इनके साथ अर्बन कंपनी 'जीरो कॉस्ट' वॉरंटी भी दे रही है, जिसमें दो साल तक फिल्टर, मेम्ब्रेन और अन्य सभी स्पेयर पार्ट्स कवर्ड होंगे।




अर्बन कंपनी के सह संस्थापक एवं सीईओ अभिराज सिंह भाल ने कहा, हम सदैव ग्राहकों का जीवन आसान बनाने का प्रयास करते हैं। पिछले कुछ सैलून में हमने दस लाख से ज़्यादा वाटर प्यूरिफायर की रिपेयरिंग और सर्विसिंग की है। हमारे ग्राहकों की एक समस्या एक सी है कि वाटर प्यूरिफायर का फ़िल्टर बदलने और सर्विसिंग की ज़रूरत कुछ महीनों में बार-बार क्यों पड़ती है।

हमने ग्राहकों की इस समस्या का समाधान करने के लिए अपने नेटिव वाटर प्यूरिफायर पेश किए हैं। नेटिव वॉटर प्यूरिफायर बिना किसी सर्विसिंग के 2 साल तक ग्राहकों को शुद्ध और सुरक्षित पेय जल प्रदान करेंगे। उसके बाद भी उन्हें 2 साल में केवल एक बार इसकी सर्विसिंग करानी होगी।

अपने नेटिव वाटर प्यूरिफायर पर हम 2 साल की 'जीरो कॉस्ट' कंप्रेहेंसिव वॉरंटी दे रहे हैं, जिसमें सभी फिल्टर, मेम्ब्रेन और स्पेयर पार्ट्स कवर्ड होंगे। ये प्यूरिफायर काफ़ी सोच-विचार के साथ डिजाइन किए गए हैं। एम2 वाटर प्यूरिफायर में तो यूसी ऐप की मदद से ग्राहकों को पानी की गुणवत्ता, खपत और फिल्टर की लाइफ की रियल टाइम जानकारी भी मिल जाती है। अपने इन उत्पादों के लिए हम बहुत उत्साहित हैं और उम्मीद करते हैं कि ग्राहकों को ये बहुत पसंद आयेंगे। उन्होंने कहा कि एम1 और एम2 आधुनिक किचन के अनुरूप हैं और इनमें 8-लीटर पानी आ सकता है।

# भारत को विश्वकप में मिली दूसरी जीत, अफगानिस्तान को आठ विकेट से हराया

नयी दिल्ली । कप्तान रोहित शर्मा की 84 गेदों में 131 रन की शतकीय पारी, विराट कोहली के अर्धशतक 55 रन तथा जसप्रीत बुमराह 39 रन देकर चार विकेट के बदौलत भारत ने बुधवार को आईसीसी विश्वकप के नौवें एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में अफगानिस्तान को आठ विकेट से हरा दिया है।

273 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रोहित शर्मा और इशान किशन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 156 रनों की साझेदारी कर जीत के लिए मजबूत नींव रखी।

भारत का पहला विकेट 19वें ओवर की चौथी गेंद पर इशान किशन 47 रन के रूप में गिरा उन्हें राशिद ने इब्राहिम के हाथों कैच आउट कराया। विकेट गिरने के बावजूद रोहित शर्मा ने तेजी से रन बनाने जारी रखे और अपना शतक पूरा किया। 25वें ओवर की चौथी गेंद पर रोहित शर्मा 131 को राशिद ने बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। विराट कोहली 55 रन और श्रेयस अय्यर 25 बनाकर नाबाद रहे। कोहली ने 35वें ओवर की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर भारत को जीत दिलायी। इसी के साथ विश्वकप में भारत को यह दूसरी जीत मिली है।

अफगानिस्तान की ओर राशिद खान ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। अफगानिस्तान के शेष गेंदबाज कोई प्रभाव नहीं छोड़ सके।

इससे पहले आज टॉस जीतकर अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अजमतुल्लाह उमरजई को 62 रन और हशमतुल्लाह शाहिदी 80



रनों की बदौलत आठ विकेट पर 272 रन बनाये। सातवें ओवर की चौथी गेंद पर बुमरोह ने इब्राहम जादरान को विकेट के पीछे केएल राहुल के हाथों कैच कराकर अफगानिस्तान को पहला झटका दिया है। जादरान 28 गेंदों पर 22 रन बनाकर आउट हुए। 13वे ओवर की चौथी गेंद पर गुरबाज 21 रन बनाकर पवेलियन लौट गये।

उन्हें हार्दिक की गेंद पर शार्दुल ने कैच आउट किया। उस समय टीम का स्कोर दो विकेट पर 63 रन था। 13 ओवर की पहली गेंद पर शार्दुल ने रहमत शाह को पगबाधा आउट करके पवेलियन भेजा दिया। रहमत 16 रन बनाकर आउट हुए।

अफगानिस्तान को 43 ओवर में 225 रन पर चौथा झटका उस समय लगा जब अजमतुल्लाह उमरजई को 62 रन को पंड्या ने बोल्ड कर पवेलियन पवेलियन भेज दिया। उसके बाद कुलदीप यादव ने हशमतुल्लाह शाहिदी 80 रन पर पगबाधा कर पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। मोहम्मद नबी 18 रन को बुमरोह ने पगबाधा आउट किया।

नजीबउल्लाह ज़दरान दो रन को बुमराह ने कोहली के हाथों कैच आउट कराया। 49वें ओवर की पहली गेंद पर बुमराह ने राशिद ख़ान 16 को कुलदीप के हाथों कैच आउट करा दिया। मुजीब उर रहमान 10 रन और नवीन उल हक़ नौ रन बनाकर नाबाद रहे। अफानिस्तान 50 ओवर में आठ विकेट पर 272 बना सका। हालाकि एक समय ऐसा लगा रहा था कि अफगानिस्तान भारत को 300 रन से ऊपर का लक्ष्य देगा, लेकिन पांड्या ने अजमतुल्लाह उमरजई को 62 रन को और कुलदीप यादव ने हशमतुल्लाह शाहिदी 80 रन पर पगबाधा कर अफगानिस्तान को बड़ा लक्ष्य बनाने से रोक दिया।

भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह 39 रन देकर चार विकेट लिये। हार्दिक पंड्या ने 43 रन देकर दो विकेट चटकाये। शार्दुल ठाकुर और कुलदीप यादव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## शार्ट न्यूज

### पीएनबी ने सीआईएसएफ को 7-2 से हराया

लखनऊ । लखनऊ में खेली जा रही 41वीं अखिल भारतीय केडीसिंह 'बाबू' पुरूष आमंत्रण प्राईजमनी हाकी प्रतियोगिता में बुधवार को पीएनबी ने सीआईएसएफ के खिलाफ 7-2 से जीत दर्ज की। पद्मश्री मो शाहिद सिन्थेटिक हाकी स्टेडियम में मैच के 23वें मिनट में सीआईएसएफ के वाशुदेव ने शानदार फील्डगोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी मगर दो मिनट बाद ही पीएनबी के मंदीप मोर ने पेनाल्टी कार्नर को गोल में तब्दील कर हिसाब बराबर कर दिया। पीएनबी की ओर से 31वें मिनट में गुरसिमरन सिंह ने पेनाल्टी कार्नर, 35वें मिनट में नवीन अंटिल ने फील्डगोल एवं 37वें मिनट में बनमानी ने एक फील्डगोल कर अपनी टीम का स्कोर 4-1 कर दिया। सीआईएसएफ की टीम की ओर से मैच के 48वें मिनट विशालजीत सिंह ने एक फील्डगोल कर अपनी टीम का स्कोर 2-4 कर दिया। मैच के 50वें मिनट में पीएनबी की टीम की ओर से नवीन अंटिल ने फील्डगोल, 58वें मिनटन में अर्जुन ने पेनाल्टी स्ट्रोक से एवं 60वें मिनट में नवीन अंटिल ने फील्डगोल कर अपनी टीम का स्कोर 7-2 कर दिया। यही स्कोर अन्त तक कायम रहा। एक अन्य मैच में इण्डियन आयल ने मुम्बई कस्टम को एकतरफा 7-0 गोल के अन्तर से पराजित कर दिया। इण्डियन आयल की ओर से मनप्रीत ने दो गोल दागे जबकि रघुनाथ,तलविन्दर सिंह,गुरजिन्दर,अर्शदीप और सुनील यादव ने एक एक गोल किया।

### एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले पवन सहरावत और अभिषेक वर्मा से मिले केजरीवाल

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एशियाई खेलों में भारत के लिए मेडल लाने वाले दिल्ली के खिलाड़ी पवन सहरावत और अभिषेक वर्मा से बुधवार को अपने आवास पर मुलाकात करके उन्हें बधाई दी और मेडल पहनाकर सम्मानित भी किया। सहरावत ने कबड्डी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है और वह भारतीय कबड्डी टीम के कप्तान भी हैं, जबकि वर्मा ने तीरंदाजी में स्वर्ण और सिल्वर पदक जीता है। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को शाबाशी देते हुए कहा कि ऐसे ही दिल्ली और देश का नाम रौशन करते रहे। उन्होंने कहा, ये खिलाड़ी दिल्ली सरकार के मिशन एक्सिलेंस स्कीम का हिस्सा हैं। इस स्कीम का हमारे खिलाड़ियों को बहुत फायदा हो रहा है और नतीजे भी शानदार आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने दोनों ही खिलाड़ियों से खेलों को लेकर काफी बातें कीं और उनके भविष्य की योजनाओं के बारे में भी जाना। खिलाड़ियों ने केजरीवाल का आभार जताते हुए कहा, अगर हमें दिल्ली सरकार से वित्तीय मदद नहीं मिलती तो वह आज इस उपलब्धि को हासिल नहीं कर पाते। केजरीवाल ने कहा, हमारी कोशिश है कि हमारे देश के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में ज्यादा से ज्यादा पदक जीत कर लाएं। इसके लिए हमें उनको जो भी सहूलियतें देनी पड़ेगी, हम देंगे।

### उभरती खेल प्रतिभाओं का मार्गदर्शन करेंगी साइना

हैदराबाद। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल को दक्षिण भारत की प्रमुख बैडमिंटन कोचिंग अकादमी 'बैडमिंटन प्रोस' ने अपना मेंटर नियुक्त किया है। साइना इस उद्यम में हमवतन राष्ट्रमंडल स्वर्ण पदक विजेता और ओलंपियन पारुपल्ली कश्यप और राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आरएमवी गुरुसाई दत्त के साथ शामिल हो गई हैं। 'द बैडमिंटन प्रोफेशनल्स' के तत्वावधान में 'बैडमिंटन प्रोस' की सह-स्थापना विजय लैंसी, सीईओ, थॉमस क्यूपर, अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी और आईआईएम कलकत्ता ग्रेजुएट ने अर्जुन पुरस्कार विजेता और ओलंपियन अनूप श्रीधर के साथ मिलकर की है। यह अकादमी हैदराबाद, बैंगलोर और मुंबई में स्थित हैं। मेंटर के रूप में साइना उभरती खेल प्रतिभाओं के विकास में सहयोग करेंगी, जिससे उन्हें मानसिक दृढ़ता बनाने और उनके खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद मिलेगी। 'बैडमिंटन प्रोस' में शामिल होने पर साइना ने कहा, मैं हमेशा बैडमिंटन के खेल को वापस लौटाना चाहती थी, जिसने मुझे बहुत कुछ दिया है। मैं समान विचारधारा वाले, भावुक व्यक्तियों के साथ सहयोग करना चाहती थी जिनके पास गहरी समझ हो।

### सेना प्रमुख ने एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले सेना के जवानों को किया सम्मानित

नयी दिल्ली। भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बुधवार को एशियाई खेलों में भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा और अविनाश सावले सहित अन्य खिलाड़ी जवानों को सम्मानित किया। आज यहां मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक समारोह में सेना प्रमुख ने एशियाई खेलों में भाग लेने वाले सेना के खिलाड़ी जवानों को सम्मानित किया और उनके साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के अटूट निष्ठा, ध्यान और समर्पण के परिणामस्वरूप देश को यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई। सेना प्रमुख ने 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में अविनाश साबले और पुरुष कबड्डी टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल करने वाले अर्जुन देशवाल को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य के प्रयासों में उनके प्रदर्शन को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर समर्थन, अत्याधुनिक प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे और विश्वस्तरीय कोचिंग सुविधाओं का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि यह देखकर अच्छा लगा कि भारतीय खिलाड़ी भी रोइंग और नौकायन जैसे खेलों में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रहे हैं।

### आज से शुरू होगी जूनियरों के बीच भिड़ंत

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में गुरुवार से शुरु होने वाली पहली हॉकी इंडिया जूनियर और सब जूनियर महिला अकादमी चैंपियनशिप (जोन ए) में पांच टीमें हिस्सा लेंगी। मध्य प्रदेश महिला हॉकी अकादमी में शुरू होने वाली चैंपियनशिप में खालसा हॉकी अकादमी (अमृतसर), भाई बहलो हॉकी अकादमी भगता, मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी, सैल्यूट हॉकी अकादमी और एचआईएम अकादमी के बीच मैच खेले जायेंगे। प्रतियोगिता का फाइनल 19 अक्टूबर को होगा। जूनियर और सब जूनियर महिला दोनों वर्गों में ग्रुप चरण के पूरा होने के बाद शीर्ष दो टीमें 19 अक्टूबर को चैंपियनशिप शोडाउन में स्थान सुरक्षित करेंगी। इस बीच, पूल चरण में तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें तीसरे/चौथे स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। ग्रुप चरण में जीतने वाली टीम को तीन अंक मिलेंगे जबकि ड्रॉ पर प्रत्येक टीम को एक अंक मिलेगा। निर्धारित समय के अंत में टाई होने की स्थिति में, शूट-आउट से विजेता का फैसला किया जाएगा। जोन ए में रोमांचक मैचों के बाद जोन बी में हॉकी इंडिया जूनियर और सब जूनियर महिला अकादमी चैंपियनशिप होगी जिसमें शेष भारत की अकादमियां शामिल होंगी जिसके अंत में तीन टीमें हिस्सा लेंगी।

### बास्केटबॉल चैंपियंस लीग में इजरायल के शुरुआती मुकाबले स्थगित

जेरूसलम, 11 अक्टूबर (वार्ता) बास्केटबॉल चैंपियंस लीग में अगले सप्ताह होने वाले इजरायली टीमों के शुरुआती मैच इजरायल में सुरक्षा स्थिति के कारण स्थगित कर दिए गए हैं। इंटरनेशनल बास्केटबॉल फेडरेशन (फीबा) और इज़राइल बास्केटबॉल एसोसिएशन ने मंगलवार को अलग-अलग बयानों में यह घोषणा की। फीबा के निर्णय में हापोएल जेरूसलम और एसएल बेनफिका के बीच ग्रुप जी का खेल शामिल है, जो शुरू में इज़राइल में 17 अक्टूबर के लिए निर्धारित था जबकि ग्रुप एफ में टेलीकॉम बॉन और हापोएल होलोन के बीच मैच जर्मनी में अगली शाम खेला जाना था। फीबा ने जारी बयान में कहा कि इजरायल में परिस्थितियाँ अनुकूल होने पर नई तारीखों की घोषणा की जायेगी। यह निर्णय आईबीबीए से विचार विमर्श के बाद लिया गया है। इस बीच यूरोपीय हैंडबॉल महासंघ के अनुसार महिला हैंडबॉल यूरो 2024 क्वालीफायर में इज़राइल के दो शुरुआती मैच, बुधवार को स्लोवाकिया के खिलाफ और शनिवार को जर्मनी के खिलाफ भी स्थगित कर दिए गए है। इज़राइल हैंडबॉल एसोसिएशन ने कहा कि इज़राइल में अधिकांश महिला और पुरुष टीमों के विदेशी खिलाड़ी सुरक्षा स्थिति के कारण देश छोड़ चुके हैं।

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिये भारतीय टीम घोषित




नई दिल्ली। रांची में 27 अक्टूबर से पांच नवंबर के बीच खेली जाने वाली झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिये भारतीय टीम की घोषणा बुधवार को कर दी गयी। टूर्नामेंट में भारत के अलावा जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीमे हिस्सा लेंगी। भारतीय महिला टीम ने हाल ही में 19वें एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था। सविता टूर्नामेंट में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी जबकि दीप ग्रेस एक्का उपकप्तान की भूमिका में होंगी। भारत टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत 27 अक्टूबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगा जिसके बाद 28 अक्टूबर को उसका मुकाबला मलेशिया से होगा। भारत अपने तीसरे गेम में सोमवार यानी 30 अक्टूबर को चीन से भिड़ेगा जबकि 31 अक्टूबर को जापान के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेगा।

भारत अपना अंतिम पूल मैच दो नवंबर को कोरिया के खिलाफ खेलेगा। टूर्नामेंट का सेमीफाइनल चार नवंबर को और फाइनल पांच नवंबर को खेला जाएगा। सविता और बिचु देवी खारीबाम को टीम में गोलकीपरों की सूची में शामिल हैं जबकि निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी और दीप ग्रेस एक्का रक्षा पंक्ति में तैनात होंगी।

## नीता और मुकेश अंबानी ने थॉमस बाख का पारंपरिक रूप से किया स्वागत

मुंबई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी और रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और चेयरपर्सन नीता और मुकेश अंबानी ने बुधवार को एंटीलिया में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी के अध्यक्ष थॉमस बाख का पारंपरिक रूप से स्वागत किया। बाख 15-17 अक्टूबर के बीच होने वाले 141वें आईओसी सत्र में भाग लेने के लिए मुंबई में हैं। नीता अंबानी और मुकेश अंबानी ने मुंबई में अपने आवास पर आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाख का गर्मजोशी और परंपरागत तरीके से स्वागत किया। नीता अंबानी बाख का आरती उतार कर और तिलक लगाकर स्वागत किया। नीता अंबानी आईओसी की पहली भारतीय निजी महिला सदस्य हैं।

## एशियन कप विजेता हॉकी टीम का अमृतसर हवाई अड्डे पर पहुंचने पर जोरदार स्वागत

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर जिले के उपायुक्त अमित तलवार ने बुधवार को एशियन कप विजेता हॉकी टीम के सदस्यों हरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, शमशेर सिंह, जर्मनप्रीत सिंह, मनदीप सिंह, मनप्रीत सिंह , सुरजीत सिंह और गुरजंत सिंह का अमृतसर हवाई अड्डे पर पहुंचने पर स्वागत किया।

इस अवसर पर सांसद गुरजीत सिंह औजला, विधायक डॉ अजय गुप्ता, पुलिस कमिश्नर नौनिहाल सिंह, चेयरमैन जसप्रीत सिंह, आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जुगराज सिंह, रमनदीप सिंह, चेयरमैन अशोक तलवार,लोकसभा प्रभारी इकबाल सिंह भुल्लर एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

हॉकी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए उपायुक्त तलवार ने कहा कि पंजाब



के खिलाड़ियों ने होंगझाउ में एशियाई खेलों में पिछले 72 वर्षों के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा बनाई गई नयी खेल नीति के तहत पहली बार एशियाई खेलों में हिस्सा लेने गए 48 पंजाबी खिलाड़ियों को आठ लाख रुपये प्रति खिलाड़ी के हिसाब से कुल 4.64 करोड़ रुपये दिए गए।

तलवार ने कहा कि एशियाई खेलों में चौथी बार स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम में कप्तान हरमनप्रीत सिंह समेत कुल 10 खिलाड़ी पंजाब से थे। उन्होंने कहा कि भारत ने हॉकी मैचों में कुल 68 गोल किये, जिनमें से 43

गोल अकेले पंजाबी खिलाड़ियों ने किये। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को

एक करोड़ रुपये इनाम के तौर पर देगी।

# इजराइली हमलों के बाद पूरे गाजा की बिजली ठप

**अस्पतालों में 2 दिन का ही इमरजेंसी बैकअप , इजराइल पर फास्फोरस बम दागने का आरोप**



इजराइल-हमास जंग का आज पांचवां दिन है। अलजजीरा के मुताबिक, इजराइली हमलों के बाद पूरे गाजा में बिजली सप्लाई ठप हो गई है। फिलिस्तीन की एनर्जी अथॉरिटी के चेयरमैन थाफर मेल्हेम ने वॉयस ऑफ फिलिस्तीन रेडियो को बताया कि गाजा पट्टी के एकमात्र पावर प्लांट में ईंधन खत्म हो गया है। इससे पूरे इलाके की बिजली सप्लाई रुक गई है। अस्पतालों की इमरजेंसी लाइट सिर्फ 2 दिन चल सकेगी। 9 अक्टूबर को गाजा बॉर्डर पर कब्जे के बाद इजराइल ने गाजा तक होने वाली बिजली सप्लाई रोक दी थी। इसके पहले इजराइल पर फिलिस्तीन ने फास्फोरस बम दागने के आरोप लगाए हैं। फिलिस्तीन की न्यूज एजेंसी वाफा के मुताबिक, इजराइली सेना ने गाजा से लगे हुए अल-करामा शहर पर इजराइल ने प्रतिबंधित फास्फोरस बम का इस्तेमाल किया। ये बम जिस इलाके में गिरते हैं वहां ऑक्सीजन लेवल कम हो जाता है। इसके कण इतने छोटे होते हैं कि मानव शरीर में घुस जाते हैं। वहीं, रातभर में इजराइल ने गाजा में हमास के 200 ठिकानों पर हमले किए। इजराइली एयरफोर्स ने बताया है कि उन्होंने हमास कमांडर मोहम्मद देइफ के पिता के घर पर अटैक किया है। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक इस हमले में देइफ के भाई की मौत हुई है।

### बाइडेन ने इजराइल के लिए मदद दोगुना करने की घोषणा की

इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से युद्ध के हालात की जानकारी ली। बाइडेन ने मंगलवार देर रात व्हाइट हाउस से अपने संबोधन में कहा कि अमेरिका इजराइल के साथ है। इजराइल में एक हजार लोगों की अमानवीय तरह से हत्याएं की गई हैं। इनमें 14 अमेरिकी नागरिक मारे गए। इजराइल में नरसंहार हुआ है। इजराइल को इस हमले का जवाब देने का अधिकार है। इसके साथ ही उन्होंने इजराइल के लिए मदद को दोगुना करने की घोषणा की। बाइडेन ने कहा- यह आतंकवाद है, लेकिन दुख की बात है कि यहूदी लोगों के लिए यह कोई नई बात नहीं है। वहीं अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बताया कि इजराइल के साथ एकजुटता दिखाने के लिए विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन आज इजराइल रवाना होंगे। वो गुरुवार को इजराइल पहुंच सकते हैं।

### गाजा में यूएन के 9 कर्मचारी मारे गए

इजराइल और हमास की जंग में अब तक 2,150 लोगों की मौत हुई है। इनमें से करीब 1,200 इजराइली हैं। वहीं अब तक करीब 950 फिलिस्तीनियों ने भी जान गंवाई है। गाजा पर इजराइल के हमले में यूएन के 9 कर्मचारी मारे गए हैं। इस बीच मंगलवार रात अमेरिका का पहला ट्रांसपोर्ट प्लेन गोला-बारूद के साथ इजराइल के नेवातिम एयरबेस पर पहुंच गया।

दूसरी तरफ, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने पहली बार जंग को लेकर बयान दिया। उन्होंने कहा- यह युद्ध अमेरिकी विदेश नीति की विफलता है। अमेरिका फिलिस्तीनियों के हित को नजरअंदाज कर रहा है।

## इज़रायल-हमास संघर्ष में लेबनान भी कूदा

तेल अवीव। इज़रायल और फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के बीच जंग में लेबनान भी शामिल हो गया है और लेबनान के हिजबुल्लाह समूह ने टैंकरोधी मिसाइलों से इज़रायली सेना पर हमला किया जिसके बाद इज़रायली सेना ने लेबनान की ओर भी मोर्चा खोल दिया है। उधर इज़रायली हमले में हमास के दो बड़े कमांडरों के मारे जाने की खबर के बीच गुरुवार को ब्रूसेल्स में नाटो की एक महत्वपूर्ण बैठक में इज़रायली रक्षा मंत्री नाटो देशों को संघर्ष की ताज़ा स्थिति की जानकारी देंगे। ताज़ा आंकड़ों के अनुसार इज़रायली फौज के हाथों कम से कम 900 फिलिस्तीनियों की मौत हुयी जबकि हमास ने शनिवार को संघर्ष शुरू होने के बाद से 1200 से अधिक इजरायलियों को मौत के घाट उतारा है। हमास ने शनिवार को गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला करके दुनिया को चौंका दिया है। इजरायल द्वारा सोमवार को पूरी तरह से नाकाबंदी करने के आदेश के बाद, गाजा पट्टी इलाके में पानी, खाद्य और ईंधन आपूर्ति पूरी तरह से बंद हो गयी। हमास से जुड़े एक फिलिस्तीनी चैनल 'अल अक्सा' ने बुधवार को बताया कि गाजा पट्टी के दक्षिण में इजरायली हवाई हमले के दौरान हमास आंदोलन की सशस्त्र शाखा, अल-कसम ब्रिगेड के कमांडर के रिश्तेदार मारे गए। एक इजरायली युद्धक विमान ने अल-कसम के मुख्य कमांडर मोहम्मद अल-दीफ के भाई के घर को निशाना बनाया।

## ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार चीन से स्वदेश लौटी

बीजिंग। पत्रकार चेंग लेई चीन में तीन साल से अधिक समय तक हिरासत में रहने के बाद ऑस्ट्रेलिया लौट आयी हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधान मंत्री एंथनी अल्बानीज़ ने उनकी रिहाई की घोषणा करते हुए कहा, हवाई अड्डे पर विदेश मंत्री पेनी वोंग ने उनसे मुलाकात की। चेंग लेई (48) चीन के सरकारी अंग्रेजी भाषा टीवी स्टेशन सीजीटीएन के लिए एक बिजनेस रिपोर्टर के रूप में काम कर रही थीं, जब उन्हें 13 अगस्त 2020 को गिरफ्तार किया गया था। बाद में उन पर 'विदेशों में अवैध रूप से देश के रहस्यों की आपूर्ति' करने का आरोप लगाया गया। उनके आरोप कभी सार्वजनिक नहीं किये गये। सुश्री चेंग को मुक्त कर दिया गया क्योंकि ऑस्ट्रेलिया और चीन के बीच रिश्ते अच्छे हो रहे हैं। महामारी के दौरान दोनों देशों के बीच तनाव गहरा था, जिसके कारण जौ, कोयला और लकड़ी जैसे ऑस्ट्रेलियाई निर्यात पर चीन ने प्रतिबंध लगा दिया। चेंग की रिहाई के बाद, अल्बानीज़ ने कहा कि इससे इस वर्ष 'परस्पर सहमत समय' पर उनकी चीन यात्रा में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि चेंग मेलबर्न में अपने दो बच्चों से फिर से मिल गई हैं। सरकार लंबे समय से इसकी मांग कर रही है और उनकी वापसी का न केवल उनके परिवार और दोस्त बल्कि सभी आस्ट्रेलियाई लोग गर्मजोशी से स्वागत करेंगे।

## हमास के हमलों का जवाब देना इज़राइल का अधिकार

वाशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि सप्ताहांत में हमास के हमलों का जवाब देना इजरायल का अधिकार और कर्तव्य है, जिसे उन्होंने 'सरासर दुष्ट कृत्य' करार दिया है। बाइडेन ने कहा कि अमेरिका 'इजरायल के साथ खड़ा रहेगा' और उसे जो भी सहायता की आवश्यकता होगी वह प्रदान करेगा। बाइडेन ने कहा कि हमलों में कम से कम 14 अमेरिकी मारे गए और अन्य अमेरिकी नागरिकों को बंधक बना लिया गया। एक ब्रीफिंग में मंगलवार को एक राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता ने कहा कि कम से कम 20 अमेरिकी लापता थे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि उनमें से कितने को हमास ने बंदी बना लिया है। समूह के उग्रवादियों ने शनिवार को गाजा पट्टी में कई स्थानों पर सीमा बाड़ को तोड़ दिया और सबसे गंभीर सीमा पार हमला किया, जिसका इज़राइल ने एक पीढ़ी में सामना किया है। इजराइल में शनिवार से अब तक करीब 1,200 लोग मारे जा चुके हैं, गाजा पर जवाबी इजरायली हवाई हमलों में 950 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। व्हाइट हाउस में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और राज्य सचिव एंटनी ब्लिंकन के साथ खड़े होकर, बाइडेन ने कहा कि हमास आतंकवादियों द्वारा 'हिंसक कार्रवाई' का कोई औचित्य नहीं है।

# पठानकोट हमले के मास्टरमाइंड की पाक में हत्या

**जैश आतंकी शाहिद लतीफ को सियालकोट में गोली मारी**

पठानकोट हमले के मास्टमाइंड शाहिद लतीफ की पाकिस्तान के सियालकोट की मस्जिद में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। शाहिद लतीफ एनआईए की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लतीफ पर अज्ञात लोगों ने गोलियां चलाईं।

2 जनवरी, 2016 को जैश के आतंकियों ने पठानकोट में एयरबेस पर हमला कर दिया था। इसमें 7 जवान शहीद हो गए थे। 36 घंटे एनकाउंटर और तीन दिन तक कॉम्बिंग ऑपरेशन चला था। शाहिद लतीफ आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का एक प्रमुख सदस्य था।

उसने ही चारों JeM आतंकवादियों को पठानकोट भेजा था। लतीफ पर उन आतंकियों में भी



शामिल होने का आरोप है, जिन्होंने 1999 में इंडियन एयरलाइंस के विमान को अगवा किया था।

### भारत में गिरफ्तार हो चुका शाहिद लतीफ

लतीफ को नवंबर 1994 में भारत में गिरफ्तार किया गया था, और मुकदमा चलाया गया था। भारत में सजा पूरी होने के बाद 2010 में उसे वाघा के रास्ते पाकिस्तान भेज दिया गया था। एनआईए के मुताबिक लतीफ 2010 में अपनी रिहाई के बाद पाकिस्तान में जिहादी फैक्ट्री में वापस चला गया था।

### भारतीय सेना की वर्दी में आए थे हथियारबंद आतंकी

एयरबेस पर यह हमला 2 जनवरी 2016 को हुआ था। भारतीय सेना की वर्दी में आए हथियारबंद आतंकियों ने इसे अंजाम दिया था। वे सभी भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर रावी नदी के रास्ते आए थे। भारतीय इलाके में पहुंचकर आतंकियों ने कुछ गाड़ियां हाईजैक कीं और पठानकोट एयरबेस की ओर बढ़ गए। इसके कैंपस की दीवार कूदकर, लंबी घास से होते हुए उस जगह पहुंचे, जहां सैनिक रहते थे। यहां उनका पहला सामना सैनिकों से हुआ।

## पार्किंग में आग लगने के बाद लंदन ल्यूटन हवाई अड्डे पर सभी उड़ानें निलंबित

लंदन। लंदन ल्यूटन हवाई अड्डे के एक कार पार्क में भीषण आग लगने के बाद बुधवार दोपहर तक सभी उड़ानें निलंबित कर दी गई हैं। बेडफोर्डशायर फायर एंड रेस्क्यू सर्विस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, आग लगने की घटना मंगलवार रात स्थानीय समय के अनुसार करीब 9 बजे हवाई अड्डे के टर्मिनल कार पार्क 2 पर हुई और महत्वपूर्ण संरचनात्मक ढांचे को नुकसान पहुंचा , इसमें कहा गया है कि कार पार्क में 1,200 वाहन हो सकते हैं और वे क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। अग्निशमन सेवा ने बुधवार सुबह करीब 9 बजे अपने नवीनतम अपडेट में कहा कि मल्टी-स्टोरी कार पार्क में लगी आग को बुझा दिया गया है, लेकिन चार कर्मचारी और एक हवाई उपकरण घटनास्थल पर मौजूद हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### तीर्थयात्रियों की प्राइवेट सवारी बस हुई अनियंत्रित, ट्रेलर में मारी टक्कर



**सोनभद्र ।** जगन्नाथ पुरी से तीर्थकर तीर्थयात्री मिर्जापुर होते हुए रायबरेली जा रहें थे कि उसी दौरान सोनभद्र के डाला पुलिस चौकी क्षेत्र शहीद स्थल डिवाइडर कटिंग के पास घटित हुई परिघटना। कुछ दिनों पहले रात में ट्रेलर ने निजी कंपनी के बाउंड्री में धक्का मारा था और उसी हाल में खड़ा था ट्रेलर रामविशाल जोशी पुत्र सत्य प्रकाश जोशी निवासी रायबरेली, देवी चरन पुत्र प्रभु, रोहित पुत्र कल्याण अमौसी, बस कंडक्टर वेदप्रकाश, महिला मालती देवी पत्नी शंकर बुरी तरह जख्मी हुए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल रेफर कर दिया गया। इनकी हालत अभी नाजुक बनी हुई है। उसी दौरान स्कूल जा रही बाइक सवार छात्रा को चेचिस बाड़ी ट्रक ने रूपा स्व0 रामनरेश निवासी नौटलिया छात्रा को भी धक्का मार दिया जो घायल हो गई।

### आगामी त्यौहार दुर्गा पूजा व दशहरा के दृष्टिगत आयोजित की पीस कमेटी की मीटिंग

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** आगामी त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु बुधवार को तहसीलदार उतरौला की अध्यक्षता में थाना सादुल्लानगर प्रांगण में आगामी त्यौहार दुर्गा पूजा/ दशहरा के दृष्टिगत पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गयी जिसमें थाना क्षेत्र के सभी मूर्ति स्थापित करने वाले आयोजक तथा सम्भ्रान्त व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा मीटिंग में उपस्थित लोगो को उच्चाधिकारियों से प्राप्त आदेशो निर्देशों से अवगत कराया गया तथा उपस्थित लोगो से त्यौहार के सम्बन्ध में समस्यों के बारे में पूछा गया तो किसी के द्वारा कोई समस्या नही बताया गया सभी नें त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु सहयोग की बात कही।

### भारतीय शैक्षणिक परिसरों में हमास से सहानुभूति की गतिविधियां स्वीकार नहीं

नयी दिल्ली । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने इजरायल पर हमास के हमले की निंदा की है और कहा है कि भारतीय शैक्षणिक संस्थानों में आतंकवादी संगठन हमास के सहानुभूति किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। एबीवीपी बुधवार को यहां कहा कि आतंकवादी संगठन हमास ओर से इजरायल पर किए गए हमले की वीभत्सता को पूरे विश्व ने देखा। इस आतंकवादी हमले में इजरायल के निर्दोष नागरिक मारे गए। एबीवीपी ने हमास के हमले पर कुछ राजनीतिक दलों तथा समूहों द्वारा चुप्पी साधने को बौद्धिक दिवालियापन करार दिया और कहा कि इस तरह का मौन समर्थन आतंकियों तथा उनके समर्थकों को बढ़ावा देने जैसा है। एबीवीपी ने कुछ भारतीय शैक्षणिक परिसरों में हमास के समर्थन में प्रदर्शन कड़ा विरोध करते हुए कहा कि सरकार की वर्तमान विदेश नीति के अनुरूप ही देश के विभिन्न संगठनों को अपना मत प्रकट करना चाहिए। पांथिक उन्माद तथा पूर्वग्रहों से ग्रसित होकर हिंसा की इस चरम स्थिति पर आंख मूंद कर अपना अलग राग अलाप रहे संगठनों को सचेत होने की आवश्यकता है। एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा, विद्यार्थी परिषद इजरायल में हमास के आतंकी हमले में मारे गए नागरिकों श्रद्धांजलि अर्पित करती है और स्थिति सामान्य होने की कामना करती है। विश्व को ? शांति का मार्ग ही समृद्धि के पथ पर अग्रसर कर सकता है। भारत में कुछ शैक्षणिक परिसरों में इजरायल पर हमास के आतंकी हमले पर एक अलग सुर अलापने की कोशिश हो रही है और यह हमास के विचार को समर्थन जैसा है। एबीवीपी भारतीय शैक्षणिक परिसरों में पांथिक उन्मादियों के कृत्य का विरोध करती है। इस तरह की गतिविधियां भारतीय समाज द्वारा बिल्कुल स्वीकार नहीं की जाएंगी।

### शव नहर में फेंकने की पुलिसिया कार्रवाई पर बिहार को मानवाधिकार आयोग का नोटिस

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में एक सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति का शव नहर में फेंके जाने की खबर पर स्वत- संज्ञान लेते हुए बिहार सरकार को नोटिस भेजा है और शव की मानवीय गरिमा के उल्लंघन की इस घटना पर की गयी कार्रवाई के संबंध में राज्य सरकार से चार सप्ताह में रिपोर्ट तलब की है। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक बिहार के तीन पुलिस कर्मियों ने सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के मामले में विधिवित कर्रवाई करने की बजाय शव को नहर में फेंक दिया था। इस घटना का वीडियो फुटेज वायरल होने के बाद यह घटना सामने आई। आयोग की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार उसने इस पर स्वत- संज्ञान लिया है और कहा है कि मीडिया रिपोर्ट की सामग्री, यदि सत्य है, तो यह मृतक के मानव अधिकारों का घोर उल्लंघन है। किसी व्यक्ति की मृत्यु से उसके मानवाधिकार खत्म नहीं हो जाते। मृतक भी सम्मानजनक व्यवहार के पात्र हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, प्रथम दृष्टया, इस मामले में पुलिस कर्मियों ने मानवीय मूल्यों का उल्लंघन करके असभ्यतापूर्ण कार्य किया है। आयोग ने बिहार के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट में उन पुलिस कर्मियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी भी शामिल होनी चाहिए।

# बेटी है स्वर्ग की सीढ़ी, पढेगी तो बढ़ेगी अगली पीढ़ी : जिला प्रोवेशन अधिकारी

## बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बेटियों को किया गया प्रोत्साहित

सोनभद्र । पुनीत अवसर रहा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का जिसपर जिलाधिकारी के निर्देशन में बेटियों की समुन्नति के विविध आयामों को किया रूपायित जिला प्रोवेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने। इनके नेतृत्व में सबल रूप से रेखांकित हुआ बेटी बचाओ - बेटी पढाओ योजनान्तर्गत चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन जो साफल्य पर पहुंचा सोनभद्र के एस0 आर0 इंटरमीडिएट घोरावल सोनभद्र में।

विद्यालय में अध्ययनरत 143 बालिकाएं प्रतिभागी रहीं चित्रकला एवं निबंधात्मक प्रतिस्पर्धा में। चित्रकला प्रतियोगिता में ग्यारहवीं कक्षा की काजल ने पाया प्रथम स्थान तो संध्या दुबे रहीं द्वितीय स्थान पर। दसवीं की छात्रा आँचल मौर्या को तृतीय स्थान से ही संतोष करना पड़ा चित्रांकन की प्रतियोगिता में तो वहीं निबंध की सफल संचालित प्रतिस्पर्धा में अव्वल रही अनन्या जबकि नेहा विश्वकर्मा को मिला दूसरा दर्जा। इस प्रतियोगिता में प्रियंका मौर्या ने पाया तृतीय स्थान जिन्हें बेटी बचाओ - बेटी पढाओ





योजनान्तर्गत सुघड़ स्मृति चिह्न एवं लेखन सामग्री का वितरण कर प्रोत्साहित किया खंड शिक्षा अधिकारी घोरावल ने।

बेटियां अपनी प्रतिभा से देश का नाम रोशन करने में अहम भूमिका निभा रहीं है, यह व्याख्यान देने के साथ ही इस योजना का उद्देश्य बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा, संरक्षा एवं स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है, यह उद्गार भी व्यक्त किये गए। महिला थाना प्रभारी सरोजमा सिंह ने टोल फ्री नम्बर 181,1098,112,1076,1090 और गुड़ टच - बैड टच के बारे विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई।

जिला समन्वयक साधना मिश्रा ने अपने उद्बोधन में बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ योजना का मुख्य उद्देश्य मुखरित किया और आगे कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करने, समान लैंगिक अनुपात स्थापित करने, बाल विवाह की कुप्रथा को रोकने, बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को प्रोत्साहन देने, बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने में सहायता प्रदान करने तथा बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने विषयक विभिन्न बिंदुओं पर बारीकी से प्रकाश डालते हुए सामाजिक कुरीतियों व विडम्बनाओं पर भी अलोकपात किया तथा इनसब के निहितार्थ परिभाषित करते हुए कहा कि नाना प्रकार की कुरीतियों को समाप्त किया जा सके , यही अंतर्निहित समुद्देश्य है इन योजनाओं - कार्यक्रमों का।

केंद्र प्रशासक, वन स्टॉप सेंटर दीपिका सिंह ने वृहत्तर व्याख्या की घरेलू हिंसा एवं दहेज़ उत्पीड़न की समस्याओं के संदर्भगत तथा इस बारे मे गहरी जानकारी दी महिला कल्याण अधिकारी नीतू यति द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य - कोविड-19, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में सुविस्तीर्ण परिज्ञान परोसा उपस्थित जनसमुदाय के समक्ष तथ्यों को निष्पादित करते।

कार्यक्रम का कुशल संचालन किया जिला समन्वयक सीमा द्विवेदी ने जब जिला बाल संरक्षण इकाई ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया आभार ज्ञापित करते हुए। मौके पर मौजूद रहे दयाशंकर विश्वकर्मा, प्रीति मौर्या, पूर्णिमा मौर्या, लक्ष्मीपति राव आडवाणी, अशोक सिंह तथा प्रतिस्पर्धा से उद्बोधन एवं समापन तक एस0 आर0 इण्टरमीडिएट कालेज की बालिकाओं एवं सहकर्मियों का बना रहा जमावड़ा और विज्ञ हुए सभी इनके गर्हित भाव से।

## एनएचपीसी ने मुख्यमंत्री राहत कोष, सिक्किम में 3 करोड़ रुपये का योगदान दिया





एनएचपीसी ने सिक्किम सरकार के राहत कार्यों में सहयोग करने के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में 3 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। 3 अक्टूबर 2023 की रात को ल्होनक झील में आई बाढ़ के कारण हुई अप्रत्याशित प्राकृतिक आपदा के पीड़ितों को मदद देने के लिए एनएचपीसी द्वारा भुगतान राशि का चेक श्री प्रेम सिंह तमांग, माननीय मुख्यमंत्री, सिक्किम को श्री एल.के. त्रिपाठी, कार्यपालक निदेशक (सिलीगुड़ी क्षेत्र), श्री सी.आर. दास, पावर स्टेशन प्रमुख, तीस्ता-V पावर स्टेशन, श्री लहेंडप लेपचा, परियोजना प्रमुख, तीस्ता-VI परियोजना द्वारा 10 अक्टूबर 2023 को गंगटोक में सौंपा गया।

03 और 04 अक्टूबर 2023 की मध्यरात्रि को उत्तरी सिक्किम में ल्होनक झील के फटने से अचानक तीस्ता नदी में भारी बाढ़ आ गई थी। इसके परिणामस्वरूप तीस्ता नदी घाटी में पुल, राष्ट्रीय राजमार्ग-10 के कुछ हिस्से, शहर और अन्य बुनियादी ढांचों को गंभीर नुकसान पहुँचा है। इस आपदा की घड़ी में संपूर्ण एनएचपीसी परिवार सिक्किम के लोगों के साथ खड़ी है। एनएचपीसी प्रबंधन ने आगे बढ़कर इस वित्तीय सहायता के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों में राज्य सरकार के राहत प्रयासों में सहयोग देने का निर्णय लिया है।

इस आपदा में एनएचपीसी राहत कार्यों में सक्रिय रूप से भाग ले रही है और पीड़ितों के लिए लगातार राहत के विभिन्न उपाय कर रही है। प्रारंभ से ही एनएचपीसी राज्य प्रशासन के सहयोग से बाढ़ पीड़ितों के लिए लंगर, राशन वितरण, पीने का पानी तथा अन्य जरूरत की वस्तुओं की आपूर्ति कर रही है। एनएचपीसी द्वारा विभिन्न स्थानों पर चलाए जा रहे लंगर की व्यवस्था स्थिति सामान्य होने तक जारी रहेगी।

## कुपोषण से निपटने में जुटी सरकार : स्मृति ईरानी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा है कि पोषण अभियान कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए 18 मंत्रालयों और राज्य सरकारों के बीच अभूतपूर्व सहयोग का प्रतीक है जो इस विकराल समस्या से निपटने में सरकार की प्रतिबद्धता दर्शाता है।

ईरानी ने कहा कि वर्ष 2019 से पोषण अभियान में पारदर्शिता और दक्षता के लिए तथा जमीनी स्तर पर प्रणालियों को मजबूत करने के लिए गुणवत्ता आश्वासन, कर्मचारियों की भूमिका और जिम्मेदारियों आदि पर सुव्यवस्थित दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कल देर शाम यहां बच्चों में कुपोषण के प्रबंधन के लिए नए मानकीकृत प्रोटोकॉल के शुभारंभ पर राष्ट्रीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड महामारी में लॉकडाउन के दौरान तैयार और बनाया गया पोषण ट्रैकर एप्लिकेशन जारी होने के तीन महीने के भीतर 13 लाख से अधिक आंगनवाड़ी केंद्रों के साथ परिवर्तनकारी के रूप में उभरा है।


उन्होंने कहा कि राज्यों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, मंत्रालय ने शौचालयों के निर्माण की लागत को रुपये से बढ़ाने का प्रावधान किया है। सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के मौजूदा 5जी सक्षम मोबाइल फोन में अपग्रेड करने के लिए भी प्रावधान किए गए हैं, जिसके लिए लागत मानदंडों को उपयुक्त रूप से संशोधित किया गया है। इसके अलावा हर चार साल में मोबाइल फोन बदलने की नीति बनाई गई है।

## न्यायमूर्ति एम वी मुरलीधरन को कोलकाता उच्च न्यायालय स्थानांतरित करने की सिफारिश

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने बुधवार को मणिपुर उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एम वी मुरलीधरन को कोलकाता उच्च न्यायालय स्थानांतरित करने की सिफारिश की। शीर्ष न्यायालय कॉलेजियम की ओर से एक बयान जारी करके यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक, कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति मुरलीधरन की अपने मूल उच्च न्यायालय में वापस भेजने का उनका अनुरोध अस्वीकार करते हुए उन्हें कोलकाता उच्च न्यायालय स्थानांतरित करने की सिफारिश करने का फैसला किया। शीर्ष अदालत की कॉलेजियम ने 11 अक्टूबर के अपने बयान में कहा कि कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति मुरलीधरन के अनुरोध को विचार करने योग्य नहीं मानते हुए उन्हें कलकत्ता उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने के लिए नौ अक्टूबर 2023 की अपनी सिफारिश को दोहराने का संकल्प लिया है।

## 81वें जन्मदिन पर महानायक अमिताभ बच्चन को दी बधाई और की दीर्घायु की अनंत मंगलकामनाएं

अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ, नई दिल्ली के राष्ट्रीय महासचिव दयानंद वत्स भारतीय ने महानायक अमिताभ बच्चन को ट्वीट करके आज उन्हें उनके 81वें जन्मदिन पर अपनी और से बधाई दी और उनकी दीर्घायु की ईश्वर से मंगलकामना की। अपने संबोधन में वत्स ने कहा कि सात हिंदुस्तानी से अपने अभिनय केरियर की शुरुआत करने वाले अमिताभ बच्चन ने अपने जीवन में संघर्षों के उतार चढाव के बावजूद शौहरत की जिन बुलंदियों को छुआ है वह काबिले तारीफ है। सैंकड़ों फिल्मों में अपने अभिनय का जौहर दिखाने वाले बिग बी ने छोटे पर्दे पर भी केबीसी के जरिये देश विदेश में खूब लोकप्रियता पाई। एक सफल अभिनेता के रुप में दादा साहब फालके अवार्ड से नवाजे जाने तक अमित जी अनेकों राष्ट्रीय फिल्म



पुरस्कारों से भी सम्मानित किए गये हैं। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर अवार्ड भी उन्हें अमर अकबर एंथोनी, डान, हम, ब्लैक, पा के लिए मिला। प्रकाश मेहरा के साथ जंजीर, मनमोहन देसाई के साथ अमर अकबर एंथोनी, ॠषिकेश मुखर्जी के साथ आनंद, यश चोपड़ा की दीवार, रमेश सिप्पी की शोले में उन्होने अपने किरदार को एऐसा जिया कि करोड़ों दर्शकों के दिल में जगह बना ली। उनकी हालिया रिलीज बदला, कुछ समय पहले पिंक, ब्लैक, बागबान, नमकहराम, मोहब्बतें में उनकी उपस्थिति ही फिल्म की यूएसपी बनी। अभिनेता, लोकसभा सांसद, निर्माता, टीवी प्रस्तोता, पार्श्व गायक, सामाजिक सरोकारों और जन-जागरूकता से जुडे अमिताभ बच्चन अपनी कडी मेहनत, काम के प्रति समर्पण से इतनी उंचाईयों तक पहुंचे हैं।

अमित जी ने एक सफल अभिनेता, आज्ञाकारी सुपुत्र, आदर्श पिता और बेहतरीन पति के रुप में भी ख्याति अर्जित की है। कोई यूं ही सदी का महानायक नहीं बन जाता है। संघर्षों की आंच में तपकर ही कुंदन बने हैं आज 80 साल के अमिताभ बच्चन। करोडों प्रशंसकों की और से उन्हें जन्मदिन की बधाईयां।

## महंत देवीपाटन मंदिर की अध्यक्षता एवं आयुक्त ,डीआईजी, जिलाधिकारी की उपस्थिति में बैठक संपन्न

### देवीपाटन मेला प्रारंभ होने से पहले तैयारियों को अंतिम रूप दे अधिकारी: आयुक्त

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत

बलरामपुर। 15 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर देवीपाटन मेले के तैयारियो के संबंध में महंत देवीपाटन मंदिर मिथलेश नाथ योगी की अध्यक्षता एवं आयुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र, डीआईजी देवीपाटन मंडल, जिलाधिकारी अरविंद सिंह पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुई।

बैठक में आयुक्त एवं डीआईजी द्वारा मेले में सुरक्षा की दृष्टि तैनात रहने वाले पुलिस बलों को चौकन्ना रहते हुए पूरी मुस्तादी से ड्यूटी किए जाने का निर्देश



दिया गया। उन्होंने कहा कि मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल के अधिकारी संयुक्त रूप से मेले में भ्रमण करेंगे एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहेंगे। मेले में तैनात कर्मचारी एवं पुलिस बल की उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने के लिए स्पेशल अधिकारी नियुक्त किए जाएं।

आयुक्त ने मेले में स्नैचिंग पॉकेटमारी आदि की घटनाएं न हो इसके लिए पहले से ही ऐसे अराजक तत्वों को चिन्हित कर लिया जाए एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कर लिया। मेले में ड्रोन कैमरा से निगरानी की जाए। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ पुलिस बल एवं अन्य विभागों के कर्मचारियों द्वारा अच्छा व्यवहार किया जाए जिससे कि उनके मन में प्रशासन के प्रति अच्छा संदेश पहुंचे। उन्होंने उन्होंने मेला परिसर से 10 किलोमीटर के एरिया में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने का निर्देश दिया जिससे कि आने जाने वालों की पहचान की जा सके।

आयुक्त ने मेला क्षेत्र में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था एवं साफ सफाई की समुचित व्यवस्था का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए समुचित चिकित्सीय व्यवस्था का प्रबंध किया जाना सुनिश्चित किया जाए। पेयजल के लिए प्याऊ की व्यवस्था श्रद्धालुओं के रुकने के लिए रैन बसेरा की क्षमता बढ़ाए जाने एवं सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया।

## मानवाधिकार आयोग के 30वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे कोविंद

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी) के 30वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राजधानी में गुरुवार को आयोजित समारोह में पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द मुख्य अतिथि होंगे। यह जानकारी आयोग की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी गयी है। कार्यक्रम में एनएचआरसी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा, सदस्य, डॉ ज्ञानेश्वर एम मुले, राजीव जैन और महासचिव भरत लाल भी शामिल होंगे। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार उसने अपनी 30 वर्षों की यात्रा के दौरान अब तक 22 लाख से अधिक मामलों का निपटान किया है और मानव अधिकार उल्लंघन के पीड़ितों को 230 करोड़ रुपये से अधिक की मौद्रिक राहत के भुगतान की सिफारिशें की हैं। इसके अलावा आयोग ने बड़ी संख्या में बिधेयरों और कानूनों, घोषणा-पत्रों एवं संधियों और अनुसंधान परियोजनाओं पर समीक्षा 28 परामर्श तथा बड़ी संख्या में रिपोर्ट जारी की हैं। आयोग द्वारा जारी 28 परामर्शियों में भोजन का अधिकार, स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य का अधिकार, अनौपचारिक श्रमिकों के अधिकार, मृतकों की गरिमा को कायम रखना, ट्रक ड्राइवरों के अधिकार, पर्यावरण प्रदूषण और क्षरण, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए परामर्शी, कैदियों द्वारा जानबूझकर खुद को नुकसान पहुंचाने और आत्महत्या के प्रयासों को रोकने/कम करने के लिए परामर्शी तथा नेत्र संबंधी आघात को रोकने और कम करने जैसे विषयोंके लिए परामर्श आदि शामिल हैं। आयोग ने पिछले एक वर्ष में 89,000 से अधिक मामलों का निपटान किया है मानव अधिकार उल्लंघन के पीड़ितों को 16 करोड़ रुपये से अधिक की मौद्रिक राहत के भुगतान की सिफारिश की है। इस अवधि के दौरान आयोग ने स्वत- संज्ञान लेते हुए 123 मामले भी पंजीकृत किये हैं।

## योगी सरकार ने नगरीय निकायों में 'स्वच्छता जनादेश सर्वेक्षण-2023' अभियान का किया शुभारंभ

### 11 से 22 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में चलेगा स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान

लखनऊ। योगी सरकार ने स्वच्छता के लिए विगत डेढ़ वर्षों में अनेक अभियान चलाए हैं। सफाई के लिए अभी 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता सेवा पखवाड़ा चलाया गया। इसी क्रम में अब योगी सरकार ने 11 से 22 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी नगर निगमों, नगर पालिका और नगर पंचायतों में 'स्वच्छता जनादेश सर्वेक्षण- 2023' अभियान का शुभारंभ किया है। अभियान के दौरान सभी निकायों के पार्षद अपने वार्ड में स्वच्छता से संबंधित 20 सवालों का जवाब देने के साथ ही अपने सुझाव भी देंगे।

प्रदेश के सभी निकायों में 10 दिन चलने वाले इस स्वच्छता जनादेश सर्वेक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के नगरीय निकायों से करीब 14 हजार पार्षद हिस्सा लेंगे। ये पार्षद उनके वार्ड में स्वच्छता को लेकर किए जा रहे कार्यों, स्वच्छता की स्थिति और विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रमों के विषय में अपना सुझाव डिजिटली प्रदान करेंगे। इसके लिए नगर विकास विभाग की ओर से एक क्यूआर कोड जेनरेट किया गया है, जिसे स्कैन करके पार्षद वेबपेज पर 20 बिंदुओं पर जानकारी देकर अपने वार्ड के विषय में अवगत कराएंगे। साथ ही सभी पार्षद दी गई जानकारी के साथ अपने वार्ड की स्वच्छता के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी देंगे। वार्डों में स्वच्छता अभियान को और प्रभावी व सफल बनाने के संबंध में उनसे सुझाव भी लिए जाएंगे।

पार्षदों को जिन 20 सवालों पर अपने सुझाव देना है, उनमें उनके जिले, नगर निकाय, वार्ड, वार्ड संख्या जैसे सामान्य सवालों के साथ स्वच्छता से संबंधित सवाल भी है। इसमें वार्ड में कूड़ा गाड़ी के संचालन, गीला और सूखा कूड़ा अलग अलग करने, वार्ड में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन होना , वार्ड में प्रतिदिन कूड़े वाली गाड़ी का आना जैसे सवाल होंगे।

## देश प्रथम के संकल्प से दुनिया की महा ताकत बनेगा भारत : सीएम योगी

### विश्वप्रसिद्ध धार्मिक पत्रिका कल्याण के आदि संपादक पोद्दार की 131वीं जयंती पर सीएम ने दी श्रद्धांजलि

गोरखपुर, 11 अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यदि हर भारतीय अपने कार्यक्षेत्र में देश प्रथम का संकल्प लेकर कार्य करे तो भारत आजादी के शताब्दी वर्ष तक दुनिया की महाताकत बनकर रहेगा। हर व्यक्ति की प्राथमिकता पहले देश, फिर धर्म, समाज व अंत में परिवार होनी चाहिए। यही प्राथमिकता व संकल्प हनुमान प्रसाद पोद्दार भाई जी का भी था।

सीएम योगी बुधवार शाम गीता वाटिका में विश्व प्रसिद्ध धार्मिक पत्रिका कल्याण के आदि संपादक हनुमान प्रसाद पोद्दार भाई जी की 131वीं जयंती पर संगोष्ठी के रूप में आयोजित श्रद्धा अर्चन कार्यक्रम में अपने भावों को शब्द रूप में व्यक्त कर रहे थे। भाई जी हनुमान प्रसाद जी पोद्दार- जीवन एवं अवदान विषयक संगोष्ठी में मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि भाई जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन भारत एवं भारतीयता, भक्ति, वैराग्य और आध्यात्मिक शक्ति के उत्थान में लगाया। गीता प्रेस के संस्थापक जयदयाल गोयनका के सानिध्य में रहकर उन्होंने साहित्य साधना के द्वारा भारत की अभिनंदनीय आध्यात्मिक सेवा की। उनके द्वारा प्रकाशित कल्याण पत्रिका भारतीय संस्कृति को मानने वाले सभी लोगो के मन में बसा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाई जी ने कल्याण पत्रिका के द्वारा भारत की आध्यात्मिक, साहित्य और वैदिक साहित्य का समावेश कर, समाज और परिवार के अनुकूल बनाकर आम जन तक इसे सुलभ एवं सहज बनाया। गीता वाटिका के महान संत राधा बाबा के सानिध्य में रहकर भारतीय अध्यात्म एवं वैदिक साहित्य को घर घर तक पहुंचाया। सीएम ने कहा कि भाई जी आध्यात्मिक सेवक के साथ स्वतंत्रता सेनानी तथा आपदा में सहयोग के लिए अग्रणी रहने वाले भी थे। एक व्यक्ति में इतनी सारी योग्यता थी यह आश्चर्य की बात थी। देश की आजादी के लिए क्रांतिकारी गतिविधियों में सक्रिय रहकर उन्होंने युवाओं में आध्यात्मिक शक्ति को जगाने का कार्य किया। सम्पूर्ण भारतीयों के कल्याण एवं भारतीयता के हित में जो भी हो सकता था उन्होंने किया। आजादी की लड़ाई में वह जेल भेजे गए, उन्हें नजरबंद किया गया, कल्याण पत्रिका को जब्त कर लिया गया लेकिन भाई जी बेपरवाह अपने ध्येय में लगे रहे। उन्होंने आजादी के आंदोलन में भक्ति की शक्ति की आधारशिला तैयार की।

#### सबके कल्याण की बात करता है सनातन धर्म

सीएम योगी ने कहा कि सनातन धर्म सबके व चराचर जगत के कल्याण की बात करता है। सनातन धर्म में हर जाति को संरक्षण प्राप्त है। इसने कभी किसी जाति का विरोध नहीं किया।

#### सनातन पर हो रहे प्रहार को लेकर रहें चौकन्ना

मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन धर्म पर हो रहे प्रहार को लेकर चौकन्ना होना होगा। इस पर प्रहार करने वाले वे लोग हैं जिन्हें भारत का विकास अच्छा नहीं लगता, जिन्हें देश की आध्यात्मिक और भौतिक प्रगति स्वीकार नहीं होती। ऐसे लोगों को पहचानना होगा नहीं तो सनातन को कोसने वालों की तादाद बढ़ती जाएगी।